CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 29°C
न्यूनतम : 23°C

नई दिल्ली, रविवार 10 अगस्त 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 129 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com श्रावण शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 15 सफर 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



भाजपा के संरक्षण में चुनाव आयोग डालता है वोटों की डकैती: अखिलेश यादव पेज 2



रमेश बुदिहाल ने रचा इतिहास, एशियाई सर्फिंग स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय खेल टाइम्स



ट्रम्प ने आर्मेनिया-अजरबैजान की जंग खत्म कराई पेज 11



वॉर-2 के कई सीन्स पर चली सेंसर बोर्ड की कैंची बॉलीवुड

# उत्तराखंड: बादल फटने से हर्षिल में बनी झील

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून/उत्तरकाशी।** उत्तराखंड में पांच अगस्त को बादल फटने के बाद हर्षिल में आई बाढ़ से यहां एक झील बन गई है। वहीं धराली गांव में मलबे में दबे लोगों को खोजने का काम शुरू हो गया है।

भीषण प्राकृतिक आपदा में फंसे कुल 343 लोगों को शनिवार 13.15 बजे तक सुरक्षित रेस्क्यू किया गया है। धराली में मलबे के नीचे रडार से लोगों की तलाश शुरू कर दी गई है, अब तक 1000 टूरिस्ट-श्रद्धालुओं का



- धराली में मलबे के नीचे रडार से लोगों की तलाश शुरू, 1000 टूरिस्ट और श्रद्धालुओं का रेस्क्यू
- त्रासदी में मृतकों के परिजनों और टूटे घरों के मालिकों को 5-5 लाख रुपये की सहायता मिलेगी

रेस्क्यू किया जा चुका है। इसके लिए सेना एडवांस पेनिट्रेटिंग रडार का इस्तेमाल कर रही है। इससे खुदाई किए बगैर ही जमीन में दबे लोगों का पता लगाया जा सकता है। पेनिट्रेटिंग रडार जमीन के नीचे एक हाई फ्रीक्वेंसी रेडियो तरंग भेजता है, जहां यह मिट्टी, पत्थर, धातु और हड्डियों को अलग-अलग रंगों के जरिये बताता है। इसके जरिये जमीन के नीचे 20-30 फीट तक फंसे लोगों या शवों की पहचान की जा सकती है। उत्तरकाशी जिले के धराली में 5 अगस्त को दोपहर 1.45 बजे बादल फट गया था। खीर गंगा नदी में बाढ़ आने से 34 सेकंड में धराली गांव जमींदोज हो गया था। अब तक 5 मौतों की पुष्टि हो चुकी -शेष पृष्ठ दो पर

### धराली में नुकसान का आकलन शुरू, दो-तीन दिन में होगा मुआवज़े का वितरण : धामी

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि धराली क्षेत्र में आपदा प्रभावित लोगों को त्वरित राहत उपलब्ध कराई गई है। प्रभावित परिवारों को राशन, कपड़े एवं आवश्यक सामग्री प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि मकान, ज़मीन, खेती और अन्य नुकसान के मुआवजे का आकलन प्रारंभ हो चुका है और अगले दो से तीन दिनों में मुआवज़े का वितरण भी शुरू हो जाएगा। श्री धामी ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता घाटी में फंसे हुए सभी लोगों को सुरक्षित निकालना है जिसे लगभग पूरा कर लिया गया है। साथ ही घर, खेत-खलिहान, कृषि और अन्य नुकसान का विस्तृत सर्वे जारी है ताकि शेष मुआवज़ा शीघ्र उपलब्ध कराया जा सके।

### आने-जाने का ट्रेन टिकट बुक करने पर 20% डिस्काउंट

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने त्योहारी सीजन के दौरान भीड़-भाड़ को नियंत्रित करने और यात्रियों को बेहतर सुविधा के लिए रियायती राउंड ट्रिप पैकेज योजना शुरू करने की घोषणा की है, जिसके तहत यात्रियों को 20 प्रतिशत की छूट मिलेगी। रेलवे की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस योजना का उद्देश्य त्योहारों के दौरान भीड़-भाड़ को नियंत्रित करना, बुकिंग प्रक्रिया को सरल बनाना और ट्रेनों का कुशल परिचालन सुनिश्चित करना है। यात्री जाने और वापसी यात्रा की बुकिंग एक साथ करने पर इस योजना का लाभ उठा सकेंगे।

### रॉकेट निर्माता स्काईरूट एयरोस्पेस ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने शनिवार को कहा कि निजी रॉकेट निर्माता स्काईरूट एयरोस्पेस ने रॉकेट के प्रथम चरण के मोटर का सफल परीक्षण करने के साथ एक बड़ी उपलब्धि प्राप्त की है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा कि स्काईरूट एयरोस्पेस के विक्रम-1 रॉकेट के पहले चरण कलाम 1200 मोटर का पहला स्थैतिक परीक्षण श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में सफलतापूर्वक पूरा किया गया। इसरो ने कहा कि यह विक्रम-1 प्रक्षेपण यान की प्रणालियों के निर्माण एवं प्राप्ति में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

### भारत छोड़ो आंदोलन के स्वतंत्रता सेनानियों को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को महात्मा गांधी के प्रेरक नेतृत्व में भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लेने वाले सभी वीरों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने इस बात पर ज़ोर दिया कि भारत छोड़ो आंदोलन के वीरों का साहस और बलिदान देशभक्ति और राष्ट्र की स्वतंत्रता के प्रति समर्पण का एक ज्वलंत उदाहरण है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट एक संदेश में कहा कि हम उन सभी वीरों को कृतज्ञता के साथ याद करते हैं जिन्होंने बापू के प्रेरक नेतृत्व में भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लिया। उनके साहस ने देशभक्ति की एक ऐसी चिंगारी जलाई जिसने स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए अनगिनत लोगों को एकजुट किया।

### दिल्ली के अस्पताल में आग लगने से एक शख्स की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा के आनंद विहार इलाके में स्थित कासमास स्पेशलिस्ट अस्पताल में भीषण आग लग गई। इसमें एक शख्स की मौत हो गई है और कई लोग घायल हो गए। आग अस्पताल के ग्राउंड फ्लोर पर लगी। इसके बाद 11 मरीजों को खिड़कियों का शीशा तोड़कर बाहर निकाला गया और नजदीक के पुष्पांजलि अस्पताल में भर्ती कराया गया। फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने बताया कि पूर्वी दिल्ली के आनंद विहार के अस्पताल में दोपहर 12.12 बजे के आसपास आग लगने की सूचना मिली। इसके बाद 8 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया और आग पर काबू पाया।

### रक्षा उत्पादन 1.51 लाख करोड़ रुपये के उच्चतम स्तर पर

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2024-25 में देश का रक्षा उत्पादन बढ़कर 1,50,590 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष के 1.27 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 18 प्रतिशत की अभूतपूर्व वृद्धि दर्शाता है। यह जानकारी रक्षा मंत्रालय की जारी एक विज्ञप्ति में दी गई है। रक्षा उत्पादन का ताजा वार्षिक आंकड़ा 2019-20 के 79,071 करोड़ रुपये की तुलना में 90 प्रतिशत अधिक है।

## ऑपरेशन सिंदूर को लेकर वायुसेना प्रमुख का फिर दावा

# गेम चेंजर साबित हुई एस-400 प्रणाली

बेंगलुरु, वार्ता

**एयर चीफ** मार्शल एपी सिंह ने शनिवार को कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी सेना के पांच लड़ाकू विमान सहित छह विमान मार गिराए और इस सफलता तथा दुश्मन के आक्रमण को रोकने में एस 400 प्रणाली गेम चेंजर साबित हुई।

वायुसेना प्रमुख ने कहा कि चूंकि वे हमारे एयरबेस को निशाना बना रहे थे, हमने पूरे सोच-विचार के बाद निर्णय लिया कि हमें बिना और इंतजार किए जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनके विमानों ने हमारी रक्षा प्रणाली को भेदने के प्रयास किया। हमारे एयर डिफेंस सिस्टम ने बेहतरीन काम किया। हाल में खरीदी गई एस 400 प्रणाली गेम चेंजर साबित हुई। इस प्रणाली की रेंज ने लंबी दूरी के



- कहा- पाकिस्तानी सेना के पांच लड़ाकू सहित छह विमान मार गिराए, सर्विलांस एयरक्राफ्ट को भी तबाह किया

ग्लाइड बम जैसे उनके हथियारों से उनके विमानों को दूर रखा, वे उनका इस्तेमाल नहीं कर सके। श्री सिंह ने बताया कि ऑपरेशन के पहले दिन 6-7 मई की रात हमारी हवाई रक्षा प्रणाली की सक्रियता के बावजूद पाकिस्तान के कुछ लंबी दूरी के हथियार हमारी रक्षा को भेदने में सफल रहे थे और कुछ बम हमारे सैन्य इलाकों के काफी करीब गिरे थे। एक बार भारत ने अपने सतह से हवा में मार करने वाले हथियारों का उपयोग शुरू किया, तो दुश्मन के हमले बेअसर हो गए। उन्होंने -शेष पृष्ठ दो पर

### ऑपरेशन सिंदूर के दौरान प्रमुख आक्रामक हथियार था ब्रह्मोस: डीआरडीओ प्रमुख

**पुणे।** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के प्रमुख समीर कामत ने शनिवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर आत्मनिर्भरता, रणनीतिक दूरदर्शिता और स्वदेशी तकनीकी क्षमता के जरिए अपनी ताकत का उद्घोष था।

कामत पुणे में रक्षा उन्नत तकनीकी संस्थान (डीआईएटी) के 14वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। कामत ने कहा कि पश्चिमी सीमाओं पर बेहद समन्वित और बहुआयामी अभियान केवल सैनिकों की वीरता नहीं दिखाता, बल्कि उस तकनीकी आधार को भी सामने लाता है, जो उनकी मदद कर रहा था। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर केवल एक मिशन नहीं था। यह भारत की आत्मनिर्भरता, रणनीतिक सोच और स्वदेशी तकनीक की ताकत का ऐलान था। यह दुनिया को यह बताने के लिए था कि भारत अपनी सीमाओं की रक्षा अपने ही उपकरणों और तकनीक से कर सकता है।

# मां और सौतेली मां में अंतर गलत: सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना के सौतेली मां को पेंशन लाभ देने से इन्कार करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पेंशन योजनाओं में 'मां' और 'जैविक मां' में अंतर नहीं किया जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि हर मामले को उसके विशिष्ट तथ्यों के आधार पर देखा जाना चाहिए और यह तय किया जाना चाहिए कि बच्चे के जीवन में मां की भूमिका वास्तव में किसने निभाई। मामले की सुनवाई जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस उज्जल भुइयां और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह



- कोर्ट ने कहा- पेंशन योजनाओं में 'मां' और 'जैविक मां' में अंतर नहीं किया जाना चाहिए

ने की। जस्टिस भुइयां ने कहा कि पेंशन मामले में मां का जैविक मां होना जरूरी नहीं है। साल 2010 में वायुसेना ने अपीलकर्ता का विशेष पारिवारिक पेंशन का दावा खारिज किया था। मामले की अगली सुनवाई 18 सितम्बर को होगी।

### एयर इंडिया सिक्योरिटी ऑडिट मांग वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एयर इंडिया की सुरक्षा और रखरखाव मानकों की स्वतंत्र जांच की मांग वाली जनहित याचिका को खारिज कर दिया। इसमें याचिकाकर्ता नरेंद्र कुमार गोस्वामी ने सुप्रीम कोर्ट के रिटायर जज की अध्यक्षता में कमेटी बनाने और आईसीएओ से मान्यता प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय एजेंसी से एयर इंडिया की फ्लीट का ऑडिट कराने की मांग की गई थी।

## दिल्ली में तेज बारिश, दीवार गिरने से आठ की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार रात से तेज बारिश जारी है। दिल्ली के जैतपुर थाना इलाके में शनिवार दोपहर घर की दीवार गिरने से 8 लोगों की दबकर मौत हो गई।

पुलिस के मुताबिक हादसे में कई लोग घायल भी हुए हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। वहीं, तेज बारिश के चलते 100 से ज्यादा फ्लाइट्स देरी से उड़ान भर रही हैं। कई इलाकों में पानी भर गया है। ऐसे में ट्रैफिक

- बारिश के चलते 100 फ्लाइट्स लेट, कुल्लू में बादल फटा

जाम की स्थिति बन रही है। मौसम विभाग ने शनिवार को दिनभर के लिए मौसम का रेड अलर्ट जारी किया है। इधर, हिमाचल प्रदेश के कुल्लू के शरोद नाले में बादल फटा है। गनीमत रही कि घटना में किसी को चोट नहीं आई।

## कुलगाम मुठभेड़: दो जवान शहीद, दो घायल

श्रीनगर, वार्ता

**जम्मू-कश्मीर** के कुलगाम जिले में मुठभेड़ में दो जवान शहीद हो गए और अन्य दो घायल हुए हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मुठभेड़ शनिवार को नौवें दिन भी जारी है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार रात अखल वन क्षेत्र में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच हुई भीषण गोलीबारी में चार जवान



घायल हो गए, जिनमें से दो जवानों ने दम तोड़ दिया। एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि घायल जवानों को सेना के श्रीनगर 92 बेस अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान दो जवानों की मृत्यु हो गई। सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने दोनों जवानों की पहचान लांस नायक प्रीतपाल सिंह और सिपाही हरमिंदर सिंह के रूप में की है। चिनार कोर ने कहा कि चिनार कोर लांस नायक प्रीतपाल सिंह और जवान हरमिंदर सिंह के सर्वोच्च बलिदान का सम्मान करती है। उनका साहस और समर्पण हमें सदैव प्रेरित करता रहेगा। भारतीय सेना गहरी संवेदना व्यक्त करती है और शोक संतप्त परिवारों के साथ एकजुटता से खड़ी है।

# राहुल गांधी के समर्थन में उतरे पूर्व सीईसी रावत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** फर्जी मतदाता मामले को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अब पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ओपी रावत का भी समर्थन मिल गया है।

पूर्व सीईसी का मानना है कि चुनाव आयोग को बेंगलुरु में फर्जी मतदाताओं के बारे में राहुल गांधी के आरोपों की जांच करनी चाहिए। इस विवाद के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जब मैं वहां था, हमारी नीति यह थी कि अगर किसी पार्टी का कोई वरिष्ठ पदाधिकारी कोई आरोप लगाता है तो हम स्वत: उसकी जांच करते



- पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ओपी रावत ने कहा: फर्जी मतदाताओं के बारे में शिकायत का इंतजार नहीं, जांच करे चुनाव आयोग

और आम आदमी के सामने तथ्य प्रस्तुत करते ताकि व्यवस्था में विश्वास बना रहे। हमने उनसे (पार्टियों से) पहले शिकायत करने के लिए नहीं कहा। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को आरोप लगाया था कि पिछले साल हुए लोकसभा चुनावों के दौरान बेंगलुरु सेंट्रल संसदीय सीट के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में एक लाख से ज्यादा फ़र्ज़ी मतदाता थे। उन्होंने कहा कि कम से कम एक ऐसा मतदाता, दो मतदान केंद्रों पर पंजीकृत था और उसने दोनों जगहों पर मतदान किया। कांग्रेस नेता ने मतदाता सूची के कुछ हिस्सों की स्लाइड्स दिखाते हुए कथित तौर पर बताया था कि एक ही मतदाता का कई बार पंजीकरण हुआ है, पते गलत हैं। एक कमरे वाले मकान में 80 लोगों का पंजीकरण हुआ है और महादेवपुरा के मतदाता दूसरे राज्यों में भी पंजीकृत हैं। इस विवाद के बारे एक अंग्रेजी अखबार से बातचीत में रावत ने कहा कि जब मैं वहां था, तो हमारी नीति यह थी कि अगर किसी पार्टी का कोई वरिष्ठ पदाधिकारी कोई आरोप लगाता है, तो हम स्वत: उसकी जांच करते और आम आदमी के सामने तथ्य पेश करते ताकि व्यवस्था में विश्वास बना रहे। हमने पार्टियों से पहले शिकायत करने के लिए नहीं कहा। चुनाव आयोग -शेष पृष्ठ दो पर

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

मिरगी के लक्षण
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-आँ-आँ की आवाज आना

अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला आईएएस ने होटल कारोबारी पर दर्ज कराई शिकायत

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में तैनात एक महिला आईएएस अधिकारी ने थाने पहुंचकर होटल कारोबारी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में आईएएस अधिकारी ने होटल कारोबारी के खिलाफ अपमानित करने व मानसिक प्रताड़ना का गंभीर आरोप लगाया है। शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवा कांग्रेस ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस

**नई दिल्ली।** युवा कांग्रेस ने शनिवार को धूमधाम से अपना 65वां स्थापना दिवस मनाया और इस मौके पर देशभर में ध्वजारोहण कर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता वरुण पांडे ने बताया कि संगठन के स्थापना दिवस पर युवा कांग्रेस ने देश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें बड़ी संख्या में संगठन के कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। मुख्य कार्यक्रम यहां राष्ट्रीय कार्यालय पर आयोजित किया गया, जिसमें युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने ध्वजारोहण किया।

### पीएम ने छात्राओं से बंधवाई राखी

**नई दिल्ली।** त्योहार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने आवास पर स्कूली छात्राओं से राखी बंधवाई। इस दौरान बच्चे तरह-तरह की राखी लेकर पहुंचे थे। पीएम ने बड़ी ही आत्मीयता के साथ सभी छात्राओं का स्वागत किया और उनके साथ समय बिताया। पीएम ने बच्चों के साथ बात की और और उन्हें प्यार भी किया। बच्चे भी इस दौरान काफी उत्साहित नजर आए। उन्होंने पीएम को कविताएं भी सुनाईं।

### सरकार से सवाल: क्यों रोका गया ऑपरेशन सिंदूर

# वायुसेना प्रमुख के बयान को कांग्रेस ने बनाया मुद्दा

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने कहा है कि वायु सेना प्रमुख का नया खुलासा और भी चौंकाता है और सवाल उठाता है कि आखिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसके दबाव में ऑपरेशन सिंदूर को रोकने का निर्णय लिया। कांग्रेस ने कहा है कि वायु सेना प्रमुख अमर प्रीत सिंह के खुलासे से साफ है कि पाकिस्तान के खिलाफ चल रही सैन्य कार्रवाई के दौरान जब सब कुछ ठीक चल रहा था, तो प्रधानमंत्री को बताना चाहिए कि आखिर किसके दबाव में और अचानक ऑपरेशन सिंदूर रोका गया।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि एयर चीफ मार्शल



**एयर चीफ मार्शल के खुलासे के बाद बोला हमला**

अमर प्रीत सिंह द्वारा शनिवार को किए गए नए खुलासे के बाद, यह सब और भी अधिक चौंकाने वाला है कि प्रधानमंत्री ने 10 मई की शाम को अचानक ऑपरेशन सिंदूर क्यों रोक दिया। प्रधानमंत्री पर दबाव कहाँ से आया और उन्हें इतना जल्दी क्यों झुकना पड़ा। गौरतलब है कि वायु सेना प्रमुख ने शनिवार को बेगलुरु में कहा कि भारतीय वायु सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के पांच लड़ाकू विमानों और एक अन्य विमान को मार गिराया था। सिंह के इसी दावे पर कांग्रेस ने प्रधानमंत्री को घेरते हुए उनसे सवाल किए हैं।

### चुनाव आयोग पर चर्चा से क्यों डर रही सरकार: मणिक्कम

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि चुनाव आयोग को लेकर पहले कई बार संसद में चर्चा हुई है, लेकिन यह पहला मौका है, जब सरकार संसद में आयोग की भूमिका को लेकर चर्चा कराने से डर रही है।

लोकसभा में कांग्रेस के मणिक्कम टैगोर ने संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू को संबोधित कर सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि चुनाव आयोग पर संसद में एक बार नहीं कई बार चर्चा हुई है। पिछले 60-65 साल से चुनाव आयोग में सुधार को लेकर बराबर चर्चा चल रही है। श्री रिजिजू को संबोधित अपनी पोस्ट में कांग्रेस नेता ने कहा कि संसदीय कार्यमंत्री जी आप संसद में चुनाव आयोग के कामकाज पर चर्चा की अनुमति देने से क्यों डर रहे हैं। यह कोई नई बात नहीं है, संसद ने दशकों में कई बार चुनाव आयोग के आचरण और चुनाव सुधारों पर चर्चा की है। लोकसभा में बार बार सांसदों ने आयोग को लेकर सवाल उठाए हैं। यहां तक कि 1993 में चुनाव स्थगित करने जैसे मुख्य चुनाव आयुक्त के प्रभावशाली फैसलों पर भी संसद के दोनों सदनों में खुलकर चर्चा हुई थी। टैगोर ने चुनाव आयोग को लेकर संसद में पहले हुई चर्चाओं का विवरण देते हुए कहा कि राज्यसभा में चुनाव आयोग और चुनाव सुधारों पर बहस 1957 से हो रही है। संसद में चुनाव आयोग को लेकर जो प्रमुख चर्चाएं हुई हैं, उनमें चुनाव नियमों को रद्द करना, चुनावों का पुनर्निर्धारण और स्थगन, साल 1970, 1981, 1986, 1991, 2015 में चुनाव सुधारों पर चर्चा, चुनाव में धनबल के प्रयोग और कानूनों में संशोधनों को लेकर हुई चर्चाएं शामिल हैं। सांसदों ने लोकसभा में इन मुद्दों को बार-बार उठाया है।

# भाजपा के संरक्षण में चुनाव आयोग डालता है डकैती

**इटावा।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि भाजपा सरकार के संरक्षण में चुनाव आयोग वोटो की डकैती डालने में जुटा हुआ है।

अपने गृह जिले इटावा में रक्षाबंधन ने अवसर पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा सरकार और चुनाव आयोग मिल कर वोटों की लूट करने में जुटे हुए है। भाजपा के इशारे पर चुनाव आयोग ने वोटो की डकैती की थी और वोटो का अपहरण किया था। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने अयोध्या और कुंदरकी के चुनाव में तय किया कि कौन वोट डालेगा और कौन नहीं। भाजपा के इशारे पर सपा के वोट काटे गए, सपा के पास वीडियो है जिसमें एक एक



**पत्रकारवार्ता में बोले अखिलेश यादव**

आदमी ने छह छह वोट डाले, जबकि हमें लगता था कि चुनाव आयोग न्याय करेगा। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग पर वोटों की चोरी का मामला उठाने वाले सवालों पर अखिलेश यादव ने कहा कि हमेशा चुनाव में यह चिंता रही है कि चुनाव आयोग न्याय करेगा कि नहीं। सबसे बड़ा उदाहरण यूपी के उपचुनाव में देखने को मिला।

# मुजफ्फरनगर, सहारनपुर समेत यूपी के 30 जिलों में आज झमाझम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मानसूनी बारिश का सिलसिले के बीच मौसम विभाग ने कल रविवार को प्रदेश के 30 से ज्यादा जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इन जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है, जिसका मतलब है कि इन इलाकों में गरज-चमक के साथ तेज बारिश हो सकती है।

बारिश का यह दौर खासतौर पर मध्य और पश्चिमी यूपी के जिलों को प्रभावित करेगा। लोगों को सलाह दी गई है कि वे खराब मौसम के दौरान सतर्क रहें, सुरक्षित जगहों पर रहें और बिजली गिरने की घटनाओं से बचने के लिए एहतियात बरतें। बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, लखीमपुर खीरी, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं, महोबा और ललितपुर में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। जबकि बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, लखीमपुर खीरी, हरदोई, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं, महोबा और ललितपुर में बादलों की गर्जना के बीच बिजली गिरने की चेतावनी जारी की गई है।

### यूपी में मानसून शुरू होने के बाद अब तक 10 फीसदी अधिक बारिश

**लखनऊ।** मौसम विभाग के अनुसार उत्तर प्रदेश में मानसून की शुरुआत के बाद से 10 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई है। एक जून से आठ अगस्त तक उत्तर प्रदेश में 10 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई। विभाग के अनुसार राज्य में अब तक सामान्य 416.4 मिमी बारिश के मुकाबले 457.2 मिमी बारिश हुई है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में सामान्य 443.7 मिमी बारिश के मुकाबले 427.6 मिमी बारिश हुई, जो सामान्य से चार फीसदी कम है।

# चुनाव आयोग ने 334 पंजीकृत दलों के नाम काटे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- कोई दल लगातार छह वर्ष तक चुनाव नहीं लड़ता है, तो उसे पंजीकृत दल की सूची से हटा दिया जाता है
- बिहार में मतदाता सूची के मसौदे पर राजनीति दलों की ओर से एक भी दावा-आपत्ति नहीं: चुनाव आयोग

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोगआयोग ने शनिवार को कहा कि चुनाव प्रणाली को स्वच्छ बनाने के क्रम में उसने पंजीकृत एवं गैर- मान्यता प्राप्त (आरयूपीपी) राजनीतिक दलों की सूची से 334 दलों के नाम हटा दिए हैं।

आयोग की एक विज्ञप्ति के अनुसार यह कार्रवाई बाकायदा जांच पड़ताल के बाद की गई है। फिर भी ये दल चाहें तो 30 दिन के अंदर आयोग के समक्ष अपील दायर कर सकते हैं। विज्ञप्ति के अनुसार लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29ए के प्रावधानों के अनुसार देश में इस समय छह राष्ट्रीय, 67 राज्यस्तरीय और 2854 पंजीकृत एवं गैरमान्यता प्राप्त राजनीतिक दल हैं। आम आदमी पार्टी (आप), बहुजन समाज पार्टी (बसपा), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्ससिस्ट), इंडियन नेशनल कांग्रेस और नेशनल पीपुल्स पार्टी को राष्ट्रीय दल के रूप में मान्यता है। नियमत: यदि कोई दल लगातार छह वर्ष तक चुनाव नहीं लड़ता है, तो उसे पंजीकृत दल की सूची से हटा दिया जाता है। पंजीकृत दलों को समय समय पर अनिवार्य रूप से अपने बारे में कुछ विवरण भी देने होते हैं। आयोग ने कहा है कि उपरोक्त नियमों-निर्देशों के अनुपालन के संबंध में उसने जून, 2025 में राज्यों तथा केंद्र शासित क्षेत्रों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों से 345 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त दलों की जांच करने को कहा था। जांच के दौरान इन दलों को नोटिस जारी किए गए थे और बात रखने का मौका भी दिया गया था। मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की रिपोर्ट में पाया गया था कि उनमें से 334 दल पंजीकरण शर्तों का पालन नहीं कर रहे हैं। शेष मामलों को पुन: सत्यापन के लिए अधिका. रियों को वापस भेजा गया है। आयोग ने सभी तथ्यों और मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की सिफारिशों पर गौर कर 334 आरयूपीपी को पंजीकृत दलों की सूची से हटा दिया है। इस तरह अब सूची में कुल 2854 आरयूपीपी में से 2520 शेष बचे हैं। निकाले गए दल 30 दिन के भीतर आयोग के समक्ष अपील कर सकते हैं। दूसरी ओर चुनाव आयोग ने कहा कि बिहार में मतदाता सूची के मसौदे को लेकर किसी भी राजनीतिक दल ने अब तक एक भी दावा या आपत्ति नहीं की है। मसौदा सूची पहली अगस्त को अपराह्न तीन बजे जारी की गई थी।



**सेंसेक्स** 80710.25
**निफ्टी** 24649.55



**सोना रु.** 102710
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 117100
प्रति किलो



# छह माह में संचार साथी एप 50 लाख बार डाउनलोड

**नई दिल्ली, वार्ता**

दूरसंचार सुरक्षा बढ़ाने और आम लोगों को सशक्त करने के उद्देश्य से इस साल जनवरी में जारी 'संचार साथी' ऐप को 50 लाख से अधिक बार डाउनलोड किया जा चुका है। दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने देश की व्यापक भाषाई और क्षेत्रीय विविधता को ध्यान में रखते हुए अंग्रेजी, हिंदी और 21 क्षेत्रीय भाषाओं को सपोर्ट करके ऐप की पहुंच का विस्तार किया है।

इस ऐप ने धोखाधड़ी वाले कॉल और संदेशों की रिपोर्टिंग को और भी आसान बना दिया है। अब यूजर कुछ ही टैप में सीधे अपने कॉल और एसएमएस लॉग से रिपोर्ट दर्ज कर सकते हैं। संचार मंत्रालय की शनिवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि संचार साथी पहल के तहत 5.35 लाख से ज्यादा खोए या चोरी हुए मोबाइल हैंडसेट वापस मिल चुके हैं। आम लोगों की रिपोर्ट के आधार पर एक करोड़ से ज्यादा अनधिकृत मोबाइल कनेक्शन काटे गए हैं और 'चक्षु'




**हिन्दी, अंग्रेजी समेत 21 क्षेत्रीय भाषाओं में पहुंच का विस्तार**

सुविधा के जरिए चिह्नित 29 लाख से ज्यादा मोबाइल नंबरों को निष्क्रिय किया गया है। संचार साथी पोर्टल पर 16.7 करोड़ से ज्यादा लोग विजिट कर चुके हैं, जो इस नागरिक-केंद्रित डिजिटल प्लेटफॉर्म में जनता के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। दूरसंचार विभाग ने वित्तीय धोखाधड़ी जोखिम संकेतक (एफआरआई) भी लागू किया है, जो वित्तीय धोखाधड़ी जोखिम से जुड़े मोबाइल नंबरों का आकलन और वर्गीकरण करता है। यह उपकरण बैंकों, एनबीएफसी और यूपीआई सेवा प्रदाताओं को उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए सक्रिय कदम उठाने में सक्षम बनाता है। परिणामस्वरूप, 34 वित्तीय संस्थानों ने एफआरआई रेटिंग के आधार पर 10.02 लाख बैंक खातों/ भुगतान वॉलेट को फ्रीज कर दिया है और 3.05 लाख खातों में लेन-देन पर प्रतिबंध लगा दिए हैं। 16 मई 2023 को लॉन्च किए गए पोर्टल की सफलता को आगे बढ़ाते हुए विभाग ने 17 जनवरी 2025 को संचार साथी मोबाइल ऐप लॉन्च किया था, जो उपयोगकर्ताओं को दूरसंचार सुरक्षा सेवाओं तक सीधी और सुविधाजनक पहुंच प्रदान करता है। एंड्रॉइड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध यह ऐप उपयोगकर्ताओं को अपनी दूरसंचार पहचान की सुरक्षा करने और संभावित धोखाधड़ी के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने में सक्षम बनाता है। संचार साथी मोबाइल ऐप की मदद से संदिग्ध धोखाधड़ी संचार की रिपोर्ट की जा सकती है।

### रक्षाबंधन पर सोने-चांदी के दाम में रहा उछाल

**नई दिल्ली।** शनिवार को देशभर में रक्षाबंधन के त्योहार पर सोने चांदी की कीमतों में उछाल दर्ज किया गया है। आज सर्राफा बाजार में 24 कैरेट के भाव में उछाल दर्ज किया गया है। वहीं चांदी की कीमतों में भी उछाल आया है। शनिवार को 24 कैरेट सोने का भाव 1,02,710 प्रति दस ग्राम है । आज चांदी की कीमत भी 1,17,100 रुपये प्रति किलोग्राम रही।

देश के प्रमुख शहरों दिल्ली में आज 24 कैरेट सोने का भाव 10,347 प्रति ग्राम है। जबकि चंडीगढ़ में 24 कैरेट सोने का भाव 10347 रुपये प्रति ग्राम है और 22 कैरेट सोने का भाव 9486 रुपये प्रति ग्राम है। हैदराबाद में 24 कैरेट सोने का भाव 10332 रुपये प्रति ग्राम है और 22 कैरेट सोने का भाव 9471 हजार रुपये प्रति ग्राम है। जयपुर में 24 कैरेट सोने के भाव की कीमत आज के दिन 10347 रुपये प्रति ग्राम है और 22 कैरेट सोने का भाव 9486 रुपये प्रति ग्राम है। लखनऊ में 24 कैरेट सोने का भाव 10347 रुपये प्रति ग्राम है और 22 कैरेट सोने का भाव 9486 हजार रुपये प्रति ग्राम है।रक्षाबंधन से पहले सोने चांदी की कीमतों में उछाल दर्ज किया गया है। आज सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोने के भाव में उछाल दर्ज किया गया है।

# चावल सस्ता, गेहूं और चीनी महंगी, दालों में रही घटबढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिस बाजारों में शनिवार को चावल के दाम घट गए जबकि गेहूं महंगा हो गया। दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। चीनी की कीमत बढ़ गई। चावल की औसत कीमत करीब नौ रुपए की नरमी के साथ 3,802.20 रुपए प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं 10 रुपए महंगा हुआ और 2,849.23 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा भी लगभग 22 रुपए की मजबूती के साथ 3,317.21 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। सरसों तेल औसतन 177 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मूंगफली तेल में 102 रुपए की गिरावट रही। वनस्पति 14 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया। पाम ऑयल 35 रुपए प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। सूरजमुखी तेल का भाव 61 रुपए और सोया तेल का 104 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गया। दाल-दलहनों में मसूर दाल की औसत कीमत पांच रुपए प्रति क्विंटल टूट गई। चना दाल 15 रुपए और तुअर दाल करीब 99 रुपए प्रति क्विंटल लुढ़क गई। उड़द दाल में 44 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट रही। वहीं दाल मूंग आठ रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। गुड़-चीनी: बाजार में गुड़ के औसत भाव 60 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी 31 रुपए प्रति क्विंटल से अधिक महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे : दाल-दलहन: दाल चना 7958.30 रुपए, मसूर काली 8140. 35 रुपए, मूंग दाल 10142.08 रुपए, उड़द दाल 10464.55 रुपए, अरहर दाल 10839.22 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2849.23 रुपए और चावल 3802.20 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4327. 81 रुपए और गुड़ 4992.58 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उत्तराखंड:..**

है। 100 से 150 लोग लापता हैं, वे मलबे में दबे हो सकते हैं। उत्तराखंड के स्वास्थ्य सचिव आर. राजेश कुमार ने बताया कि उन्होंने धराली में घटनास्थल का दौरा किया है और स्वास्थ्य विभाग ने वहां कैंप लगाए हैं। वे उत्तरकाशी जिला अस्पताल भी जाएंगे, जहां कुछ मरीज भर्ती हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और भारतीय सेना की टीमें मिलकर काम कर रही हैं। धराली में 7 से 9 डाक्टर मरीजों का इलाज कर रहे हैं। 28 एंबुलेंस और बैकअप एंबुलेंस तैनात हैं। 15 में से 4 मरीजों को छुट्टी दे दी गई है। ज्यादातर लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है और राहत-बचाव अभियान अगले 1-2 दिनों में पूरा हो जाएगा। धराली गांव में आपदा से जिनके घर पूरी तरह टूट गए या नष्ट हो गए हैं, उन्हें पुनर्वास या विस्थापन के लिए 5 लाख रुपये की मदद दी जाएगी। इसके अलावा, आपदा में जिनकी मौत हुई है, उनके परिवारों को भी 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। शनिवार दोपहर एक बजे तक कुल 223 लोगों को धराली हर्षिल से आईटीबीपी मातली तथा 107 लोगों को चिन्यालीसौड़ हवाईपट्टी पर पहुंचाया जा चुका है।

**गेम चेंजर...**

कहा कि शुरू में दुश्मन की तरफ से बड़े पैमाने पर मोर्चा बंदी की जा रही थी, लेकिन जब हमारी तरफ से पहली मिसा. इल दागी गई, तो अचानक हमने पाया कि मोर्चा बंदी गायब हो गई। ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान को हुए नुकसान का विवरण देते हुए वायुसेना प्रमुख ने बताया कि भारत ने दुश्मन के कम से कम पांच लड़ाकू विमानों को मार गिराया। इसके अलावा एक और बड़े विमान को भी सफलतापूर्वक निशाना बनाया गया जो संभवत: एलइन्ट (इलेक्ट्रॉनिक इंटेलिजेंस) या एईडब्ल्यूएंडसी (एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल) विमान था, जिसे करीब 300 किमी की दूरी से मार गिराया गया। उन्होंने कहा कि यह जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइल से सबसे लंबी दूरी पर किसी लक्ष्य को निशाना बनाने का वाकया है। उन्होंने बताया कि भारत ने मुरीद और चकलाला में पाकिस्तान के दो कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, छह छोटे-बड़े रडार और लाहौर तथा ओकाला में दो सर्फेस टू एयर गाइडेड वेपन सिस्टम नष्ट कर दिए। सरगोधा और रहीमयार खान एयरबेस पर पाकिस्तान के दो रनवे को भी भारत ने नेस्तनाबूत कर दिया। इसके अलावा तीन हैंगर भी ऑपरेशन सिंदूर में नेस्तनाबूद कर दिए गए। वायुसेना प्रमुख ने बताया कि एक यूएवी हैंगर को तबाह किया गया।

**राहुल गांधी...**

के सूत्रों ने पत्रकारों के साथ अनौपचारिक रूप से एक ख़ास परिवार के सदस्यों की तस्वीर शेयर की, जिनके हाथ में मतदाता पहचान पत्र थे। इस परिवार को राहुल की फर्जी मतदाताओं की सूची में इसलिए शामिल किया गया था, क्योंकि इसके सदस्यों की तस्वीरें उनकी पार्टी को दी गई मतदाता सूची की प्रति में दिखाई नहीं दे रही थीं। एक्स पर एक पोस्ट में आयोग ने राहुल गांधी को चुनौती देते हुए कहा कि वो हर फ़र्ज़ी मतदाता के लिए शपथ लेकर और मतदाता पंजीकरण नियमों के तहत शिकायत दर्ज कराएं या फिर देश से माफ़ी मांगें। कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने भी कांग्रेस से इस विवाद पर अपने ज्ञापन के समर्थन में दस्तावेज़ पेश करने को कहा है।

# चुनाव हारते हैं कांग्रेसी, तो मढ़ने लगते हैं आरोप: बीजेपी

**नई दिल्ली, वार्ता**

राहुल गांधी द्वारा फर्जी वोटरों के लगाए गए आरोपों पर बीजेपी ने कड़ा पलटवार किया है। बीजेपी प्रवक्ता गौरव भाटिया ने राहुल गांधी पर बिना सबूत के चुनाव आयोग पर आरोप लगाने का आरा. ेप लगाया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष होने के बाद भी देश की संवैधानिक संस्था पर इस तरह के आरोप लगा रहे हैं। गौरव भाटिया ने कहा ने कहा कि राहुल गांधी को पूरा देश नेता प्रतिपक्ष कम नेता अपरिपक्व अधिक मानता है। इससे अब ये साफ हो गया है कि अब वो विध्वंसक हो गए हैं।

फर्जी वोटर के मुद्दे पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए गौरव भाटिया ने कहा कि आपको आरोप लगाने का अधिकार है, लेकिन मेरा सवाल ये है कि क्या नेता प्रतिपक्ष संवैधानिक संस्थाओं को धमकी देने लगे हैं? क्या एक नेता प्रतिपक्ष ऐसा कर सकता है, झूठ का कारोबार फैलाने के लिए राहुल गांधी अनर्गल बयान दे रहे हैं।



गैर जिम्मेदार राहुल लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए बयान देते हैं। उन्होंने पूछा कि क्या नेता प्रतिपक्ष संवैधानिक संस्थाओं के खिलाफ जंग छेड़ सकते हैं। भाटिया ने कहा कि ये लोग जब चुनाव हारते हैं, तो कभी ईवीएम, कभी चुनाव आयोग पर आरोप लगाने लगते हैं। ये आरोप लगाते हैं, लेकिन आधिकारिक रूप से शिकायत नहीं दर्ज कराते हैं। जब तथ्यों को लेकर जवाब मांगा जाता है कि शपथ पत्र दीजिए, तो कहते हैं वो मैं नहीं दूंगा। देश में अराजकता, नफरत फैलाना और संवैधानिक संस्थाओं पर बिना किसी तथ्य के आरोप लगाने उनका काम है। बीजेपी ने कहा कि राहुल गांधी की मांग है कि उन्हें रीडेबल फॉर्मेट में वोटर लिस्ट दी जाए।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# रक्षाबंधन पर दो बेटियों संग पत्नी की हत्या, गिरफ्तार

नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के करावल नगर इलाके में रक्षाबंधन की सुबह उस समय शोक की लहर दौड़ गई, जब एक व्यक्ति ने गला दबाकर अपनी पत्नी ओर दो बेटियों की हत्या कर दी ओर फरार हो गया था, मामले की सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को जीटीबी अस्पताल पहुंचाया,ओर आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए टीम का गठन किया ओर पुलिस टीम ने आरोपी को मुकंद विहार से दर- दबोचा उत्तर-पूर्वी दिल्ली पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया शनिवार सुबह 7.15 पर करावल नगर थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी ओर दो बेटियां एक सात वर्षीय, एक पांच वर्षीय की गला दबाकर हत्या कर दी है स मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया एक कमरे में महिला ओर उसकी दो बेटियों के शव पड़े हुए थे स पुलिस ने टीम मामला दर्ज कर आरोपी को पकड़ने के लिए टीम बनाई ओर सीसीटीवी कैमरों ओर साक्ष्य



जुटाकर मुकुंदपुर से आरोपी प्रदीप को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार प्रदीप अपनी पत्नी जयश्री (28) ओर बेटी आंशिका (7),ऋषिता (5) के साथ भगत सिंह कॉलोनी, करावल नगर में रहता था ओर आजादपुर मंडी में सब्जी बेचने का काम करता था, प्रारम्भिक जांच में पता लगा है प्रदीप कर्ज से परेशान था जिस वजह से वह तनाव में था जिस वजह से उसने ऐसा कदम उठाया स फिलहाल पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।

## दर्जी की दुकान पर गोली मारकर युवक की हत्या

**नई दिल्ली।** उत्तर- पूर्वी दिल्ली के नन्द नगरी में रक्षा बंधन से पहली रात एक एसी मेकेनिक ने बहन से नजदीकियां बढ़ाने पर दूसरे एसी मेकेनिक की गोली मारकर हत्या कर दी पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार को लिया है। मृतक की पहचान कपिल (28 वर्ष) निवासी सी-2, नन्द नगरी के रूप में हुई है स शुक्रवार की रात करीब 10. 30 बजे कपिल अपने पिता का सफारी सूट अपने साइज़ का करवाने गया था, जब वह टेलर की दुकान पर खड़ा था तभी हत्यारा शिवम यादव (20 वर्ष ) वहां पहुंचा ओर उसको स्वदेशी पिस्तौल से उसे गोली मार दी, ओर मौके से फरार हो गया स कपिल ओर शिवम दोनों ही एसी ठीक करने का काम करते थे, बताया जा रहा है, शिवम की बहन से कपिल की नजदीकियां थी जिस बात से शिवम, कपिल से नाराज था ओर उसने कपिल हत्या कर दी। पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया शुक्रवार रात नन्द नगरी इलाके में एक युवक कपिल को गोली मारने की सूचना मिली थी, जिसे घायल अवस्था में जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया स इस मामले में शिवम् यादव को गिरफ्तार किया गया है यह सी-2, नन्द नगरी का ही रहने वाला है इसके पास से वारदात में प्रयोग की गई स्वदेशी पिस्तौल भी बरामद कर ली गई है।

## 'अल्प्राजोलम' की सप्लाई में लिप्त ड्रग कार्टेल का भंडाफोड़ दो आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने 'अल्प्राजोलम' की सप्लाई में लिप्त ड्रग कार्टेल का भंडाफोड़ कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से 9 किलोग्राम से अधिक अल्प्राजोलम टैबलेट और अपराध में प्रयुक्त बाइक जब्त की है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बरामद ड्रग की कीमत लगभग एक करोड़ रुपये बताई जाती है दिल्ली पुलिस अपराध शाखा पुलिस उपायुक्त संजीव कुमार यादव ने बताया कि 28 जुलाई को अपराध शाखा में तैनात हेड कांस्टेबल दीपक परेवा और एएसआई सतबीर सिंह को दिलशाद गार्डन मेट्रो स्टेशन, के पास अवैध ड्रग्स/नशे की सप्लाई के बारे में एक गुप्त सूचना मिली। इस सूचना पर एसीपी राजकुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर प्रवीण राठी के नेतृत्व में एसआई सुखराज और राजेंद्र कुमार, एएसआई सतबीर सिंह, हेड कांस्टेबल दीपक परेवा, विक्की, उमेश कुमार और सत्यवीर की टीम ने अपसरा बॉर्डर-आनंद विहार आईएसबीटी फ्लाईओवर, पर अपना जाल बिछाकर आरोपी निशांत पाल (23) को बाइक के साथ गिरफ्तार कर बाइक पर रखे कार्टन से कुल 6. 240 किलोग्राम अल्प्राजोलम टैबलेट (लगभग 60,000 टैबलेट के बराबर) बरामद की है।

# एनडीएमसी उपाध्यक्ष ने किया जलभराव की स्थिति का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने रक्षाबंधन के पर्व के अवसर पर मध्यरात्रि से हो रही बारिश के कारण एनडीएमसी क्षेत्र में संभावित जलभराव की स्थितियों का व्यक्तिगत रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण की शुरुआत आउटर सर्कल कनॉट प्लेस से की गई और पूरे परिषद क्षेत्र में सघन समीक्षा की गई।

चहल ने कहा कि आज पर्व का दिन है, लेकिन मेरी प्राथमिकता यह है कि हमारे क्षेत्र में आने वाले किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े और लोग अपना त्योहार खुशी से मना सकें। इसी सोच के साथ मैं स्वयं और हमारी पूरी टीम सिविल इंजीनियरिंग विभाग, विद्युत विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग क्षेत्र में मौजूद रही और जलभराव की संभावित समस्याओं का तुरंत समाधान सुनिश्चित किया। चहल ने बताया कि एनडीएमसी के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) में 8 और 9 अगस्त 2025 के दौरान जलभराव संबंधी कोई प्रमुख शिकायत प्राप्त नहीं हुई।



जो मामूली शिकायतें प्राप्त हुईं, वे सीपीडब्ल्यूडी से संबंधित थीं। वृक्ष गिरने की कुल 4 शिकायतें (2-2 प्रत्येक दिन) दर्ज हुईं, जिनमें से 2 का निवारण कर दिया गया है और 2 पर कार्य प्रगति पर है। 'नो करंट सप्लाई' की कुल 11 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 9 का समाधान किया जा चुका है और 1 पर कार्य जारी है। उपाध्यक्ष ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि बारिश के दौरान सतर्क निगरानी बनाए रखें और किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत कार्रवाई करें, ताकि नागरिकों और आगंतुकों को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े। चहल ने कहा कि आज एनडीएमसी क्षेत्र में जलभराव की कोई बड़ी समस्या नज़र नहीं आई, यह केवल आज का प्रयास नहीं बल्कि कई दिनों से टीम एनडीएमसी की लगातार मेहनत का परिणाम है। जलभराव संभावित क्षेत्रों में पर्याप्त पम्प पहले से लगाए गए थे, संवेदनशील स्थानों की पहचान कर निगरानी की गई, जिसके परिणामस्वरूप आज यातायात भी सुचारु रूप से चलता रहा। चहल ने रातभर सतर्क रहकर स्थिति को संभालने और समस्या समाधान में जुटी एनडीएमसी की पूरी टीम तथा सभी संबंधित अधिकारियों की सराहना की।

# सेवा बस्ती में मनाया रक्षाबंधन का त्योहार

**नई दिल्ली।** नारायणा वार्ड 139 की सेवा बस्ती सोनिया गांधी कैंप, सी 183 कैंप, लोहा मंडी वाई ब्लॉक रेलवे लाइन कैंप में रहने वाली बहनों के साथ रक्षाबंधन का त्योहार इंद्रप्रस्थ संजीवनी के अध्यक्ष कर्मठ समाज सेवक युवा नेता डॉ संजीव अरोड़ा गंगापुत्र ने हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर सेवा बस्ती में रहने वाली युवा छात्राओं को उपहार के तौर पर मिर्ची स्प्रे वितरित किए। डॉ. अरोड़ा ने कहा कि आज यह युवा छात्राएं कॉलेज जाती हैं। इनको इनकी रक्षा के लिए मिर्ची स्प्रे से अच्छा कोई उपहार नहीं है। इससे यह अपने आप को सुरक्षित महसूस करेंगी। इस अवसर पर सेवा बस्ती में रहने वाली सभी बहनों ने डॉ अरोड़ा को आशीर्वाद दिया, मिठाइयां खिलाई, व धन्यवाद किया। इनमें से कई बहनें ऐसी हैं जिनका भाई उनके घर से बहुत दूर रहता है और उनका मिलना बहुत मुश्किल होता है। ऐसे में उन्होंने डॉ अरोड़ा को राखी



बांधकर उन्होंने अपने भाई की कमी को दूर किया। इस मौके पर सोनिया गांधी कैंप की निवासी मनोरमा देवी ने डॉ. अरोड़ा को राखी बांधी और उनकी लंबी आयु की कामना की। लोहा मंडी की रहने वाली संतोष बीमार रहने के बावजूद अस्पताल से विशेष रूप से रक्षा बंधन त्योहान मनाने के लिए अपने घर आई और उन्होंने कहा कि मैं डॉ. अरोड़ा की लंबी आयु की कामना करती हूं और मैं बहुत मुश्किल से अस्पताल से केवल डॉ. अरोड़ा जी को राखी बांधने के लिए आई हूं।

## राज खुलने पर महिला ने खाया जहर

**बिजनौर।** स्थानीय मौहल्ला चाहशीरीं बी-24 में किराए के मकान में रह रही एक महिला ने जहर खा लिया। उसे चिंताजनक हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बब्बू के मकान में किराये पर रहने वाली महिला का पति मुम्बई में रहता है। महिला यहां अकेली किराये के मकान में रहती है। चर्चा है कि महिला का सराय इम्मा ग्राम में एक युवक से अफेयर चल रहा था, जिसका उसके पति को पता चल गया। इस संबंध में जब उसके पति ने महिला से बात की, तो उसने सब कुछ कुबूल कर लिया। पति ने उसके कुबूलनामे का वीडियो बना लिया। महिला ने उससे कह दिया कि मैं उसके साथ दोस्ती रखती हूं और अपना जिस्म भी सौंप चुकी हूं। पति ने भी उसकी पूरी बातों का वीडियो बना लिया। महिला को यह नहीं पता था कि उसके कबूलनामे की वीडियो बनाई जा रही है। वीडियो बनाने के बाद पति ने उसे वायरल कर तलाक देने की धमकी देते हुए महिला को बता दिया कि वह अब उसके साथ नहीं रह पाएगा।

# दिल्ली पुलिस कल्याण इकाई ने हर घर तिरंगा के दूसरे चरण का चलाया अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** हर घर तिरंगा अभियान के दूसरे चरण, की शुरुआत के साथ, विशेष पुलिस आयुक्त (कल्याण) अतुल कटियार के नेतृत्व में दिल्ली पुलिस की कल्याण इकाई ने राजधानी में देशभक्ति के जोश और सामुदायिक प्रतिबद्धता की मिसाल कायम की है।

एकता और नागरिक कर्तव्य के मूल्यों को आगे बढ़ाते हुए, दिल्ली पुलिस की महिला अधिकारियों ने शहर भर की सड़कों पर सड़क उपयोगकर्ताओं/जिनमें यातायात उल्लंघनकर्ता भी शामिल थे पारंपरिक राखी बांधी, इसके बाद, प्रत्येक प्राप्तकर्ता को भारतीय राष्ट्रीय ध्वज भेंट किया गया।इसके अलावा प्रत्येक पुलिस कैंटीन में महिला अधिकारियों ने आगंतुकों को



राखी बांधी और राष्ट्रीय ध्वज वित. रित किया। इस अवसर पर विशेष पुलिस आयुक्त कल्याण अतुल कटियार के मार्गदर्शन में, चलाए गए अभियान ने रक्षाबंधन के सुरक्षा संद. ेश को आज़ादी का अमृत महोत्सव और राष्ट्रव्यापी हर घर तिरंगा अभियान की भावना से सहजता से जोड़ा। इस प्रयास ने इस बात पर ज़ोर दिया कि एक-दूसरे की सुरक्षा करना चाहे यातायात अनुशासन के माध्यम से हो या तिरंगा फहराने के माध्यम से व्यक्तिगत और राष्ट्रीय महत्व दोनों का कार्य है।

## युवती पर खूंखार कुत्तों का हमला

**कासमपुर गढ़ी।** ग्राम माननगर निवासी भोपाल सिंह सैनी की 18 वर्षीय पुत्री डॉली अपनी चाची कुसुम देवी सहित पड़ोस की कमलेश, संतोष आदि के साथ ग्राम के ही लाल सिंह के ट्रैक्टर-ट्राली पर बैठ कर अफजलगढ़ शुगर मिल के पीछे स्थित खेत से पशुओं का चारा लेने गई थी। ट्रैक्टर खेत से कुछ दूरी पर खड़ा कर वह चारा काटने लगी। चारा काटने के बाद जब डॉली व अन्य महिलाएं अपनी-अपनी गठरी लिए ट्रैक्टर तक जा रही थीं, तो इसी बीच वहां घूम रहे कई खूंखार कुत्तों ने डॉली पर हमला बोल दिया। डॉली से कुछ आगे पीछे चल रही महिलाओं ने किसी तरह शोर मचा कर उसे कुत्तों से उसे छुड़ाया। डॉली के पिता भोपाल सैनी ने बताया कि कुत्तों ने डोली के जिस्म में कई जगह काट कर जख्मी कर दिया, जिसका स्थानीय चिकित्सक द्वारा उपचार कराया जा रहा है। क्षेत्र में गुलदार के साथ-साथ कुत्तों का आतंक भी कम नहीं है। पूर्व में भी अफजलगढ़ में इस तरह की कई घटनाएं हो चुकी हैं।

## एनएएसी एक्रिडेशन साइकिल 2 में दिल्ली विश्वविद्यालय को मिला एनएएसी ए++ ग्रेड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्व. विद्यालय ने शैक्षणिक उत्कृष्टता की अपनी यात्रा में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए एनएएसी ए++ग्रेड प्राप्त किया है।

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (एनएएसी) द्वारा 8 अगस्त, 2025 को घोषित संस्थागत मूल्यांकन एवं प्रत्यायन साइकिल 2 में दिल्ली विश्वविद्यालय को सर्वोच्च ग्रेड ए++ग्रेड प्रदान किया है। विश्वविद्यालय ने 3.55 का संचई ग्रेड पॉइंट औसत (सीजीपीए) प्राप्त किया है। यह ग्रेड 2029 तक पांच वर्षों के लिए वैध है। डीयू की इस उपलब्धि के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विश्व. विद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने बताया कि पिछले साइकिल 2018 में, विश्वविद्यालय को 3.28 के सीजीपीए के साथ ए+ ग्रेड प्राप्त हुआ था। उन्होंने कहा कि डीयू के ग्रेड में यह उल्लेखनीय सुधार गुणवत्ता संवर्धन, शिक्षण एवं अनुसंधान में नवाचार और सुदृढ़ संस्थागत प्रशासन के प्रति विश्व. विद्यालय की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि एनएएसी ए++ ग्रेड प्राप्त करना विश्वविद्यालय के इतिहास में एक ऐतिहासिक क्षण है और हमारे पूरे विश्वविद्यालय और इससे जुड़े सभी व्यक्तियों के लिए अत्यंत गौरव की बात है। यह मान्यता हमारे संकाय, छात्रों, गैर-शिक्षण कर्मचारियों, पूर्व छात्रों और सभी हितधारकों के अटूट समर्पण, प्रतिबद्धता और सामूहिक प्रयास का परिणाम है।

# समाज कल्याण मंत्री ने मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया रक्षाबंधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने आशा किरण शेल्टर होम, रोहिणी में मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों और स्टाफ के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने बच्चों से आत्मीय संवाद किया और राखी बंधवाई।

रविन्द्र इंद्राज ने कहा कि बच्चों के चेहरे पर मुस्कान सरकार के लिए आशीर्वाद और सामाजिक प्रगति का संदेश है। समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि रक्षाबंधन स्नेह और सुरक्षा के संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास, देखभाल और पुनर्वास के



लिए प्रतिबद्ध है तथा उनकी जीवन गुणवत्ता सुधारने हेतु निरंतर प्रयासरत है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि अधिकारियों को निर्देश दिए गये हैं कि आशा किरण शेल्टर होम में रहने वाले सभी बच्चों को उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल और मनोरंजन की सुविधाएं दी जाएं। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से अपील की कि वे दिव्यांग बच्चों के प्रति संवेदनशीलता और सहयोग का भाव रखें।

## सहसपुर में रही सुचारू व्यवस्था

**सहसपुर।** रक्षाबंधन पर चौकी इंचार्ज व डॉयल 112 ने यातायात व्यवस्था को सुचारु रूप रखने के लिए विशेष निगरानी की। पुलिस विभाग की इस पहल से शहर के विभिन्न हिस्सों में यातायात सुचारु रूप से चलता रहा और लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। पुलिस चौकी इंचार्ज यश देव शर्मा ने बताया कि त्यौहार के अवसर पर यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे। शहर के प्रमुख चौराहों बस स्टैंड, जुमा बाजार आदि में पुलिस की अतिरिक्त तैनाती की गई थी। पुलिस की इस पहल की लोगों ने सराहना की और कहा कि इससे त्यौहार के अवसर पर उनकी यात्रा आसान हो गई। पुलिस विभाग की इस विशेष पहल से शहर में शांति और सुरक्षा का माहौल बना रहा।

## रक्षाबंधन का पर्व भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक: जिम्मी

**बिजनौर।** भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक रक्षाबंधन का त्यौहार शनिवार को घेर राम बाग स्थित अशोक चौधरी व उनकी धर्मपत्नी समाजसे. विका जिम्मी चौधरी के आवास पर बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ राखी बांधी गई और मिठाइयों का आदान-प्रदान हुआ। समा. जसेविका जिम्मी सिंह ने कहा कि रक्षाबंधन का पावन पर्व भाई-बहन के अटूट प्रेम, विश्वास और स्नेह का प्रतीक है। इस दिन राखी के पवित्र धागे में बंधा प्रेम, भाई की सुरक्षा का वचन और बहन के स्नेह का आशीर्वाद जीवनभर साथ निभाता है।इस मौके पर स्नेहलता, शुभम पंवार, गीता चौधरी, रितु, पम्मी और सुमन चौधरी सहित परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे। सभी ने आपसी प्रेम और भाई-बहन के रिश्ते की मजबूती का संदेश देते हुए एक-दूसरे को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं।



## अफजलगढ़ में रक्षाबंधन की धूम

**अफजलगढ़।** भाई बहन के अटूट व पवित्र संबंधों को लेकर रक्षाबंधन के त्यौहार को धूमधाम के साथ मनाया गया। बहन-भाई के प्यार के प्रतीक त्यौहार को लेकर उत्साह का माहौल देखा गया। बाजारों में रंग बिरंगी राखियों और मिठाइयों की दुकानों पर भारी भीड़ देखने को मिली। रिमझिम बारिश भी बहनों के हौसलों को डिगा नहीं सकी। हिन्दू धर्म में रक्षाबंधन का त्यौहार लगभग पांच हजार वर्षों से भी पुराना है। इसका इतिहास महाभारत काल से जुआ हुआ है। इस संबंध में धार्मिक ग्रंथों में अलग-अलग प्रकार का मत है। यह त्यौहार श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। रक्षाबंधन पर बहनें व्रत रखकर देवी-देवताओं की पूजा अर्चना के उपरांत भाई की कलाई पर जब राखी बांधती है, तो वह उससे यही उम्मीद करती है कि वह हमेशा उसकी रक्षा करेगा। हर परिस्थिति में साथ खड़ा रहेगा। इसलिए यह रक्षा-सूत्र उस हाथ पर बांधा जाता है, जो कर्म, संकल्प और शक्ति का प्रतीक होता है । इस अवसर पर बहनों ने जन्म-जन्म तक सुख-दु:ख में साथ निभाने का वचन भाईयों से लिया। भाईयों ने भी बहनों को उपहार देकर हमेशा साथ निभाने का वादा किया।

## वरिष्ठ नागरिक के एटीएम चोरी में शामिल तीन कुख्यात चोर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण-पश्चिम जिला पुलिस के पालम गाँव थाने की टीम ने वरिष्ठ नागरिक के एटीएम चोरी में शामिल तीन कुख्यात चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से एटीएम से निकाले गए 20,500 रुपये, दस्तावेज और उनके द्वारा

पहने गए कपड़े भी बरामद किए है। दिल्ली के दक्षिण पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि 17 जुलाई को एक शिकायतकर्ता द्वारा पालम गांव थाने में एक ऑनलाइन ई-एफआईआर दर्ज की गई थीं जिसमें उसने बताया कि तीन अज्ञात व्यक्तियों ने उन्हें साइकिल से टक्कर मारने के बाद उनकी जेब से उनके दो एटीएम कार्ड और अन्य दस्तावेज चुरा लिए। इसके बाद, उनके एटीएम कार्ड से 60,000/- (प्रत्येक कार्ड से 30,000/-) की राशि निकाल ली गई। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर एसीपी दिल्ली कैंट अनिल कुमार की देखरेख में एसएचओ पालम गांव, सुधीर कुमार गुलिया के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की गई। जांच के दौरान टीम ने सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण के दौरान, तीन व्यक्तियों को देखा और स्थानीय खुफिया जानकारी के आधार पर, दो आरोपी अमान (22) और अफजाल (43) को पालम गांव थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर तीसरे आरोपी इमरान (27) को मुरादाबाद, से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से कुल 20500/- रुपये , शिकायतकर्ता आधार कार्ड और पैन कार्ड) और उनके द्वारा पहने गए कपड़े और जूते बरामद किए है। पुलिस पूछताछ के दौरान, आरो. पियों ने एक वरिष्ठ नागरिक से एटीएम चोरी में अपनी संलिप्तता स्वीकार की और उन्होंने आगे बताया कि एटीएम के पिन एटीएम कवर के अंदर लिखे होते थे और उन्होंने 60,000 रुपये यानी प्रत्येक कार्ड से 30,000 रुपये निकाले और फिर रकम आपस में बराबर-बराबर बांट ली। उन्होंने आगे बताया कि उन्होंने चोरी की रकम स्मैक जैसे नशीले पदार्थों पर खर्च कर दी थी और उनके पास केवल 20500 रुपये बचे हैं।

# बान नदी में डूबने युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** रक्षाबंधन के पवित्र त्यौहार के दिन बान नदी में नहाते समय युवक की पानी में डूबने से मौत हो गई। जिससे परिवार में खलबली मच गई। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

प्रात समाचार के अनुसार क्षेत्र के ग्राम लोदीपुर मिलक निवासी पारूल ठाकुर (30 वर्ष) बान नदी में नहाने गया था। पानी का जलस्तर ज्यादा होने से नहाते हुए वह गहरे गड्ढे में चला गया। जिससे वह डूब गया। जब काफी देर हो गई, तो वह वापस घर नहीं आया। परिजनों को उसके वापस न आने से फिक्र हुई और वह तलाश में निकल गए। लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। पारूल ठाकुर की तलाश के लिए परिवार के लोगों ने गोताखोरों को भी बुलाया। मगर उसका कुछ अता पता नहीं चल पाया है। बान नदी का जलस्तर फिलहाल काफी ज्यादा बढ़ा हुआ है। नदी के आसपास पशुओं को चरा रही महिलाओं ने घटना की सूचना परिजनों को दी थी। इसके बाद मौके पर सैकड़ों ग्रामीण पहुंच गए। युवक के डूबने से ग्राम में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस व ग्रामीणों ने युवक को तलाश किया, मगर देर शाम तक उसका कुछ पता नहीं चल पाया था।

### बहनें नहीं बांध पाई कलाई में राखी, मचा कोहराम

### बान नदी में डूब गई बुग्गी, दो की मौत

**नूरपुर।** क्षेत्र के ग्राम अहीरपुरा निवासी किसान छोटे सिंह बैल गाड़ी लेकर पशुओं के लिए चारा काटने गया था। चारा काटकर वापस लौटते समय नदी का जलस्तर बढ़ने से पानी का बहाव तेज हो गया। जलस्तर बढ़ने से बैलों का नियंत्रण बिगड़ जाने से बैल बुग्गी तेज बहाव में बह गई। किसान ने बुग्गी से बंद को काटने का प्रयास किया। लेकिन चारा भरा होने के कारण बुग्गी बैल सहित डूब गई। हादसे में किसान के दोनों बैलों की मौत हो गई। हालांकि किसान ने पानी में तैर कर बामुश्किल अपनी जान बचाई। समाजवादी पार्टी के विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष नसीम अहमद के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने ग्राम में पहुंच कर किसान के परिवार के परिवार के लिए सरकार से मुआवजे की मांग की। हादसे की सूचना पर हल्का लेखपाल ने मौका मुआयना किया। सपा नगर अध्यक्ष जुल्फिकार कुरैशी, महासचिव देवेन्द्र यादव, शिव कुमार यादव आदि ने किसान को पांच लाख रुपए का मुआवजा देने की मांग की है।

## अपराध शाखा ने दोहरे हत्याकांड के पैरोल जंपर को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने दोहरे हत्याकांड के दोषी को गिरफ्तार किया है। वह पैरोल जंप करने के बाद पांच साल से ज़्यादा समय से फरार था।

उसने खजूरी खास, में एक गर्भवती महिला और उसके दो साल के बेटे की हत्या की थी और उसे आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई गई थी वह अपनी माँ की मृत्यु के आधार पर दो सप्ताह की पैरोल पर रिहा किया गया था। दिल्ली पुलिस अपराध शाखा पुलिस उपायुक्त संजीव कुमार यादव ने बताया कि आरोपी अशोक (45 ) का साला बालेश्वर एक महिला के साथ विवाहेतर संबंध में शामिल था। 2007 में, आरोपी अशोक ने महिला को बालेश्वर के साथ अपने संबंध खत्म करने की चेतावनी दी थी, हालांकि, उसने इसका पालन नहीं किया। 01 जून 2007 को, आरोपी अशोक अपनी बहन (बालेश्वर की पत्नी) और अपने गांव के तीन साथियों के साथ महिला के घर गया, जहां बालेश्वर भी मौजूद था। आरोपी अशोक ने अपने साथियों के साथ मिलकर बालेश्वर और सरिता (महिला की बेटी, जो उस समय गर्भवती थी) और उसके दो साल के बेटे पर गोलियां चला दीं, जो अपनी मां से मिलने आए थे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# लिसाड़ी गेट क्षेत्र में युवक को गोली मारी, मौत

## भाई से प्रॉपर्टी का चल रहा था विवाद, पुलिस ने दो को हिरासत में लेकर की पूछताछ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट क्षेत्र में युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। शनिवार सुबह घर से 500 मीटर दूर बाइक सवार बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। घटना CCTV में कैद हो गई। इसमें साफ दिख रहा है कि युवक सड़क पर मोबाइल चलाते हुए पैदल जा रहा है, तभी पीछे से एक बदमाश आता है।

सिर में पीछे से तमंचा सटाकर गोली मार देता है। गोली लगते ही वह मुंह के बल गिर जाता है। वारदात का आरोपी भाग जाते हैं। आसपास के लोग युवक को आनन-फानन में पीएल शर्मा अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने असलम को मृत घोषित कर दिया। वारदात सुबह 7.41 बजे की है। दरअसल पूरा मामला थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र का है, जहां मृतक का निवास है। असलम बावर्ची का काम करता था। परिवार में उसकी पत्नी और डेढ़ साल की बेटी है।



सड़क पर पड़ा घायल असलम।

चाचा बिलाल ने बताया असलम सात भाइयों में चौथे नंबर का था। वह घर से किसी काम से सुबह पैदल निकला था। महज 500 कदम की दूरी तक पहुंचा था, तभी बदमाश ने गोली मार दी पड़ोसी दुकानदार घर आया और बताया- तुम्हारे भतीजे को गोली मार दी गई। इसके बाद परिजन घटनास्थल पर पहुंचे, देखा तो असलम जमीन पर घायल पड़ा था। तुरंत पुलिस को सूचना दी। लिसाड़ी गेट थाना पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं मौजूद लोग असलम को पीएल शर्मा अस्पताल ले गये जहां उसकी मौत हो गई। असलम की पत्नी फरीदा का आरोप है कि देवर शहंशाह से प्रॉपर्टी को लेकर मुकदमा चल रहा है। उसने ही उसके पति की हत्या कराई। पहले भी उसने पति पर हमला कराया था, लेकिन उस वक्त वह बच गए थे। शहंशाह रेलवे रोड थाना क्षेत्र के मकबरा डिग्गी में परिवार के साथ रहता है। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस का कहना है कि परिवार की किसी से रंजिश है, जिसके चलते युवक को गोली मारी गई है।



मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी लेते एसपी सिटी।

# करनावल में चोरों का आतंक, उड़ाया किसान का सामान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** करनावल में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक किसान के खेत से सिंचाई के लिए रखा जरूरी सामान चुरा लिया। यह घटना रात करीब 7 बजे से 8:25 बजे के बीच हुई, जब खेत सुनसान था और चारों ओर अंधेरा पसरा था। पीड़ित किसान अमित पुत्र सुरेश का कहना है कि चोर खेत में घुसकर 3 इंच चौड़ी लंबी पाइप, 3 लोहे के पाइप समेत अन्य सिंचाई उपकरण उठा ले गए। सुबह खेत पहुंचने पर उन्हें चोरी का पता चला, जब सिंचाई का सारा इंतजाम अस्त-व्यस्त मिला। घटना की सूचना तुरंत थानाध्यक्ष सरूरपुर अजय शुक्ला को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और मुआयना करने के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। ग्रामीणों ने भी घटना पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि क्षेत्र में लगातार हो रही छोटी-बड़ी चोरियों से लोग परेशान हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से रात में गश्त बढ़ाने और आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है।

# राखी के धागों ने मिटाई सलाखों की दूरी

## जेल में बंद भाइयों की कलाई पर बहनों ने बांधी रक्षा की डोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** रक्षाबंधन के दिन शनिवार को शहर में भाई-बहन के रिश्ते की गर्माहट हर तरफ नजर आई। बस अड्डे से लेकर रेलवे स्टेशन तक लोगों का सैलाब उमड़ा हुआ था। इस भीड़ में एक भावुक नजारा मेरठ जेल के बाहर भी देखने को मिला, जहां सुबह से ही बहनें अपने बंदी भाइयों को राखी बांधने पहुंचने लगीं।

जेल प्रशासन ने इस मौके पर खास इंतजाम किए थे। बाहर टेंट और छाया की व्यवस्था, बैठने की कुर्सियां, ठंडा पीने का पानी और मेडिकल टीम पूरी तरह तैयार थी। वरिष्ठ जेल अधीक्षक वीरेश राज शर्मा खुद व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे थे। बहनों की सुरक्षा जांच के बाद उन्हें अंदर भेजा जा रहा था जहां सलाखों के उस पार बैठे भाई बेसब्री से उनका इंतजार कर रहे थे। जैसे ही राखी का धागा भाइयों की कलाई पर बंधा, उनकी आंखें नम हो गईं। किसी ने भाई की लंबी उम्र की दुआ मांगी तो किसी ने अगली राखी अपने घर में बांधने की ख्वाहिश जताई। त्यौहार ने जेल की सख्त दीवारों में भी रिश्तों की मिठास घोल दी।



# रक्षा बंधन पर पूरे दिन लगा रहा जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** शनिवार को दुनिया भर में मनाएं जा रहे रक्षाबंधन पर्व के मौके पर नगर व देहात क्षेत्र में दिनभर रौनक रही, इसी के साथ वाहनों की ज्यादा आवाजाही की वजह से नगर में दिनभर जाम लगा रहा। घंटों तक वाहन जाम में फंसे रहे, जिससे भाइयों व बहनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बसों के इंतजार में भी देवी मंदिर, पुलिस चौकी बस स्टैंड, बिनौली रोड, दौराला रोड पर बसों के इंतजार में बहनों की लंबी लाइनें लगी रही। पुलिस दिनभर जाम खुलवाने के लिए झूझती हुई नजर आई। शाम तक सड़कों पर जाम लगा रहा।

# अनोखी पहलः डीएम-एसएसपी ने महिलाओं से राखी बंधवाकर उपहार में दिया हेलमेट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** रक्षाबंधन का पर्व शनिवार को धार्मिक रीति रिवाज एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भाईयो ने बहनों से रक्षा सूत्र बंधवाकर अपनी बहन की सुरक्षा का वादा दिया। रक्षाबंधन के अवसर पर ही यातायात पुलिस एवं मिशिका सोसाइटी द्वारा बेगमपुल चौराहे पर रक्षा बंधन के शुभ अवसर पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक अनूठी पहल देखने को मिली। मिशिका सोसायटी एवं यातायात पुलिस ने 101 महिला चालकों से रक्षा सूत्र बंधवाया और उन्हें उपहार में हेलमेट भेंट किया।

मिशिका सोसाइटी के डाक्टर अमित नागर ने बताया कि आज के जमाने में हमारी बहन- बेटी काफी संख्या में दो पहिया वाहन चलाती हैं इसी को ध्यान में रखते हुए उनकी सुरक्षा के लिए यह पहल की गई है। डीएम एसएसपी ने भी राखी बंधवाकर हेलमेट भेट किये। इस अवसर पर डीएम डॉ. वी.के. सिंह, एसएसपी डॉ. विपिन टाडा, एसपी ट्रैफिक राघवेन्द्र कुमार मिश्र, डॉ. अमित नागर आदि संस्था के लोग उपस्थित रहे। वहीं लोगों ने संस्था व प्रशासन की प्रशंसा की है।



# बारिश से गिरी मकान की छत, मुआवजे की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** नगर के मोहल्ला बंसी में अधिक वर्षा होने के कारण महिला की कच्चे मकान की छत गिर गई जिसमें खाने पीने का सामान नष्ट हो गया। पीड़ित महिला ने शासन प्रशासन से मुआवजे की मांग की। बताते चले कि नगर के मोहल्ला बसी निवासी लाल सिंह पुत्र मुदासिंह का कच्चा मकान है। वर्षा होने से उसके कच्चे मकान की छत गिर गई जिसमें खाने-पीने का सामान एवं रखे बर्तन भी दब गये। पीड़ित ने शासन प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।



# परीक्षितगढ़ में मिठाई की दुकानों पर रहा बहनों का हुजूम, जमकर की खरीदारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** रक्षाबंधन का पर्व शनिवार को नगर व देहात क्षेत्र में हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया बहनों ने भाइयों की कलाई में राखी बांधकर दीर्घायु की कामना की वहीं भाइयों ने भी बहनों को उनकी रक्षा का भरोसा दिया। नगर में सुबह से ही मिठाई लेने वालों की दुकानों पर भीड़ लग गई तथा हर बहन अपने भाइयों के राखी बांधने को जल्दी में दिखाई दी। पुलिस भी मुख्य मार्गों पर सक्रिय रहीं जिससे कोई अप्रिय घटना भी नहीं हो सकी। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन अमित मोहन टीपू, भाजपा नेता गगन त्यागी, संयुक्त व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेंद्र गर्ग, महामंत्री शुभम् वशिष्ठ, सचिन त्यागी, डाक्टर राकेश शर्मा, डाक्टर शमसुद्दीन, अयूब खान, स्वामी विजयानंद सरस्वती, वसीम सैफी, युवा नेता शादाब सैफी आदि ने बधाई दी है।

# शिशिर बजाज को मिला सर्वोत्तम नागरिक सम्मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रोहटा।** मुंबई में आयोजित एक भव्य समारोह में बजाज फाउंडेशन के चेयरमैन शिशिर बजाज को सर्वोत्तम नागरिक सम्मान से सम्मानित किया गया। बजाज शुगर मिल किनौनी के यूनिट हैड केपी सिंह ने बताया कि महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधा कृष्णन की उपस्थिति में यह सम्मान समूज के चेयरमैन को समाज सेवा और ग्रामीण भारत के विकास में उनके योगदान के लिए प्रदान किया गया। बजाज समूह के संस्थापक जमनालाल बजाज के पौत्र शिशिर बजाज के बारे में मिल उपाध्यक्ष ने बताया कि 1926 से शुरू हुई यह यात्रा आज राजस्थान के सीकर और महाराष्ट्र के वर्धा जिले के हजारों गांवों में समाज कल्याण कार्यों तक पहुंच चुकी है। फाउंडेशन के माध्यम से जल संरक्षण, प्राकृतिक खेती, शिक्षा व सौर ऊर्जा जैसे कार्यक्रमों से अब तक 6 लाख परिवारों को लाभ मिला है। सम्मान समारोह में डॉ. अनिल काकोडकर, अनुपम खेर, इम्तियाज अली, डॉ. शंकर महादेवन समेत कई गणमान्य उपस्थित रहे। बजाज शुगर मिल किनौनी के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बधाई दी।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रक्षा बंधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** देशभर में भाई-बहन के प्रेम, स्नेह और विश्वास के प्रतीक पर्व रक्षा बंधन का उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। सुबह से ही बाजारों में रौनक देखी गई, जहां रंग-बिरंगी राखियों, मिठाइयों और उपहारों की खरीददारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी। बहनें अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनके लंबे जीवन और सुख-समृद्धि की कामना कर रही हैं, वहीं भाई अपनी बहनों को उपहार देकर जीवनभर उनकी रक्षा का वचन दे रहे हैं।

इस अवसर पर घरों में विशेष व्यंजन बनाए जा रहे हैं और परिवारों में मिलन का वातावरण है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, रक्षा बंधन केवल रिश्तों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी विश्वास, प्रेम और कर्तव्य की भावना को सुदृढ़ करने का अवसर है। आधुनिक दौर में यह पर्व केवल भाई-बहन तक सीमित न रहकर मित्रता, समाज और देशभक्ति के बंधनों को भी मजबूत करने का संदेश देता है। बस अड्डों पर यात्रियों की भीड़ देखने को मिली, क्योंकि कई भाई-बहन इस विशेष दिन को साथ मनाने के लिए दूर-दराज से अपने घर लौटे हैं। त्योहार के अवसर पर मिठाई की दुकानों, गिफ्ट शॉप्स और राखी बाजारों में बिक्री में भारी इजाफा हुआ है, जिससे व्यापारियों के चेहरे पर भी खुशी झलक रही है। रक्षा बंधन का यह पावन पर्व हमें रिश्तों की अहमियत और साथ होने के महत्व की याद दिलाता है। शनिवार को बहनों ने भाई के घर जाकर उन्हे रक्षा के सूत्र में बांधा। भाइयों ने भी बहनों की सुरक्षा का वचन लिया।

# बहनों ने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर मनाया रक्षाबंधन पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगानगर।** बहन भाई का पवित्र त्यौहार रक्षाबंधन पर्व शनिवार को परंपरागत एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रक्षाबंधन के पर्व पर जहां बहनों ने अपने भाईयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनकी लंबी उम्र की कामना की तो वहीं भाईयों ने भी हर मुश्किल घड़ी में बहनों का साथ देने का वादा किया।

शनिवार को दूर दराज से बहनें अपने भाईयों को राखी बांधने अपने भाइयों के यहां पहुंची तो बहुत बड़ी संख्या में भाईयों ने भी अपनी बहनों के घर जाकर राखी बंधवाई। शनिवार को सड़कों पर बहुत भारी भीड़ देखी गई अपने निजी वाहन के अतिरिक्त बसों व डग्गामार वाहनों में भी बहनों की काफी भीड़ देखने को मिली।



जिसके कारण शनिवार को पूरे दिन मुख्य मार्गो पर जाम की स्थिति भी बनी रही। इस वर्ष भी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षाबंधन पर्व पर रोडवेज बसों में महिलाओं एवं एक सह यात्री को निशुल्क यात्रा का उपहार दे रखा था। योगी आदित्यनाथ की इस घोषणा पर महिलाओं ने योगी आदित्यनाथ को बहुत धन्यवाद दिया। रक्षाबंधन के अवसर पर शनिवार को बाजारों में भी रौनक देखने को मिली बाजारों में जहां बहनों को अपने भाइयों के लिए राखियां खरीदते हुए देखा गया तो वहीं भाई अपनी बहनों के लिए उपहार खरीदते हुए नजर आए मिठाइयों की दुकानों पर भी शनिवार को काफी रौनक देखी गई मिठाइयों की छोटी बड़ी सभी दुकानों पर भीड़ इतनी थी कि मिठाई खरीदने के लिए काफी देर इंतजार करना पड़ा। हालांकि इस बार मिठाई के अतिरिक्त बहनों ने अपने भाइयों को ड्राई फ्रूट्स, चॉकलेट्स आदि से भी मुंह मीठा कराया।

# डीमोंटफोर्ट एकेडमी में छात्राओं ने मनाया रक्षाबंधन त्यौहार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** डीमोंटफोर्ट एकेडमी की छात्राओं ने देश के वीर जवानों के प्रति सम्मान की भावना को दर्शाते हुए अपने शिक्षकों के साथ डीएम कार्यालय व नाइन जाट रेजिडेंस पहुंचकर जिले के डीएम विजय कुमार सिंह, आर्मी छावनी में लेफ्टिनेंट कर्नल और देश की सेवा में तैनात वीर जवानों को अपने हाथों से राखी बांधी। इस भावनात्मक क्षण में अधिकारियों और फौजियों ने बच्चों को सूक्ष्म जलपान व उपहार देकर उनका उत्साहवर्धन किया व उन्हें आशीर्वाद दिया। इस प्रेरणादायक कार्यक्रम की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने में अध्यापिका रितु चिकारा और अनीता राजपूत का विशेष योगदान रहा। इस आयोजन का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में देश के वीर जवानों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता के भाव को बढ़ावा देना था। विद्यालय परिवार इस अवसर पर विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण और सामा. जिक उत्तरदायित्व के प्रति एक सशक्त कदम मानता है। इस पावन पर्व पर बच्चों के द्वारा दर्शायी गई भावना आने वाली पीढियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। विद्यालय के निर्देशक डॉ. केके शर्मा व प्रधानाचार्य डॉ. समीर वर्मा व विद्यालय की निर्देशिका डॉ. गरिमा वर्मा ने बच्चों के इस प्रयास की प्रशंसा की।

# दशमेश पब्लिक स्कूल में हुई राखी प्रतियोगिता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के कस्बा रामराज के समय स्थिति दशमेश पब्लिक स्कूल में छात्राओं ने रक्षाबंधन के अवसर पर राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसमें छात्राओं ने अपना प्रदर्शन करते हुए सुंदर-सुंदर राखियां बनाई। जिसमें स्कूल की ओर से कक्षा 1 से 8 तक के छात्र शिवांशी, भव्यांश, साध्या, युवराज, अदिति, परी, आर्य, अंशुल, खुशप्रीत, मानवी, अवनी, दर्शिका, महिमा, मान्य, श्रद्धा, अवंतिका ने प्रथम स्थान, मानवी, कृतिका, दीपांशी, लविश, अगम्य, वीरा, आयुषी, तृप्ता, तनवीर, अरमान, हरनीत, मीनाक्षी, दर्शिका, हर्षिका, पीहू, तनुष, तासी ने द्वितीय स्थान, अभिनव परिपाल, गुरताज, सिमरन, नंदनी, मानवी, प्रियंका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल की ओर से छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ डायरेक्टर सिम्मी सहोता एवं प्रधानाचार्य आमिर खान ने फीता काटकर किया। उसके बाद कक्षा 1 से लेकर कक्षा 8 तक के छात्राओं ने प्रतियोगिता में अपना कर्तब एवं प्रदर्शन करते हुए सुंदर-सुंदर राखियां बनाई। जिसमें स्कूल की ओर से प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान आने पर स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर डायरेक्टर सिम्मी सहोता ने कहा कि रक्षाबंधन भाई बहन का त्यौहार होता है।

जिसमें बहन अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनसे रक्षा करने का वचन लेती है। वहीं भाई भी उनको हर संभव रक्षा करने का वादा करते हैं। छात्राओं ने छात्र के कलाई पर राखी बांधकर अपनी रक्षा का वचन लिया। इस मौके पर मुख्य रूप से स्वाति अरोड़ा, मनजोत कौर, गुरजीत कौर, कोमल राणा, विजय कुमार, हर्षिका अरोड़ा, जोगिंदर कौर गुरविंदर कौर, मोनिका, महक, चरणजीत कौर, अवतार देशवाल, अमृतपाल कौर, हरप्रीत कौर, नेहा देओल आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया रक्षाबंधन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** रक्षाबंधन त्योहार जानी क्षेत्र में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें बहनों ने अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांधी और भाईयों ने भी बहनों को वचन दिया की वह उम्र भर बहन की रक्षा करेंगे। जानी क्षेत्र में दुरदराज से आई बहनों को देखकर भाईयों की खुशी का ठिकाना न रहा पूरे दिन रसुल. पुर धौलडी, जानी, सिवालखास आदि गांव में राखी खरीदने वालों का बाजार गर्म रहा।

उधर जानी नहर पुल पर जाम की स्थिति काफी भयानक रही जाम नहर से निवाड़ी बार्डर भोला झाल सिवालखास पुल पर पुरे दिन रहा। आने जाने वाले लोगों को सिवाल खास रसुलपुर धौलडी रघुनाथपुर मोदी नगर मार्ग पर जाना पड़ा पूरे दिन जानी थाना पुलिस के जाम खुलवाने में पसीने छूट गए।

# डीपीएम पब्लिक स्कूल में राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** डीपीएम पब्लिक स्कूल में राखी मेकिंग प्रतियोगिता का रंगारंग आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में बच्चों ने अपनी रचनात्मकता, कला और संस्कृति के प्रति लगाव को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के सचिव जगदीश त्यागी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि रक्षा बंधन केवल एक पर्व नहीं, बल्कि भाई-बहन के अटूट प्रेम, विश्वास और सुरक्षा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों को भारतीय संस्कृति से जोड़ती हैं और उनके अंदर सृजनात्मकता एवं पारंपरिक मूल्यों के प्रति सम्मान विकसित करती हैं। उन्होंने विद्यालय द्वारा समय-समय पर आयोजित की जाने वाली गतिविधियों की सराहना की और शिक्षकों व छात्रों के प्रयासों की प्रशंसा की। विद्यालय के प्रधानाचार्य जिया जैदी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि राखी मेकिंग प्रतियोगिता जैसी गति. विधियां विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों ने जिस लगन, रचनात्मकता और सौंदर्य के साथ राखियां बनाई हैं, वह अत्यंत सराहनीय है।

उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। अच्छे कार्यक्रम करने वाले छात्र-छात्राओं को स्कूल की ओर से स्मृति चिन्ह देखकर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# अतुल प्रधान ने विधानसभा क्षेत्र में मनाया रक्षाबंधन पर्व



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** विधानसभा क्षेत्र से सपा विधायक अतुल प्रधान ने शनिवार को रक्षाबंधन पर्व पर विधानसभा क्षेत्र में दर्जनों गांवों व नगर में घूमकर त्यौहार की बधाई देते हुए बहनों से कलाई पर राखी बंधवाई। शनिवार को सुबह करीब 7 बजे नगर में पहुंचे विधायक अतुल प्रधान ने नगर के कई वार्डो में लोगों के घरों पर पहुंचकर बहनों से अपनी कलाई पर राखी बंधवाते हुए रक्षा सूत्र का वादा निभाने का संकल्प लिया। इसके बाद विधायक अतुल प्रधान क्षेत्र के कई गांवों में त्यौहार मनाने के लिए दिनभर घूमते रहें। इनके साथ ललित गुर्जर, डॉ. रविन्द्र एडवोकेट, राजीव गुगलानी, मंजूर मलिक, ब्रजमोहन कश्यप आदि मौजूद रहें।

# कृषक इंटर कॉलेज में हुआ हिंदी आधारित टीएलएम एवं राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना/बहसूमा।** फलावदा रोड स्थित कृषक इंटर कॉलेज में शुक्रवार को विद्यार्थियों के लिए हिंदी विषय पर आधारित टीएलएम प्रतियोगिता एवं राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राज्यपाल द्वारा पुरस्कृत प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य जहां हिंदी भाषा की रचनात्मक और प्रभावी तरीके से सीखने की विधियों को बढ़ावा देना था। वहीं राखी प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों की सर्ज नात्मकता को बढ़ाना देना रहा। हिंदी टीएलएम में विभिन्न कक्षाओं के प्रतिभागियों ने अपने स्वयं निर्मित चार्ट मॉडल फ्लैश कार्ड जो तत्सम एवं तद्भव, स्वर व्यंजन पर आधारित और हिंदी कवियों सूरदास, कबीर, प्रेमचंद आदि के जीवन परिचय को भी मॉडल के माध्यम से प्रदर्शित किया गया।



सभी प्रस्तुतियां नवाचार सौंदर्य और विषय वस्तु के दृष्टिकोण से सराहनीय रही। प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार ने राखी मेकिंग प्रतियोगिता एवं हिंदी टीएलएम के विजेताओं को पुरस्कृत किया तथा कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में सर्ज नात्मकता और भाषा प्रेम को प्रोत्साहन देते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शिक्षक इंद्रजीत सिंह, आस्था, अमित कुमार, सुशील कुमार आदि का सक्रिय योगदान रहा।

# शुकतीर्थ खादर में आई बाढ़, दर्जनों गांव से सम्पर्क टूटा

मोरना। शिवालिक पहाड़ी क्षेत्र मे हो रही बारिश के चलते गंगा व सोलानी नदी उफान पर हैं। क्षेत्र मे बहने वाली नदियों का पानी किनारो से बाहर हो जाने के कारण क्षेत्र मे बाढ़ आ गयी है। वहीं शुकतीर्थ क्षेत्र मे आई बाढ़ के कारण खादर क्षेत्र के दर्जनों गांव का सम्पर्क टूट गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से त्वरित मदद की गुहार लगाई है।

शुकतीर्थ स्थित गंगा के पुल मे फंसी जल कुम्भी को निकालने का कार्य जारी है। जल कुम्भी फंसने के कारण पानी के बने दबाव से पुल के टूट जाने की आशंका बनी हुई है। इस पुल के द्वारा खादर क्षेत्र मे जाया जाता है। बिजनौर जनपद के दर्जनों गांव के ग्रामीण इस पुल के द्वारा ही शुकतीर्थ आकर प्रतिदिन की आवश्यकताओ को पूरा करते हैं। बाढ़ के चलते खादर जाने वाला मार्ग पूर्ण से जलमग्न हो गया है।ग्रामीणों ने बताया की इंछावाला, पुरोषोत्तमपुर, भगवतीपुर,रतनपुर, लुकाधडी, हाजीपुर बरामदा, शाहजहांपुर, शिवपुरी, डूंगरपुर, गोवर्धनपुर, सुल्तानपुर आदि गांव का सम्पर्क शुकतीर्थ से टूट गया है वहीं जंगल मे आबाद किसानो के डेरो पर रह रहे परिवार भी बाढ़ मे फंस गये हैं।

मुज़फ्फरनगर-बिजनौर जनपद की सीमा पर आबाद गांव अथवा डेरो पर निवास करने वाले ग्रामीणों ने बताया की आठ नो किलोमीटर तक वह ट्रेक्टर ट्रॉली की बड़ी टड्ूब की सहायता से तैर कर अपने गांव अथवा डेरो तक पहुंच रहे हैं। अगर नाव अथवा बोट आदि की व्यवस्था हो जाये तो वहां से परिवार वालों को निकाला जा सकता है।अगर और पानी आ गया तो जनहानि हो सकती है।

वहीं किसानो ने बताया की फसलों के ऊपर से पानी गुजर रहा है। फसलों के समाप्त हो जाने पर वह आर्थिक संकट मे आ जाएंगे।वहीं तीर्थ वासियों ने बताया की शुकतीर्थ मे बना पुल संकरा होने के साथ गहराई मे बना हुआ है। अब आवश्यकता को ध्यान मे रखते हुए नये ऊँचे पुल का निर्माण आवश्यक हो गया है। वहीं खाईखेड़ी शुगर मिल द्वारा लगाई गयी मशीन जलकुम्भी को हटवाया जा रहा है। मोके पर मौजूद मिल स्टाफ द्वारा किसानो की सम्भव सहायता का आश्वासन दिया गया है।



**शुकतीर्थ मे डूबी घाट की पेड़ियाँ**

शुकतीर्थ मे घाट की पेड़ियाँ बाढ़ के पानी मे डूब गयी हैं। श्रद्धालू सतर्क हो कर स्नान कर रहे हैं। वहीं गंगा सेवा समिति द्वारा श्रद्धालुओं से गहरे पानी मे न जाने की सलाह दी रही है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को पुलिस तैनात की गयी है।

# तमंचा टेस्ट करते समय लगी थी छोटे भाई को गोली

**बुढ़ाना।** अगर पुलिस सही तरीके से जांच करे तो वह 24 घंटे से भी कम समय में दूध का दूध और पानी का पानी कर सकती है। ऐसा ही एक ताजा मामला आज शनिवार के दिन बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में देखने को मिला। बुढ़ाना पुलिस को बीती देर रात सूचना मिली कि एक घर में घुसे 2 बदमाशों ने मकान मालिक के पुत्र को गोली मार दी तो पुलिस में हड़कंप मच गया। मौके पर एसपी देहात आदित्य बंसल, सीओ गजेंद्र पाल सिंह, कोतवाल आनंद देव मिश्र, क्राइम इंस्पेक्टर धर्मवीर सिंह, एसएसआई ललित कुमार शर्मा और उमरपुर पुलिस चौकी इंचार्ज सुरेंद्र राव पहुंचे और घायल को हस्पताल भिजवाकर घायल के परि. जनों, पड़ोसियों व ग्रामीणो से घटना की बाबत अलग अलग बात की तो अलग अलग ब्यानों के चलते पुलिस को घटना संदिग्ध लगी तो पुलिस ने घायल किशोर से सहानूभूति जताते हुए बातचीत की और उसकी पूरी मदद करने का आश्वासन दिया तो घायल किशोर तारिक पुत्र जकाउल्ला ने घटना के बारे में जो बुढाना पुलिस को बताया है तो वह बात चौंकाने वाली थी। गोली बड़े भाई तालिब ने तमंचा टेस्ट करते हुए चलाई थी जो सामने खड़े उसके छोटे भाई के हाथ में लग गयी। पुलिस ने तालिब पुत्र जकाउल्ला को हिरासत में लेकर मात्र 12 घंटे से भी कम समय में घटना का सही खुलासा करते हुए अवैध तमंचा, कारतूस व खोखा भी बरामद कर लिया। अब बुढ़ाना पुलिस ने उक्त आरोपी तालिब खान को जेल भेजने की तैयारी शुरु कर दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने पुरकाजी में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा



**पुरकाजी।** उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने आज पुरकाजी विधानसभा क्षेत्र में बाढ़ से प्रभावित इलाकों का दौरा किया। उन्होंने बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया और प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ व्यवस्थापन पर विस्तृत चर्चा की और राहत कार्यों को तेज करने के लिए जरूरी निर्देश जारी किए।

कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने गांव-गांव जाकर बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने कहा, ष्हम अपने लोगों के साथ हर संकट में खड़े हैं। सरकार बाढ़ प्रभावितों को हर संभव मदद प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस निरीक्षण में कैबिनेट मंत्री के साथ कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि विनय मित्तल, मंडल अध्यक्ष, गौरव कुमार उर्फ (मोनू),प्रभात तोमर, रामनिवास पाल, थाना प्रभारी जयवीर सिंह, किसान सहकारी समिति के डायरेक्टर धीरसिंह गुर्जर, मनोज चौहान, संदीप चेयरमैन (बेहडी), गौरव राठी, सुनील प्रधान (मांडला), अमित गोयल, विपिन गोयल, रॉबिन गोयल, निशु चौधरी, जॉनी आर्य, वीरेंद्र प्रधान (जगाहेड़ी), एडवोकेट गोपाल सिंह, और चेयरमैन पुत्र बशारत खान सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### भारी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया रक्षा बन्धन का त्यौहार



**पुरकाजी।** कस्बे सहित क्षेत्र भर मे बहन भाई के अटूट प्यार बंधन का प्रतीक रक्षा बंधन (राखी) का त्यौहार भारी श्रद्धा और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया है।

इस अवसर पर बहनो ने भाईयों की चौखट पर पहुंचकर भाईयो की कलाई पर राखी (रक्षासूत्र) बांधकर मंगल तिलक कर बहनो द्वारा भाईयो की दीर्घायु की मंगल कामनाए की गयी है

सावन की पूर्णिमा अर्थात सावन भादो का मिला-जुला दिन शनिवार को भाई - बहन के अटूट प्यार विश्वास रक्षा संकल्प का प्रतीक रक्षा बंधन (राखी) का त्यौहार शहर से लेकर ग्रामीण आंचालो तकभारतीय संस्कृति परम्परा गत रिति रिवाजो के अनुसार भारी श्रद्धा और उत्साह के साथ धूमधाम मनाया गया है। इस दौरान प्रत्येक बहन द्वारा अपने भाई की चौखट पर पहुंचकर भाईयो की कलाई पर राखी ( रक्षा सूत्र अटूट प्यार के धागे ) बांधकर मंगल तिलक कर ईश्वर से अपने भाईयो की सलामती सुख समृद्धि और लम्बी उम्र की मंगल कामनाए की गयी है। इस दौरान भाईया द्वारा बहनो को उपहार देकर उनकी रक्षा करने का संकल्प को दोहराया गया है।

### सैक्टर ,बूथ कमैटियों की समीक्षा तथा कैडर कैंप की मीटिंग हुई आयोजित




**चरथावल।** नगर मे बसपा की सेक्टर, बूथ कमेटीयों तथा केडर केम्प की मीटिंग का आयोजन किया गया मीटिंग मे मुख्य अतिथि कई राज्यों के पूर्व प्रभारी,पूर्व डस्ब्डा. मेघराज जरावरे जी तथा उत्तराखंड के पूर्व प्रभारी एवं मंडल प्रभारी नरेश गौतम जी रहे। उन्होने कहा कि 2027 में प्रदेश में बसपा की सरकार बनने वाली है। मुस्लिम- दलित-पिछड़ा तथा वंचित-शोषित ग़रीब समाज समझ चुका है कि प्रदेश में भाजपा को सिर्फ़ बसपा ही हराकर सरकार से हटा सकती है। ये काम सपा की ताक़त से बाहर है। भाजपा की जनविरोधी सरकार को हटाने के लिए सभी वर्गों के लोग बड़ी संख्या में बसपा से जुड़ने लगे हैं। पूरे प्रदेश में ज़मीनी स्तर पर तेजी से काम चल रहा है जिसे गोदी मीडिया दिखाना नहीं चाहता। सपा भाजपा से मिली हुई है। बैठक में मंडल प्रभारी सतीश रवि-आनंद प्रकाश , ज़िला प्रभारी तेजपाल सिंह-प्रवीण कुमार,सत्यप्रकाश बर्मन,प्रेमचंद गौतम,इंतज़ार राणा, उपकार बावरा,राहुल ठाकुर,अरविन्द गौतम,नसीम त्यागी,श्रवण कुमार,रै"यान त्यागी,रब्बान त्यागी,सतपाल कश्यप,अनूप सिंह,बिटू,वसीम अंसारी ,वारिस त्यागी,शंभू त्यागी,राशिद अंसारी सभासद, इसरार साबरी प्रधान, ज़ाहिद हसन फजलुर्रहमान त्यागी,नौशाद रंगरेज,नय्यूम त्यागी सभासद,फिरोज़ अंसारी सभासद,असलम त्यागी,आसिफ़ त्यागी डायरेक्टर,तसनीम उर्फ लाल्ला त्यागी प्रधान,मौलाना सिराज अब्बासी,इमरान त्यागी,सलीम मलिक सभासद,वाजिद त्यागी,शौकीन त्यागी,चौ फरहाद अली, सलीम उपर्फ पाल्ली अंसारी,निसार त्यागी,साजिद त्यागी,मुरसलीन त्यागी आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे,रहे

बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पुष्पान्कर पाल तथा हाजी अहसान त्यागी नेता जी ने संयुद्र रूप से की। संचालन नसीम त्यागी ने किया वही मुख्य अतिथि जहाँ मीटिंग मे जुटी मुस्लिम समाज की भीड़ से गदगद नजर आए वही मीटिंग के आयोजक इरसाद एडवोकेट द्वारा क्षेत्र मे किए जा रहे पाटह्न हितो के कार्यो की सराहना करते हुए 2027 के आगामी विधानसभा चुनाव मे इरसाद एडवोकेट को इशारो ही इशारो मे हरि झंडी देकर चरथावल विधानसभा सीट फिर से बसपा की झोली मे डालने का इशारा कर गए वही क्षेत्र मे जहाँ पिछले दो विधानसभा चुनावों मे पाटह्न का प्रदर्शन खराब रहा है वही कार्यक्रम मे जुटी भीड़ ने साफ संदेश दे दिया की इरसाद एडवोकेट लोकल होने की वजह से आगामी चुनावों मे क्षेत्रवासी उन्हें भरपूर समर्थन देंगे

# धूमधाम के साथ रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानसठ।** बहन भाई के असीम प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन के पावन पर्व पर बहनों ने अपने भाइयों के घर पहुंचकर राखी बांधकर रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया।

इस दौरान बहनों ने अपने भाई के लिए दीर्घायु की कामना की, भाइयों ने अपनी बहनों को उपहार एवं रुपए भेंट किए।

शनिवार को रक्षाबंधन के उपलक्ष में बाजार सजे हुए रहे। एक तरफ जहां तरह-तरह की राखी से से दुकानें सजी हुई थी जिन पर महिलाएं एवं लड़कियां अपनी-अपनी पसंद की राखी खरी. दती देखी गई। वहीं दूसरी ओर मिठाइयों की दुकानों पर भी सर्वाधिक भीड़ देखने को मिली।



इस दौरान बाजारों में भीड़ उमड़ी वहीं दूसरी ओर सड़कों पर निजी टू व्हीलर एवं फोर व्हीलर वाहनों से लोग आते-जाते देखे गए। बहनों ने अपने-अपने मायके में पहुंचकर अपने भाइयों को राखी बांधकर जहां अपनी सुरक्षा की जिम्मेदारी का एहसास कराया वहीं अपने भाई की लंबी आयु कि भगवान से कामना की। भाइयों ने भी अपनी बहनों को तरह-तरह के उपहार भेंट किए।

# रक्षा बंधन के त्यौहार पर उमड़ी बहनों की भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** भाई बहन का अटूट प्रेम का प्रतीक रक्षा बंधन के त्यौहार को लेकर शहर से लेकर देहात तक सडक पर दिनभर बहनो की अपार भीड रही है ।

सडक पर सुबह से ही भारी संख्या मे दूपहिए वाहनों भीड देखी गयी है उधर परिवहन निगम की बसो में भी बहनो की भीड काफी रही है

शनिवार को भाई बहन के पवित्र रिस्तो बन्धन रक्षा ब्विास और अटूट प्रेम का प्रतीक रक्षा बंधनद्धरा खी ऋ के त्यौहार पर दिन निकलते ही बाईक तथा अन्य निजी वाहनो की अपार भीड उमड पड़ी देखते ही देखते नजारा ऐसा बन गया जिधर देखे भीड नजर आइ श सडक पर जाम जैसी स्थिति बनी रही सडक पार करना मुस्किल रहा उधर भाईयो के लिए राखी और मिठाईया खरीदने के लिए पुराने हाईवे से लेकर देहात की ओर जाने वाले मार्ग पुरकाजी लक्सर मार्ग पर दिनभर भारी भीड रही है ।

हालकि शेरपुर खादर क्षेत्र के बाढ की चपेट मे आये दर्जनो ग्रामो के मुख्य मार्ग बाढ के पानी से लबालब है मगर बहनो की आस्था और भाई बहन के अटूट प्रेम के चलते बहनो के कदम जरा भी नही डगमंगाये है कस्बे से लेकर देहात तक दिनभर रक्षा बंधन को लेकर दिनभर बहनो का भारी आवागमन रहा है ।

## रक्षाबंधन पर निजी वाहनों ने वसूला मनमाना किराया

**बुढ़ाना।** कस्बा और क्षेत्र में रक्षाबंधन के पर्व पर सडक पर वाहनों की भारी भीड रही। रोडवेज की बसें कम होने के कारण निजी वाहन चालकों ने यात्रियों से अपनी मर्जी से मनमाना किराया वसूला। मिली जानक. ारी के अनुसार रक्षाबंधन के पर्व पर शनिवार को प्रात: काल से ही लोगों के आने जाने का सिलसिला जारी रहा। लिंक मार्ग से लेकर जनपदीय मार्ग तथा हाइवे पर वाहनों की भारी भीड रही। रोडवेज की बस के इंतजार में बस अढ्ढों पर यात्रियों की भीड लगी रही। उधर मेरठ वाया करनाल हाइवे पर निजी वाहन चालकों ने भारी भीड का लाभ उठाते हुए अपनी मर्जी से मनमाना किराया वसूला। हाइवे तथा जनपदीय मार्ग पर यात्रियों की भीड के कारण रोडवेज की बसों का टोटा रहा। इस दौरान डग्गामार वाहनों की पौ बारह रही जबकि सवारियां भारी भीड़ और रोडवेज बसों की कमी के चलते काफी परेशान देखी गयी।

# एसपी देहात ने मीरांपुर थाने में की अपराध समीक्षा, दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल ने थाना मीरापुर में नियुक्त विवेचकों के साथ लंबित विवेचनाओं, महिला संबंधी अपराध, प्रार्थना पत्रों एवं वांछित वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी की प्रगति की समीक्षा की।

उन्होंने सभी विवेचकों को समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण तरीके से मामलों का निस्तारण करने एवं अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए। साथ ही थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों, अवैध शराब, जुआ और सटा पर पूर्ण रोकथाम करने, शातिर अपराधियों एवं हिस्ट्रीशीटरों का सत्यापन करने और आम जनता से शालीनतापूर्ण व्यवहार करने के निर्देश दिए। एसपी ग्रामीण ने विशेष रूप से महिला संबंधी अपराधों की जांच को प्राथमिकता देने और थाना क्षेत्र में नियमित पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने गैंगस्टर अधिनियम के तहत पंजीख्रत अभियोगों के अंतर्गत अपराधियों की संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई तेज करने, हिस्ट्रीशीटरों की समय-समय पर चेकिंग करने और फ्लाई शीट में प्रविष्टियां पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए।

## मृतकों के परिजनों को दी गई सांत्वना

**बुढ़ाना।** स्थानीय ब्लाक क्षेत्र के गांव जौला में बीती शुक्रवार की देर रात मुस्लिम राजपूत वेलफेयर एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी राव रहीम चौहान पहुंचे और जौला सेवा संगठन की टीम के साथ बीती 31 जुलाई की देर रात गांव जौला में ही कांधला रोड पर हुए एक सडक हादसे में मारे गये चाचा अब्दुल राणा और उसके भतीजे सलमान की मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए दोनों मृतकों के परिवार वालों को सांत्वना दी। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से डॉक्टर अरशद सरवट, नाजिम चौहान, बूंदा पूर्व प्रधान गांव दीदाहेड़ी, जौला सेवा संगठन टीम के सदस्यों में सलीम राणा, नौशाद राणा, असलम ठाकुर, आरिफ राणा, राव आमिर पुंडीर, सिकंदर उर्फ बबलू, मुर्तजा और साबिर आदि ग्रामीणों की मौजूदगी देखने को मिली।

# रक्षाबंधन पर्व हर्षोल्लास से मनाया

## हवन, भजन, कविता पाठ और मिष्ठान वितरण से गूंजा वातावरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** आर्य समाज शिवपुरी में शनिवार को श्रावणी उपाक्रम एवं रक्षाबंधन पर्व पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वेद मंत्रों के साथ हवन, भजन व कविता पाठ प्रस्तुत किए गए और उपस्थित जनों को मिष्ठान वितरित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान आर्य प्रति. निधि सभा मुजफ्फरनगर के केंद्र आर्य जिला अध्यक्ष ने बताया कि यह पर्व वैदिक काल से प्रचलित है, जिसका मूल नाम श्रावणी उपाक्रम है। बाद में इसे रक्षा सूत्र कहा जाने लगा। वैदिक परंपरा के अनुसार 30 दिन वेद अध्ययन प्रारंभ करने वालों का उपनयन संस्कार इसी दिन होता था। इस दिन लोग पुराना जनेऊ उतारकर नया धारण करते और माता-पिता व ऋषियों के ऋण के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते थे। उन्होंने बताया कि रक्षा सूत्र के नाम के कारण गरीब ब्राह्मण, निर्बल वर्ग, महिलाएं व बालिकाएं उन व्यक्तियों को राखी बांधती थीं जो उनकी रक्षा का वचन देते थे। यह सामाजिक समरसता का प्रतीक पर्व था, जो अब मुख्यत: भाई-बहन के संबंध तक सीमित हो गया है, लेकिन इसका प्रचलन विश्वभर में है।

इस अवसर पर भगवान सिंह ने प्रेम व एकता के साथ पर्व मनाने का संदेश दिया, जबकि डीडी आर्य ने इसे बहन-भाई के अमर प्रेम का प्रतीक बताया। आर्य भजन उपदे. शिका सुकीर्ति ने पर्व से संबंधित भजन प्रस्तुत किए। कुमारी दीक्षिता और कुमारी निरोक्षा ने कविता पाठ किया।कार्यक्रम में प्रधान जगदीश सिंह, सुशील आर्य, शोभाराम आर्य, चरण सिंह आर्य, वीरेंद्र आर्य, भगवान सिंह आर्य, राजेंद्र सिंह, हरि राजकुमार, शिशुपाल आर्य, रामानंद आर्य, सुरेश फौजी, डीडी आर्य, भगवान सिंह और कुमारी सोना सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। यज्ञ का संचालन पुरोहित अजेश आर्य ने किया, जिसमें सत्येंद्र आर्य द्धसंरक्षक, आर्य समाज शिवपुरीऋ यजमान रहे। नगर एवं देहात क्षेत्र में धूमधाम के साथ रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया गया।

# पड़ोसी की दबंगई से पीड़ित हुए व्यक्ति ने कार्रवाई को लगाई गुहार

**भोपा।** गांव सिकंदरपुर निवासी व्यक्ति ने पडोसी पर दबँगई दिखाने व मारपीट पर उतारू होकर भयभीत करने के आरोप लगाते हुए कार्रवाई की गुहार पुलिस से लगाई है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव सिकंद. रपुर निवासी आदेश कुमार ने थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह बाहर रह कर चीनी मिल मे नौकरी करता है। घर पर उसकी पत्नी तथा 11 वर्ष का बेटा रहता है। आरोप है कि पड़ोस का ही रहने वाला व्यक्ति आजाद उनसे रंजिश रखता है, जिसके चलते वह आए दिन उन्हें तथा बच्चों को गाली-गलौच करता रहता है। दो दिन पूर्व वह घर पर आया हुआ था। खेत पर काम करने के बाद शाम को बाइक से घर वापस लौट रहा था। उसी समय आजाद ने रास्ते में उसकी बाइक को रोक लिया और गाली गलौज करने लगा। इसके बाद पीडित किसी तरह आरोपी से बचकर अपने घर आ गया। आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आया और देर शाम उनके घर के सामने खड़ा होकर गाली गलौज करने लगा। विरोध किया तो पत्थर उठाकर घरों में फेंकने शुरू कर दिये। कुछ देर बाद वह लोगों के समझाने पर धमकी देता हुआ वहा से चला गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी हैं।

# हिंडन नदी में आया उफान, हर वर्ष लेती है भेंट

## शोक समन्दर व गंदगी की भरमार, क्षेत्र के लोगों के चेहरे पर चिंता की लकीरे

**( नसीम कुरैशी )**

**बुढ़ाना।** कस्बे की हिंडन नदी अब इस समय अपने पूरे उफान पर है। इससे पहले नदी में कम पानी था और शोक समंदर और गंदगी की जबरदस्त भरमार थी मगर आज शनिवार की सुबह से ही हिंडन नदी अब अपने पूरे यौवन पर दिखाई पड़ रही है। जिसको देखने वालों की संख्या काफी है वे हिंडन का दीदार कर पहले वाली नदी के बारे में सोच रहे हैं कि क्या ये वो ही हिंडन नदी है जिसमें सिक्का उनको साफ दिखाई पड़ता था। इस नदी के बारे में एक और कहानी प्रचलित है कि ये बुढ़ाना क्षेत्र में हर साल किसी ना किसी व्यक्ति की बलि लेती है। बड़े बुजुर्ग भी इस बात को आज भी स्वीकार करते हैं और कहते हैं कि इस नदी ने अब तक एक सौ से भी अधिक लोगों की किसी ना किसी कारण से बलि ले लीध। कस्बे के एक किशोर की लाश का तो आज तक भी पता नहीं है। वह किशोर इस नदी में डूब गया था। काफी तलाश हुई लेकिन शव नहीं मिला। ग़म में मां भी चल बसी और अब पिता हैं जिनको अपने पुत्र को आखिरी बार देखने का सपना सिर्फ सपना ही बनकर रह गया। हिंडन नदी में आज सुबह से ही पुल पार सफीपुर पटी में नदी किनारे स्थित कई खेतों में पानी भर गया है। आसपास में रहने वाले सैंकड़ों से भी ज्यादा परिवार दहशत में आ गए हैं। पिछले सालों की तरह लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त ना हो जाए इसको लेकर बस्ती के लोगों के चेहरे पर चिंता की लकीरें बिल्कुल साफ दिखाई पड़ रही हैं। अगर नदी एक दो दिन इसी तरह से अपने उफान पर रही तो पानी आबादी की ओर बढ़ेगा ये तय है। पहले तो दर्जनों घर डूब गये थे और लोग यहां से पलायन तक कर गये थे। नदी के किनारे काफी किसानों ने अपने खेतों में विभिन्न फसलों को बोया हुआ है। वे भी नदी के उफान को लेकर चिंताग्रस्त हैं। कुल मिलाकर हिंडन नदी में जलस्तर फिलहाल बढ़ रहा है और आसपास निवास करने वाले ग्रामीण, खेत मालिक और प्रतिष्ठान चलाने वाले घबराए हुए हैं। हिंडन नदी के उफान को लेकर मदनलालध हस्पताल के आनर डाक्टर सोनू कश्यप का कहना है कि इससे पहले किसी का कोई भी नुक्सान हो तो स्थानीय प्रशासन को उचित कदम उठा लेने चाहिएं।

# शुकतीर्थ में मंत्रोच्चार के बीच सम्पन्न हुआ श्रावणी उपाकर्म

**मोरना।** शुकतीर्थ में सैकड़ों सनातन धर्म के लोगों ने गंगा तट पर विधिविधान के साथ मंत्रोच्चार के बीच गंगा स्नान, पंच गव्यों से स्नान व पूजन कर श्रावणी उपाकर्म पर्व मनाया। मंत्रोच्चार के बीच दसविध स्नान, पंचगव्य परासन के द्वारा पापों का प्रायश्चित किया तथा देवता, ऋषियों व पितरों का तर्पण किया। इसके पश्चात प्राचीन श्री दण्डी आश्रम में हवन यज्ञ के बाद विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया।

आचार्य राजीव मिश्र ने बताया कि श्रावणी पर्व पर द्विजत्व के संकल्प का नवीनीकरण किया जाता है। उसके लिए परंपरागत ढंग से तीर्थ अवगाहन, दशस्नान, हेमाद्रि संकल्प एवं तर्पण आदि कर्म किए जाते हैं। श्रावणी के कर्मकांड में पाप-निवारण के लिए हेमाद्रि संकल्प कराया जाता है, जिसमें भविष्य में पातकों, उपपातकों और महापातकों से बचने, परद्रव्य अपहरण न करने, परनिंदा न करने, आहार-विहार का ध्यान रखने, हिंसा न करने, इंद्रियों का संयम करने एवं सदाचरण करने की प्रतिज्ञा ली जाती है। हेमाद्रि संकल्प, दशविध स्नान, ऋषि तर्पण, देव और पितृ तर्पण किया जाता है। जनेऊ को बदलने और उसको पूजन करने का कार्य इसी दिन होता है। इसे श्रावणी उपाकर्म कहते हैं। श्रावणी उपाकर्म में



यज्ञोपवीत पूजन और उपनयन संस्कार करने का विधान है। श्रावण पूर्णिमा पर रक्षासूत्र बांधने, यज्ञोपवीत धारण करने, व्रत करके गंगा स्नान करने, दान करने, ऋषि पूजन करने, तर्पण करने और तप करने का महत्व रहता है। गंगा में गोदुग्ध, दही, घृत, गोबर और गोमूत्र तथा पवित्र कुशा से स्नान कर और उसको मंत्र उच्चारण के साथ गंगा में लगभग दो घंटे खड़े होकर पंचगव्य के रूप में ग्रहण किया जाता है, जिससे वर्ष भर में जाने-अनजाने में हुए पापकर्मों का प्रायश्चित्त कर जीवन को सकारात्मकता दिशा मिलती है। नवीन यज्ञोपवीत या जनेऊ धारण करना अर्थात आत्म संयम का संस्कार होना माना जाता है। इस संस्कार से व्यक्ति का दूसरा जन्म हुआ माना जाता है। इसका अर्थ यह है कि जो व्यक्ति आत्म संयमी है, वही संस्कार से दूसरा जन्म पाता है। ब्रह्म और सप्तऋषि पूजन के बाद गंगा में खड़े होकर ब्रह्मकर्म श्रावणी संपन्न हुई। स्नान के बाद श्री दण्डी आश्रम में विधि विधान से ऋषिपूजन, प्रायश्चित, यज्ञोपवीत पूजन व हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसके उपरांत विशाल भण्डारे का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्राचीन दण्डी आश्रम के प्रबंधक मनोहरलाल शर्मा, मोहित शास्त्री, अमित शर्मा, बनवारी लाल, हर्षित मिश्रा, गंगादत्त शर्मा, काशीदत्त शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** भाई बहन के अटूट स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व कस्बे एवं क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी और उनके लंबे जीवन की कामना की। प्राप्त जानकारी के अनुसार

रक्षा बंधन को लेकर शनिवार को पूरे क्षेत्र में धूमधाम रही। बहनों का सुबह से ही भाइयों के घरों पर आने का सिलसिला शुरू हो गया था।

हल्की बारिश होने के बाद भी बहने ससुराल से घर आई और भाइयों की कलाइंयों पर राखी बाँधकर उन्हें तिलक कर मिठाई खिलाई। बहनों ने भाइयों के दीर्घायु होने की कामना की। भाइयों ने बहनो को नगद पैसे व उपहार दिये। त्योहार को लेकर भाई-बहन काफ़ी ख़ुश नज़र आये।



पुलिसकर्मियों को भी समाज के कई वर्गों व राजनीतिक दलों की बहनों ने राखी बाँधकर अपनी सुरक्षा का वचन लिया। पूरा दिन क्षेत्र में भीड़ नज़र आई। मिठाई की दुकानों पर काफ़ी संख्या में लोग ख़रीदारी करते दिखे। रोडवेज बसों में बहन व साथ में एक सहयात्री को मुफ्त यात्रा का असर दिखा। रोज़ाना ख़ाली घूमने वाली बसों में रक्षाबंधन के पर्व पर खूब भीड़ दिखाई दीं।

# बाढ़ के पानी में पैदल उतरे डीएम, प्रभावित लोगों का जाना हाल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शनिवार को डीएम अभिषेक पांडेय ने गढ़मुक्तेश्वर के बृजघाट क्षेत्र में पहुंचकर बाढ़ का जायजा लिया। डीएम ने नाव से बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया और पानी में घिरे गांवों के लोगों से मिलकर उनका हालचाल जाना। इस दौरान डीएम ने बाढ़ पीड़ितों को आश्वासन दिया कि प्रशासन उनके साथ है और उन्हें हरसंभव मदद देगा।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावित परिवारों को समय पर भोजन और चिकित्सा सुविधाएँ मिलें। उन्होंने खुद भी पीड़ित परिवारों को राशन किट बांटे।

उन्होंने कहा कि प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि कोई भी व्यक्ति भूखा न रहे और सभी को ज़रूरी मदद मिले। डीएम ने एसडीएम को आदेश दिया कि राहत शिविरों में साफ-सफाई और पीने के पानी का पूरा ध्यान रखा जाए ताकि बीमारियाँ न फैलें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को भी नियमित स्वास्थ्य जांच शिविर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्थानीय लोगों की समस्याएं भी सुनीं और उन्हें भरोसा दिलाया कि जब तक हालात सामान्य नहीं हो जाते, राहत कार्य जारी रहेंगे।

# आकाशीय बिजली गिरने से किशोर की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** धौलाना थाना क्षेत्र के गांव पिपलैडा में शनिवार को 14 वर्षीय किशोर आतिफ की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। यह घटना सुबह करीब 8 बजे हुई, जब आतिफ अपने घर के बाहर बारिश का आनंद ले रहा था। जानकारी के अनुसार आतिफ, जो जुल्फिकार का पुत्र था और कक्षा 6 में पढ़ता था। अचानक तेज गर्जना और बिजली चमकने के बीच आक. ाशीय बिजली की चपेट में आ गया। बिजली सीधे उस पर गिरी,जिससे वह मौके पर ही बेहोश हो गया। परिजनों और ग्रामीणों ने उसे तुरंत बचाने का प्रयास किया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इस दुखद खबर ने पूरे गांव में शोक का माहौल बना दिया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि आतिफ एक होनहार और मिलनसार बच्चा था, जिसे सभी बहुत पसंद करते थे। उसकी अचानक मृत्यु ने पूरे गांव को सदमे में डाल दिया है। परिजनों ने गहरे दुख के कारण आतिफ का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। हालाँकि कुछ ग्रामीणों ने प्रशासन से प्रभावित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की है। धौलाना थाना प्रभारी निरीक्षक



देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आतिफ की मौत का कारण आकाशीय बिजली गिरना ही सामने आ रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि परिजनों ने किसी भी कानूनी कार्रवाई से इनकार किया है।

# रक्षाबंधन पर पुलिस रही अलर्ट, एसपी ने खुद संभाली कमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में रक्षाबंधन त्योहार पर पुलिस पूरी तरह सक्रिय रही। एसपी ने पुलिस बल के साथ सभी सार्वजनिक स्थलों और चौराहों का भ्रमण किया। त्योहार के दौरान शांति बनाए रखने के लिए पुलिस अलर्ट मोड में थी।

एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने रक्षाबंधन के त्योहार पर अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए जिले में पैदल गगश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही रक्षाबंधन के त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने ज़िलें के सभी प्रमुख स्थानों पर पुलिस जवानों की तैनाती की और खुद भी लगातार ज़िलें में भ्रमण करते रहे। बस स्टॉप, सरकारी और गैर-सरकारी स्थानों पर पुलिस तैनात की गई। साथ ही एसपी ने हापुड़ रेलवे स्टेशन की भी जांच की। एसपी ने पुलिस बल के साथ रेलवे स्टेशन पहुंचकर रेलवे स्टेशन पर बने कंट्रोल रूम से कैमरों के माध्यम से यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लिया और यात्रियों की सुरक्षा को लेकर पुलिसकर्मियों को ड्यूटी पर किसी भी प्रकार की ढीलाई नहीं बरतने के निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि अगर कहीं भी लोग बेवजह समूह बनाकर बस स्टॉप के आसपास दिखाई देते हैं, तो उन्हें तुरंत हटाया जाएगा। बाहर से आने-जाने वालों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इस बात का विशेष ध्यान रखा गया। त्योहार के कारण ज़िलें से होकर जाने वाले लोगों की संख्या बढ़ने से



जाम की स्थिति न बने, इसलिए बड़े वाहनों को वैकल्पिक मार्ग से भेजा गया। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि यात्रियों के सफर को सुगम बनाने के लिए लगातार पुलिस प्रशासन द्वारा क्षेत्र में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया जा रहा है। यात्रियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस द्वारा कड़ी निगरानी की जा रही है। पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को रक्षाबंधन के त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए निर्देशित किया गया है।


# टोल प्लाजा पर वाहनों का रेला, यात्रियों को झेलनी पड़ी मुश्किलें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर शनिवार को पिलखुवा स्थित टोल प्लाजा पर वाहनों का अत्यधिक दबाव रहा। सुबह से लेकर देर शाम तक टोल प्लाजा के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें दिखाई दीं।

पर्व के अवसर पर लोगों द्वारा अपने परिजनों से मिलने के लिए घरों की ओर लौटने के कारण यहां यातायात का दबाव सामान्य दिनों की तुलना में कई गुना अधिक था। हालांकि वाहनों की अधिक संख्या के कारण यात्रियों को कुछ परेशानी का सामना करना पड़ा, लेकिन टोल प्रशासन और पुलिस की मौजूदगी ने स्थिति को नियंत्रण में रखा।

अधिकारियों ने बताया कि



शनिवार की सुबह से ही वाहनों की संख्या में असामान्य वृद्धि दर्ज की गई, जिसके चलते अतिरिक्त कर्मियों को तैनात किया गया। उन्होंने दावा किया कि भीड़ के बावजूद वाहनों की आवाजाही को सुचारू बनाए रखने का पूरा प्रयास किया गया, ताकि यात्रियों को अधिक प्रतीक्षा न करनी पड़े।

# तिरंगा यात्रा का आयोजन आज स्वतंत्रता दिवस सप्ताह की धूम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** स्वतंत्रता दिवस सप्ताह के उपलक्ष्य में पिलखुवा नगर में आज एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा सुबह 10 बजे सर्वोदय इंटर कॉलेज से प्रारंभ होगी और कन्या पाठशाला तक जाएगी।

भाजपा मंडल महामंत्री अमित टांक ने बताया कि इस यात्रा में सांसद अतुल गर्ग, जिला अध्यक्ष नरेश तोमर और पालिका अध्यक्ष विभु बंसल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।



उन्होंने कहा कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य नगरवासियों में देशभक्ति की भावना को प्रबल करना है, ताकि स्वतंत्रता दिवस का महत्व सभी के हृदय में गहराई से उतर सके। भाजपा नगर मंडल और युवा मोर्चा के नेतृत्व में आयोजित इस यात्रा में युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों की बड़ी संख्या में भागीदारी होगी। प्रतिभागी हाथों में तिरंगा लेकर नगर की सड़कों पर देशभक्ति के गीत और नारों के साथ आगे बढ़ेंगे। टांक ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में इस यात्रा में शामिल होकर स्वतंत्रता दिवस सप्ताह को यादगार बनाएं।

# रक्षाबंधन पर्व पर भाई-बहन के प्यार से महक उठा शहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर शनिवार को पूरा पिलखुवा भाई-बहन के अटूट बंधन की मिठास में डूबा रहा। सुबह से ही बाजारों में चहल-पहल रही, जहां मिठाई की दुकानों पर लोगों की भीड़ उमड़ी रही। शहर की सड़कों पर त्योहारी रौनक देखते ही बनती थी।

इस अवसर पर बहनों ने भाइयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर उनके सुखी और दीर्घायु जीवन की कामना की। वहीं, भाइयों ने उपहारों और वादों के साथ जीवनभर सुरक्षा का संकल्प दोहराया। घर-घर में सजी पूजा की थालियों में राखी, रोली, दीपक और मिठाइयों की खुशबू ने त्योहार का माहौल और भी मनमोहक बना दिया। बच्चों में



भी इस पर्व को लेकर खासा उत्साह देखा गया, जो इस पारंपरिक रिश्ते की सुंदरता को और निखार रहा था।

## एक नजर

### चोरों ने बृजघाट गंगा घाट से की बाइक चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** गंगा नगरी निवासी ब्रजेश पाठक ने बताया कि उन्होंने 7 अगस्त को अपनी बाइक को आश्रम के बाहर खड़ी की थी। कुछ देर के बाद जब वह वापस आया तो देखा कि उनकी बाइक वहां से गायब थी। पीड़ित ने बाइक को तलाश किया, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बिजली चोरी करने का विरोध करना महिला को पड़ा महंगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव अठसैनी में बिजली चोरी के लिए कटिया डालने का विरोध करना महिला को भारी पड़ गया। आरोपी ने महिला की एक साल की बेटी को गोद से छीनकर जमीन पर पटक दिया। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ पिटाई कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी नूरजहां ने बताया कि उसका पड़ोसी उसके घर के सामने से गुजर रही बिजली की लाइन पर कटिया डालकर बिजली चोरी कर रहा था। उसने ऐसा करने से मना किया तो आरोपी ने गाली गलौज शुरू कर दी। उसने पुलिस को सूचना देने की बात कहीं तो आरोपी ने एक साल की बेटी को गोद से छीनकर जमीन पर पटक दिया। पीड़िता ने शोर मचाया तो आरोपी ने उसके साथ पिटाई कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मारपीट के दौरान बीच-बचाव करने वाले व्यक्ति के साथ की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव दौताई निवासी लक्ष्मी ने बताया कि उसके घर के बाहर दो लोगों के बीच मारपीट हो रही थी। इसी दौरान उसके पति प्रवेश ने उनको लड़ाई करने से मना किया तो एक युवक ने उसके पति के साथ ही गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने उनके साथ ही पिटाई शुरू कर दी है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### युवक ने लगाया मारपीट कर घायल करने का आरोप

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के मोहल्ला अहताबस्ती राम निवासी मोनू ने बताया कि शुक्रवार को बाजार से अपने घर के लिए जा रहा था। रास्ते में मोहल्ला निवासी युवक ने उसको रोक कर गाली गलौज की। पीड़ित ने उसका विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ पिटाई कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर जांच शुरू कर दी है।

### रक्षाबंधन पर हुआ हिंडोला महोत्सव

**कोसीकलां।** नगर में चल रहे हिंडोला महोत्सव शनिवार को मंदिरों में सजाई गई झांकियों के साथ संपन हो गया। पांच दिवसीय हिंडोला महोत्सव के समापन पर बल्देवगंज स्थित प्राचीन दाऊजी मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, तोताराम मंदिर, भगवती मंदिर, राधा माधव मंदिर, बाला. जी मंदिर में रक्षाबंधन पर्व पर ठाकुरजी को चांदी के हिंडोले में झूला झुलाने की झांकी सजाई गई। दाऊजी महाराज की सफेद घटा में दिव्य दर्शन कर श्रद्धालु हटने का नाम नहीं ले रहे थे। मंदिर में देशी विदेशी फूलों एवं अनेक प्रकार के इत्रों की खुशबू भक्तों को लुभा रही थी। जिससे मंदिर में भक्तों की लंबी कतार लगी रही। राधा माधव मंदिर पर महंत चौतंयदास महाराज ने ठाकुरजी को झूला झूलाया। कोकिलावन में बिहारीजी मंदिर पर झांकी देख सभी मुग्ध हो गए।



# चोरी की बाइक व चाकू के साथ आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** कोतवाली पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक वाहन चोर को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से एक चाकू भी बरामद किया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।



कोतवाली प्रभारी नीरज कुमार और ब्रजघाट चौकी इंचार्ज इंद्रकांत यादव ने बताया कि शुक्रवार की रात को ब्रजघाट पुलिस गंगा नगरी में गश्त कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली की एक संदिग्ध युवक बाइक पर घूम रहा है। पुलिस ने शमशान घाट मार्ग पर एक युवक को वाहन चेकिंग के दौरान रोका तो वह भागने लगा। पुलिस ने उसका पीछा करते हुए पकड़ा गया। पकड़ा गया आरोपी जनपद अमरोहा के गांव दियावली निवासी धर्मेंद्र सिंह है। आरोपी के पास से पुलिस ने क्षेत्र से चोरी की बाइक और एक चाकू बरामद किया। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# गढ़ रामलीला समिति में सुलह, रूपेश पंडित को फिर मिली कमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** गढ़ रामलीला समिति के अध्यक्ष पद को लेकर पिछले चार दिनों से जारी सियासी खींचतान और विवाद का माहौल चल रहा था। पूरे गढ़ नगर में इस मसले पर चर्चाओं का माहौल गर्म था, जहां एक ओर बैठकों का दौर चल रहा था, तो दूसरी ओर आरा. ेप-प्रत्यारोप की बौछारें हो रही थीं। मामले की शुरुआत उस समय हुई, जब समिति के एक पक्ष ने अचानक बैठक कर कौशल पांडियान को अध्यक्ष घोषित कर दिया। इस फैसले की भनक लगते ही दूसरे पक्ष में रोष फैल गया। विरोधियों ने आरोप लगाया कि चुनाव बिना किसी पूर्व सूचना और बिना एजेंडा साझा किए, गुपचुप तरीके से करा लिया गया। विवाद बढ़ता गया और



दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। आरोपों और जवाबी आरोपों के बीच नगर में तनाव का माहौल बन गया। इस खींचतान को खत्म करने के लिए पंचायती मंदिर में सर्व समाज की एक बड़ी बैठक बुलाई गई, जिसमें गढ़मुक्तेश्वर के गणमान्य नागरिक, समिति के वरिष्ठ सदस्य और बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए। बैठक के दौरान मौजूदा अध्यक्ष कौशल पांडियान ने माहौल शांत करने के प्रयास में अपना इस्तीफा सौंप दिया। आखिरकार लंबी चर्चा और सभी



पक्षों की राय-मशविरा के बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पूर्व अध्यक्ष रूपेश पंडित को एक बार फिर समिति की जिम्मेदारी सौंपी जाए। बैठक में मौजूद सभी लोगों ने नए अध्यक्ष को बधाई दी और रामलीला के आयोजन को सफल बनाने के लिए एकजुट होकर काम करने का संकल्प लिया।

# भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा ने श्रद्धा व वैदिक रीति से किया सामूहिक श्रावणी उपाकर्म

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा के विद्वानों ने महासभा संरक्षक डा. वासुदेव शर्मा के आचार्यत्व में सामूहिक श्रावणी उपाकर्म एवं पूजन विधि पूर्ण श्रद्धा और वैदिक परंपरा के साथ संपन्न की। इस अवसर पर सप्तऋषि पूजन, जनेऊ पूजन तथा संपूर्ण विधि-विधान से जनेऊ धारण किया गया।



महासभा अध्यक्ष पंडित केसी पांडेय काशी वाले ने बताया कि श्रावण पूर्णिमा, अर्थात रक्षाबंधन के दिन, पौरोहित्य कर्म कराने वाले धर्मज्ञ विप्रजन और सभी जनेऊ धारण करने वाले सनातन धर्मावलंबियों को यह पर्व अवश्य मनाना चाहिए। धर्मशास्त्रों के अनुसार श्रावणी उपाकर्म करने से व्यक्ति के ज्ञात-अज्ञात पापों का प्रायश्चित होता है और ब्रह्मतेज के साथ शरीर व मुखमंडल की आभा बनी रहती है। मीडिया प्रभारी आचार्य सर्वेश तिवारी ने कहा कि आज सनातन समाज में वेद-पुराण के प्रति उदासीनता के कारण इस महत्वपूर्ण संस्कार की जानकारी बहुत कम लोगों को है। रक्षाबंधन पर रक्षासूत्र बांधने जितना ही महत्वपूर्ण श्रावणी कर्म करना है, जिसके प्रति जागरूकता लाने के लिए महासभा लगातार प्रयासरत है। श्री चंडी मंदिर संस्कृत पाठशाला, हापुड़ में शुभ अभिजीत मुहूर्त और सर्वार्थसिद्धि योग में पूजन कार्यक्रम प्रारंभ हुआ, जिसमें सभी विद्वानों ने शास्त्रीय विधि से जनेऊ परिवर्तन किया।

# जिला कारागार में धूमधाम से मनाया गया रक्षा बंधन का त्योहार

**मथुरा।** कारागार में भाई-बहन का त्योहार रक्षाबन्धन बड़े धूम-धाम से मनाया गया। कारागार के बाहर मुलाकात हेतु आयी बहनों एवं माताओं को गर्मी से बचाव हेतु कारागार द्वारा टेन्ट लगवाकर छाया करवायी गयी। उक्त अवसर पर उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के पदाधिकारियों के द्वारा कारागार के बाहर मुलाकात के लिए आने वाली महिलाओं के पीने हेतु शीतल जल एवं शरबत का काउन्टर लगवाया गया। उनके द्वारा सभी के लिए एक-एक पैकट पारले बिस्कुट एवं बच्चों के लिए चॉकलेट की व्यवस्था करायी गयी। कारागार के अन्दर भी एक बड़ा टेन्ट लगवाया गया जिसमें बड़े कूलर लगवाये गये तथा मुलाकात स्थल पर शीतल जल का प्रबन्ध कराया गया। जो महिला किन्ही कारणों से राखी नही ला पायी उनकी सुविधा के लिए जगह-जगह राखी, रोली व चावल रखवाये गये। इस अवसर पर बाहर से 1549 महिला एवं 767 बच्चे इस प्रकार कुल 2316 परिजन अपने कुल 898 बंदियों से मुलाकात हेतु कारागार पर आये। 10 पुरूष भी बाहर से कारागार में निरूद्ध अपनी बहनो से राखी बंधवाने कारागार पर आये उनकी मुलाकात भी करायी गयी। कारागार में तैनात महिला कार्मिकों ने जेल अधीक्षक अंशुमन गर्ग एवं जेलर सुरेंद्र मोहन सिंह को अपना भाई मानकर उनको राखियां बांधी। उक्त के अतिरिक्त एक बहन जिसका भाई जिला कारागार मथुरा में ही निरुद्ध था उनकी भी मुलाकात कराकर राखियां बंधवायी गयी। रक्षा बन्धन का त्योहार सकुशल कारागार में संम्पन्न हुआ।

# भाइयों की कलाई पर बंधी स्नेह की डोर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** जिले में रक्षा बंधन पर्व धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी और सुरक्षा का वचन लिया। बारिश ने त्योहार में थोड़ा खलल डाला लेकिन लोगों का उत्साह फिर भी बना रहा।। सेक्टरों, सोसाइटियों से लेकर मंदिरों और स्कूलों में भाई-बहन के पर्व को मनाया गया। इससे पहले लोगों ने मंदिरों में पूजा-अर्जना की।

सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) के जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने सेक्टर-49 स्थित निवास पर बहनों से राखी बंधवाई। सेक्टर-100 की सेंचुरी अपार्टमेंट सोसाइटी निवासी आराध्या ने सुरक्षा कर्मियों और सुपरवाइजर को राखी बांधी। सेक्टर-19, कंचनजंगा अपार्टमेंट, सेक्टर-110 के लोटस पनाश सोसाइटी, सेक्टर-120 स्थित आम्रपाली जोडिएक, सेक्टर-137 स्थित एक्जोटिका फ्रेस्को समेत अन्य सोसाइटियों में पर्व मनाया गया।

भाइयों ने बहनों को मनपसंद उपहार दिए। छोटे-छोटे बच्चों से लेकर सभी उम्र के लोग त्योहार के रंग में डूबे नजर आए। ग्रेनो के सेक्टर अल्फा, बीटा, गामा, स्वर्ण नगरी, पाई, ओमेगा, चाई फाई, पी-3, पी-4, सिग्मा, म्यू, जू से लेकर रक्षा एडेला, संस्कृति विहार, अजनारा होम्स सहित 100 से अधिक सोसाइटियों में त्योहार मनाया गया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने बहनों को चाकलेट से लेकर अन्य उपहार दिए।

**मां, भाभी और बहन को बांधी राखी:** सेक्टर-19 निवासी रजनी ढौंडियाल जोशी ने बताया कि उन्होंने अपनी पांचों बहनों के साथ मां को लक्ष्मी ढौंडियाल और भाभी ज्योत्सना ढौंडियाल को राखी बांधी। सेक्टर-119 निवासी सोनी सिंह ने बताया कि उनकी दोनों बेटियों अक्षिता (16) और ऐशनी (10) ने एक-दूसरे को राखी बांधकर पर्व मनाया।

**नन्हे कैंसर वॉरियर्स के साथ मनाया पर्व:** चाइल्ड पीजीआई के पीएचओ विभाग में नन्हे कैंसर वॉरियर्स की कलाई पर स्टाफ और स्वयंसेवकों ने राखी बांधी। इस दौरान वॉर्ड में हंसी-खुशी, गीत-संगीत और मिठाइयों की मिठास घुल गई। स्वयंसेवकों ने बताया कि इन बच्चों की मुस्कान सबसे बड़ी जीत है। गौड़ सिटी-1 में रहने वाली अनीता नागर ने बताया कि वह अपने भाइयों के पास राखी बांधने के लिए नहीं जा सकीं। उन्होंने बताया कि वीडियो कॉल पर बात करके ही त्योहार मना लिया।

**दुकानों पर रही रौनक:** रबूपुरा। सुबह के समय से ही क्षेत्र की दुकानों पर रौनक रही। लोगों ने मिठाइयां खरीदीं। फलैदा, आछेपुर, रौनीजा, महमदपुर, मिर्जापुर समेत क्षेत्र के गांवों में भी त्योहार धूमधाम से मनाया गया। भाई-बहनों ने सुबह मंदिर में जाकर पूजा अर्चना की।

**पूर्व राष्ट्रपति को बांधी राखी:** ग्रेनो वेस्ट स्थित जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा आठ की छात्राएं आर्याही राय और आलिया सिंघल ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को राखी बांधी। उन्होंने बताया कि उनके लिए यह राखी अहम है। देश के पूर्व राष्ट्रपति से उनको मिलने का मौका मिला। इस खास पल जीवनभर संजोकर रखेंगी।

## राखी बांधने जेल पहुंचीं 2,137 बहनें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** लुक्सर स्थित जिला कारागार में बंद कैदियों और बंदियों को राखी बांधने उनकी बहनें पहुंचीं। 2,137 महिलाओं ने अपने भाइयों को राखी बांधी। जेल अधीक्षक बृजेश सिंह ने बताया कि सुबह से ही जेल परिसर में उत्साह का माहौल रहा। महिला मुलाकाती बहनें अपने भाइयों के लिए राखी, मिठाई और आशीर्वाद लेकर पहुंचीं।

दादरी स्थित शैफाली पब्लिक स्कूल के छात्रों ने एनडीआरएफ के जवानों को रक्षा सूत्र बांधा। प्रधानाचार्या शिल्पा सिंह और ईआरपी हेड राखी शर्मा ने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल बच्चों में देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित किया। बिलासपुर में बहनों ने भाई के माथे पर टीका लगाने के बाद कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा और मिठाई खिलाई। बिलासपुर की रिया नागर व शिवन्या ने अपने भाई अर्जुन नागर व पीयूष को राखी बांधी।

**पुलिस का सख्त पहरा रहा:** त्योहर के मद्देनजर पुलिस सतर्क रही। भीड़भाड़ और बढ़ते यातायात को देखते हुए प्रमुख चौराहों, बाजारों, शॉपिंग मॉल, रेस्तरां और पार्कों के आसपास पुलिस बल की अतिरिक्त तैनाती की गई। पुलिस ने अधिकारियों के नेतृत्व में जगह-जगह गश्त किया। बैरिकेडिंग कर वाहनों की जांच की गई। ट्रैफिक पुलिस ने भी यातायात व्यवस्था को संभालने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किया था। एडीसीपी ग्रेटर नोएडा सुधीर कुमार ने बताया कि सभी थानों को सतर्क रहने और अपने-अपने क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए थे।

# बस का इंतजार करते रहे लोग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** रक्षा बंधन के दिन आसपास के जिलों में जाने वाले लोगों की संख्या अधिक रही। मेरठ, अलीगढ़, बुलंदशहर समेत अन्य रूट के यात्री घंटों बस के इंतजार में खड़े रहे जबकि 188 बसों ने अतिरिक्त फेरे भी लगाए।

अधिकारियों के अनुसार, डिपो से आगरा, मथुरा, बुलंदशहर, एटा, कासगंज, बदायूं, लखनऊ, बरेली, मेरठ, हाथरस समेत तमाम शहरों की बसें जा रही हैं। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम गौतमबुद्ध नगर के क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज कुमार के अनुसार, रक्षा बंधन पर यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि चालकों और परिचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि सफर के दौरान महिलाओं की सुरक्षा प्राथमिकता होनी चाहिए।

**खली सार्वजनिक परिवहन की कमी:** शहर में एक से दूसरी जगह जाने में लोगों को सार्वजनिक परिवहन की कमी काफी खली। शनिवार को समय से न तो कैब मिल रही थी और न ही बाइक टैक्सी। ऑटो भी फुल थे। लोग एप आधारित टैक्सी सेवा बुक करने में जुटे रहे।

उन्हें रोज के मुकाबले अधिक किराया देना पड़ा। लोगों ने कहा कि अगर नोएडा में भी दिल्ली की तर्ज पर बस चलती तो सहूलियत रहती। मेट्रो टिकट के लिए भी लंबी लाइन लगी रही।

**डेढ़ घंटे में बुक हुई राइड:** सेक्टर-45 में रहने वाले संतोष कुमार ने बताया कि वह ग्रेनो वेस्ट तक बाइक टैक्सी से गए। पहले तो राइड बुक होने में ही डेढ़ घंटे का समय लग गया।

इसके बाद भी जब राइड बुक हुई तो तीन गुना रकम चुकानी पड़ी। सेक्टर-119 में रहने वाले सुभाष ने बताया कि उन्होंने सेक्टर-12 जाने के लिए राइड बुक की कोशिश 16 बार की लेकिन असफल रहे। अंत में उन्हें ऑटो से जाना पड़ा। वह भी 30 मिनट के इंतजार के बाद मिला।

# बिल्डिंग बॉयलॉज का उल्लंघन पड़ेगा भारी

**आवंटन किया जाएगा निरस्त, दो साल में दिए गए धारा-10 के नोटिस का होगा रिव्यू**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में जिन भवनों पर प्राधिकरण ने धारा 10 (बिल्डिंग बॉयलॉज) का नोटिस जारी किया है। नोटिस का पालन नहीं करने वाले आवंटियों का आवंटन निरस्त किया जाए। साथ ही दो साल में जारी किए गए सभी नोटिस का रिव्यू किया जाए। ये निर्देश प्राधिकरण सीईओ डा लोकेश एम ने दे दिया है।

इस प्रकार के नोटिस, जोकि आवंटियों को नहीं मिले है। परिसंपत्ति पर चस्पा कराए जाएं। सीईओ लोक. ेश एम ने कहा कि यूनीफाइड पालिसी के अंतर्गत भूखंड आवंटन के लिए योजना, शहर में अतिक्रमण, भूखंडों के सापेक्ष किए गए। सीआईसी, टीएम एवं उनसे प्राप्त धनराशि, विभिन्न परिसम्पत्तियों के आवंटियों को जारी किए गए धारा-10 के नोटिस, भंगेल एलिवेटेड रोड परियोजना एवं उसके नीचे के रोड के निर्माण की स्थिति, आइजीआरएस की शिकायत निपटारा की स्थिति, होने वाले जलभराव की समस्या के निराकरण किया जाए।

**दोनों अन्य प्राधिकरण से बनाए समन्वय:** सीईओ ने गौतमबुद्धनगर के अन्य दोनों प्राधिकरणों के साथ समन्वय कर भूखंड आवंटन के लिए यूनिफाइड पालिसी के अंतर्गत योजना लॉन्च की जाए। इस संबंध में वाणिज्यिक एवं औद्योगिक विभाग की ओर से भूखंड योजना लॉन्च की जा चुकी है। अन्य परिसंपत्ति विभागों को भी योजना लांच किए जाने की कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। परिसंपत्ति विभागों से विचार-विमर्श कर दो सालों में किए गए सीआईसी, टीएम के सापेक्ष प्राप्त की गई धनराशि का विवरण उपलब्ध कराने के लिए वित्त विभाग को निर्देश दिया गया।

**भंगेल एलिवेटेड के नीचे पूरा करे काम:** निर्माणाधीन भंगेल एलिवेटेड रोड परियोजना निर्माण कार्य पूर्ण कराने के साथ एलिवेटेड रोड के नीचे सड़क, नाली, बाक्स, कल्वर्ट का निर्माण पूर्ण कराने को कहा। अगले सप्ताह तक ड्रेनेज, रेन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य शुरू किया जाए। एलिवेटेड रोड के साथ एप्रोच रोड सुगम, लाइटिंग एवं फुटपाथ की समुचित ऊंचाई रखी जाए। प्रहरी एप का संचालन सभी विभागों की ओर से किया जाए, 15 अगस्त से ई आफिस पर काम शुरू किया जाए।

## दो पक्षों में हिंसक झड़प, लाठी-डंडे और फरसे चले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** दनकौर कोतवाली क्षेत्र के सुहेड़ी मोमद. ।नपुर गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गई। इस दौरान लोहे के फरसे और लाठी-डंडों से हमले में एक पक्ष के पिता-पुत्र घायल हो गए। दोनों का ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीड़ित विजयपाल ने पुलिस को बताया कि लगभग 40 वर्ष पहले उनके भाइयों के बीच पैतृक जमीन का बंटवारा हो गया था। उनका आरोप है कि उनके भाई की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। इसका फायदा उठाकर गांव के ही एक व्यक्ति ने उनके भाई से उनकी जमीन का फर्जी बैनामा करा लिया। शुक्रवार रात आरोपी पक्ष उनकी जमीन पर कब्जा करने लगा। जब विजयपाल ने विरोध किया तो आरोपियों ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर उनके घर पर हमला कर दिया। इस हमले में विजयपाल और उनके बेटे नरेंद्र घायल हो गए। नरेंद्र को गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने जगदीश, विकास उर्फ प्रधान, रामोतार, राघवेंद्र और सुनीता समेत 6 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# रक्षाबंधन पर हुई झमाझम बारिश, कई इलाकों में जलभराव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में शनिवार सुबह से मौसम में बदलाव देखने को मिला। यहां रात में वातावरण में क्लाउड बना। जिसके बाद यहां रात से रुक-रुक कर बारिश हो रही है। सुबह के समय कुछ देर के लिए बारिश रुकी थी। इसके बाद दोबारा से बारिश हो रही है।

इससे लोगों को उमस से राहत तो मिली है लेकिन त्योहार का दिन होने की वजह से लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। नोएडा अधिकतम तापमान 31 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री तक रहेगा। हवा की रफ्तार 7 किलोमीटर प्रतिघंटा है। मौसम विभाग की माने तो मानसून पश्विम विक्षोभ के सक्रिय होने से यहां बारिश हो रही है। आगामी दो से तीन दिनों तक बारिश होने की उम्मीद है। इसके बाद मौसम साफ होगा। धूप के साथ तापमान में इजाफा होगा। हालांकि लोगों को उमस से राहत मिली है।वहीं नोएडा एक्सप्रेस वे लिंक रोड के अलावा सेक्टर-62 एमपी-1,2 और 3 डीएससी रोड पर ट्रैफिक स्लो है। गाजियाबाद जाने वाले रास्तों पर यातायात स्लो है। जिससे लोगों को परेशानी का सामाना करना पड़ रहा है। वहीं सड़कों पर जलभराव की समस्या सामने आ रही है। नोएडा के गांवों में जलभराव हुआ है।

## एक नजर

### कूलर में करंट उतरने से युवक की मौत

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला कंचन में एक दुखद घटना सामने आई है। शुक्रवार रात को 42 वर्षीय सुनील शर्मा कूलर में पानी डालते समय करंट की चपेट में आ गए।

सुनील अपने घर में रखे कूलर में लोहे की बाल्टी से पानी डाल रहे थे। इसी दौरान अचानक कूलर में करंट दौड़ने लगा। वे गंभीर रूप से झुलस गए। परिजनों ने तुरंत उन्हें जेवर के एक अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में इलाज के दौरान देर रात सुनील की मौत हो गई। इससे पहले गुरुवार को भी इसी गांव में एक और दुर्घटना हुई थी। 21 वर्षीय मैकेनिक मुकेश की रेफ्रिजरेटर ठीक करते समय करंट लगने से मौत हो गई थी। दो दिनों के भीतर गांव में करंट से दो युवकों की मौत से क्षेत्र में शोक की लहर है। स्थानीय निवासियों में बिजली से संबंधित सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

### हर माह के दूसरे रविवार को नोएडा स्टेडियम में रफ्तार दिखाएंगे धावक

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** अब हर माह के दूसरे रविवार को नोएडा स्टेडियम में दौड़ प्रतियोगिता होगी। तीन श्रेणियों में होने वाली प्रतियोगिता में सभी की भागीदारी पूरी तरह नि:शुल्क होगी। इस दौरान विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

सेक्टर 21ए स्थित नोएडा स्टेडियम में आशा स्पोर्ट्स एकेडमी के संच. ालक आकाश श्रीवास्तव ने बताया कि हर महीने के दूसरे रविवार को दौड़ प्रतियोगिता के आयोजन का निर्णय लिया गया है। धावकों के लिए अलग-अलग आयु वर्गों में प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। श्रेणियों में अंडर-8 के लिए 400 मीटर दौड़, अंडर-14 के लिए 800 मीटर दौड़ और ओपन कैटेगरी के लिए 3000 मीटर दौड़ शामिल हैं। उन्होंने कहा कि आयोजन का उद्देश्य युवाओं में छुपी प्रतिभा को निखारने के लिए और लोगों में फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। नोएडा स्टेडियम के गेट नंबर 7 से इसकी शुरुआत होगी, जहां सभी तरह की कैटेगिरी के बच्चों के लिए विशेष सुविधाएं भी उपलब्ध रहेंगी।

**आयोजन के लाभ और पुरस्कार:** प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों का प्रवेश नि:शुल्क रखा गया है। उन्हें सिर्फ अपना पंजीकरण कराना होगा। वहीं प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले धावकों को मेडल और उपहार देकर सम्मानित किया जाएगा। आयोजकों को उम्मीद है कि इससे शहर के धावकों को नया मंच मिल सकेगा।

### घर से जेवरात समेत कीमती सामान चोरी

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** सेक्टर-126 स्थित रायपुर खादर गांव में 15 दिन पूर्व एक घर में चोर लाखों के जेवरात, नकदी और मोबाइल फोन चोरी कर ले गए। पीड़ित की शिकायत पर शुक्रवार को सेक्टर-126 थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित अनवर खान ने पुलिस को बताया कि वह रायपुर खादर गांव में देशराज सिंह चौहान के घर में किराए पर रहते हैं। उनके साथ दोस्त चमन भी इस कमरे में रहता है। 26 जुलाई की रात दोनों कमरे में सो रहे थे। सुबह जब सोकर उठे तो कमरे में समान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर पता चला कि कमरे से उनका कीमती सामान चोरी हो गया।

चोर उनके दो मोबाइल फोन, दो सोने की अंगूठी, एक जोड़ी चांदी की पायल और 17 हजारा रुपये ले गए। इसके अलावा उनके दोस्त चमन के तीन मोबाइल फोन और 8500 भी चोरी कर ले गए। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जल्द ही घटना का पर्दाफाश किया जाएगा।

## डीजल उधार न देने पर सेल्समैन को पीटा

**ग्रेटर नोएडा।** दादरी कोतवाली क्षेत्र के बील अकबरपुर गांव में पेट्रोल पंप पर सेल्समैन के साथ मारपीट की गई। ट्रैक्टर चालक ने उधार डीजल नहीं देने पर सेल्समैन को पीटा। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक बील अकबरपुर गांव के एक पेट्रोल पंप पर कुंव. रपाल कुशवाहा सेल्समैन है। कुंव. रपाल ने बताया कि शुक्रवार को फूलपुर गांव का रहने वाला ओमेंद्र ट्रैक्टर लेकर पेट्रोल पंप पर आया था। ओमेंद्र ने टैक्टर में उधार में डीजल डालने के लिए कहा। कुंव. रपाल ने बिना रुपये लिए डीजल डालने से मना कर दिया। इसी बात को लेकर आरोपी ओमेंद्र ने कुंव. रपाल के साथ मारपीट की। आरोपी धमकी देकर मौके से भाग गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

# स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स की डीपीआर का आईआईटी में होगा परीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-123 में प्रस्तावित स्पोर्ट्स कांप्लेक्स परियोजना की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) का परीक्षण आईआईटी दिल्ली में होगा। नोएडा प्राधिकरण आईआईटी को इसी महीने डीपीआर भेजेगा। फिर आईआईटी परीक्षण के बाद परियोजना आगे बढ़ेगी। इसके पहले प्राधिकरण ने परियोजना को पीपीपी मॉडल पर बनवाने की योजना बनायी थी। लेकिन फिर फैसला बदल कर खुद्द से बनवाने का निर्णय लिया है।

नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी महेंद्र प्रसाद का कहना है कि स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स को पीपीपी मॉडल पर बनवाने के लिए कई एजेंसियों से बात हुई थीं लेकिन तय शर्तों के आधार पर निर्माण के लिए प्राधिकरण व एजेंसियों के बीच सहमति नहीं बन सकी। ऐसे में अब प्राधिकरण ने खुद टेंडर के जरिए इसका निर्माण कराने का निर्णय लिया है।

इस परियोजना को लेकर अब तेजी से काम किया जाएगा। पूरी परियोजना के लिए 26.65 एकड़ जमीन चिह्नित की गई है। कई खेल सुविधाओं के लिए यहां सर्वोत्तम मानक सुविधाएं उपलब्ध करवाने का लक्ष्य है। लागत 75 करोड़ रुपये पहले अनुमानित थी। कुछ खेल सुविधाओं के सर्वोत्तम मानक के साथ स्थापित किए जाने से बढ़कर 98 करोड़ रुपये पहुंचने का अनुमान है।

**दो चरणों में किया जाएगा निर्माण:** अधिकारियों ने बताया कि स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण दो चरणों में किया जाना प्रस्तावित है। पहले चरण में चारदीवारी कर हरियाली विकसित की जाएगी। इसमें छायादार पेड़ लगाए जाएंगे। बाकी खाली जगह पर घास लगाई जाएगी। इसके साथ ही फुटबॉल मैदान और पार्किंग बनाई जाएगी। दूसरे चरण में बाकी खेल सुविधाएं दी जाएंगी। खघसकर उन खेल सुविधाओं को यहां विकसित किया जाएगा जो नोएडा स्टेडियम या अन्य जगहों पर नहीं हैं। इनमें जेव. लिन थ्रो, स्वीमिंग पूल, हॉकी व अन्य को शामिल किया जाएगा।

## अवैध बाइक टैक्सियों से ऑटो चालकों को 10 करोड़ का नुकसान

**नोएडा।** जिले में संचालित अवैध बाइक टैक्सियों के संचालन से ऑटो चालकों को 10 करोड़ का हर माह नुकसान हो रहा है। ऐसा दावा ऑटो चालकों की एसोसिएशनें कर रही हैं। उनका कहना है कि जिले में 20 हजार अवैध बाइक टैक्सियों का संचालन हो रहा है। प्रतिदिन 1200 से 1500 रुपये की कमाई इनकी ओर से की जा रही है। इनकी ओर से न तो टैक्स दिया जा रहा है न ही कोई परमिट लिया जाता। ऐसे में विभाग भी इनपर कोई खास कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

जिले में केवल तीन हजार बाइक टैक्सियां ही हैं जो कि वैध रूप से संचालित हो रही हैं। लेकिन बाकी बाइक प्राइवेट नंबर पर कॉमर्शियल काम कर ही हैं। ऐसे में परिवहन विभाग को भी राजस्व का नुकसान हो रहा है। विभिन्न प्रकार के एप इन संचालकों को बढ़ावा दे रहे हैं। नोएडा ऑटो चालक एसोसिएशन के अध्यक्ष लाल बाबू ने बताया कि यह बाइक टैक्सियां सबसे अधिक नुकसान ऑटो चालकों के कारोबार को पहुंचा रही हैं। ऐसी बाइ. कों को चिह्नित कर परिवहन विभाग से कई बार शिकायत की गई है, लेकिन कुछ नहीं हुआ। सीएनजी ऑटो चालक एसोसिएशन अध्यक्ष ओम प्रकाश गुर्जर ने बताया कि हाल ही में इसके खिलाफ एआरटीओ कार्यालय पर प्रदर्शन भी किया था लेकिन अबतक कोई कार्रवाई नहीं की गई। उप संभागीय परिवहन अधिकारी डॉ. सियाराम वर्मा ने कहा किसी भी प्राइवेट नंबर से कॉमर्शियल वाहनों का संचालन सरासर गलत है। ऐसे वाहनों पर विभाग की ओर से अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है।

# लिफ्ट से कुत्ते को लेकर जाने को हुआ विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के गौड़ सिटी के 7वें एवेन्यू में शनिवार को लिफ्ट से पालूत कुत्ते को ले जाने पर विवाद हो गया। मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वायरल वीडियो में दिख हरा है कि एक बच्चा लिफ्ट में पहले से सवार था। इसी दौरान एक युवक अपने पालतू कुत्ते को उसी लिफ्ट से लेकर जाने की जिद करने लगा। कुत्ते के भौंकने से बच्चा डर गया। वह चिल्लाने लगा। उसकी आवाज सुनकर टावर में तैनात गार्ड मौके पर पहुंचा और युवक को लिफ्ट में कुत्ता न ले जाने की सलाह दी। युवक ने गार्ड की बात नहीं मानी। युवक से सुरक्षाकर्मी ने कहा कि जब बच्चा डर रहा है तो फिर वह क्यों जा रहा है। थोड़ी देर बात वह लिफ्ट से चला जाए। शोर सुनकर एक महिला भी वहां पहुंची और उसने युवक का विरोध किया। इस पर युवक महिला से बहस करने लगा। युवक कहने लगा कि अगर बच्चा डर रहा है तो वह लिफ्ट से बाहर आ जाए और पहले उसका कुत्ता लिफ्ट का इस्तेमाल करे। कुत्ते के मुंह पर जाल लगा था, लेकिन उसके भौंकने से बच्चा और ज्यादा डर गया। महिला के विरोध और आसपास के लोगों के हस्तक्षेप के बाद युवक अपने कुत्ते को लेकर दूसरी लिफ्ट में चला गया।

# एक्सप्रेस-वे पर हादसे में ट्रक चालक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर 10 दिन पूर्व एक ट्रक चालक के अचानक ब्रेक लगाने से हादसा हो गया। पीछे चल रहे ट्रक का अगला हिस्सा उसमे जा घुसा। हादसे में पीछे वाले ट्रक के चालक की मौत हो गई। मृतक के पिता ने सेक्टर-126 थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। जिला बुलंदशहर के इंदौर खेड़ा गांव निवासी चंद्रपाल सिंह ने पुलिस को बताया कि पुत्र प्रमोद कुमार ट्रक चलाता था। 31 जुलाई को वह ट्रक लेकर खुर्जा से दिल्ली जा रहा था।

जब वह रात करीब एक बजे नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर सेक्टर-132 स्थित ईटीटी गोल चक्कर के पास पहुंचा तो आगे चल रहे ट्रक के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। इसके चलते प्रमोद का ट्रक सामने जा रहे ट्रक में घुस गया। हादसे में प्रमोद गंभीर रूप से घायल हो गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल प्रमोद को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से गंभीर हालत में उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सौंप दिया। पीड़ित का कहना है कि अंतिम संस्कार में व्यस्त होने के चलते एफआईआर दर्ज नहीं करा सके थे। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि शिकायत के आधार पर मुक. दमा दर्ज कर लिया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# इस्कॉन में मनाया गया बलराम जन्मोत्सव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-33 स्थित इस्कॉन मंदिर में शनिवार को भगवान बलराम का जन्मोत्सव बहुत धूमधाम से मनाया गया। मुख्य उत्सव भावपूर्ण भजन कीर्तन के साथ आरम्भ हुआ। इसके बाद श्री कृष्ण बलराम का दूध, दही, शहद, घी, फलों के रस और फूलों से भव्य पंचगव्य अभिषेक किया गया।

वृन्दावन से बलराम पूर्णिमा महोत्सव के लिए विशेष रूप से आए राधे श्यामानन्द स्वामी महाराज जी ने अपने प्रवचन में भगवान बलराम की विभिन्न लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान बलराम हम सभी को आध्यात्मिक बल प्रदान करते हैं। भगवान बलराम के जन्मोत्सव पर उन्हें नई पोशाक पहनाई गई। देश विदेश के 108 से अधिक व्यंजनों का भोग लगाया गया।

जिसमें विभिन्न मिठाइयां, परांठे, पूरी कचौड़ी, सब्जियां, पकौड़े, केक, बिस्किट तथा पेस्ट्री इत्यादि सम्मिलित हैं। दूध, दही और शहद से तैयार, भगवान बलराम को विशेष रूप से प्रिय पेय वारुणी का भोग लगाया गया। महोत्सव के अन्त में सभी उपस्थित लोगों को भोजन प्रसाद परोसा गया। सायंकाल में पारंपरिक मटकी फोड़ उत्सव मनाया गया।

इस उत्सव में लगभग 1,500 भक्तों ने भाग लिया। इस दौरान लोग हरे कृष्णा हरे रामा का उचारण करते रहे। भक्तों को परेशानी न हो मंदिर और अंदर और बाहर दोनों स्थानों पर भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# कंपटीशन में छात्र-छात्राओं ने बनाई सुंदर राखियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** शामली-करनाल रोड स्थित एसद्ध डीद्ध एसद्ध कॉन्वेंट स्कूल, झिंझाना में राखी मेकिंग कम्पटीशन का आयोजन किया गया। जिसमे प्री प्राइमरी, प्राइमरी,जूनियर व सीनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सर्वप्रथम प्री प्राइमरी वर्ग में फतेहवीर व माधव गर्ग प्रथम, आर्या एवं वर्निका द्वितीय तथा देव व गार्गी तृतीय स्थान पर रहे। इसके बाद प्राइमरी वर्ग नव्या व अवनी प्रथम, आरव व आयुष द्वितीय तथा खुशी व जो भी तृतीय स्थान पर रहे।

इसके बाद जूनियर वर्ग से दिव्य व मानवी प्रथम, आर्या व हर्षित द्वितीय तथा चंचल व विधि तृतीय स्थान पर रहे द्य इसके बाद सीनियर वर्ग से साक्षी प्रथम, अंशिका द्वितीय तथा अन्नू व प्रीतम तृतीय स्थान पर रहे द्य कार्यक्रम के समापन उपरान्त विद्यालय प्रबंधकपाल आर्य ने राखी मेकिंग कम्पटीशन ने भाग लेने वाले व प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले छात्र-छात्राओं को भविष्य में ऐसे ही आर्ट एंड क्राफ्ट जैसे विषयों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की द्य इस शुभ अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य सतीश कुमार भटनागर ने राखी मेकिंग कम्पटीशन में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं की उनके उत्कृष्ट एवं उनकी मनमोहक कलाकारी हेतु प्रशंसा की एवं उनको भविष्य में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु अग्रिम शुभकामनाएं दी। विद्यालय चेयरमैन लोकेश तोमर सहित, आक. ाश तोमर, हरप्रीत कौर,अलका सैनी, हिमांशी तोमर, प्रीति ढेडवान,पूनम मलिक आदि स्टाफ मौजूद रहे।





### सेंट आरसी कॉन्वेंट स्कूल शामली के टॉपर्स ने भारत की राष्ट्रपति के साथ मनाया रक्षाबंधन

**शामली।** शनिवार को रक्षाबंधन के दिवस पर सेंट आरसी कान्वेंट स्कूल की छात्राओं ने देश की राष्ट्रपति को राखी बांधकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया। छात्रा अंशिका निर्वाल, कुमारी सृष्टि, गौरी एवं अदिति तरार ने प्रधानाचार्य उजमा जैदी व चेयरमैन अरविंद संगल के साथ राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति को राखी बांधी।

रक्षाबंधन के अवसर पर राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में पांडिचेरी, सिक्किम, लक्षद्वीप, झारखंड, लेह लद्दाख, कारगिल, तेलंगाना, हैदराबाद, नेपाल ,हिमाचल प्रदेश, जम्मुकशमीर आदि स्थान के छात्र-छात्राए राष्ट्रपति के साथ रक्षाबंधन मनाने के उद्देश्य दिल्ली पधारे। कार्यक्रम की शुरुआत में राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू ने अपने संबोधन में कहा कि रक्षाबंधन, पूर्व में बहन द्वारा भाइयों को रक्षा सूत्र बांधने से शुरू हुआ। धीरे-धीरे गुरुओं, को माता-पीताओं को, मित्रों को, यह रक्षा सूत्र बांधे जाने लगा।

लेकिन मैं आज आपसे अपील करती हूं कि आप आज वृक्षों को भी रक्षा सूत्र बांधे एवं यहां से जाने के पश्चात सभी अपने-अपने क्षेत्र में एक या ज्यादा वृक्ष लगाए और खाली वृक्ष ना लगाए बल्कि उन्हें देखभाल करके बड़ा करें। उन्होंने सभी से हाथ उठाकर इसकी प्रतिज्ञा ली। तत्पश्चात विभिन्न प्रदेशों के विद्यालय से आए छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रपति को रक्षासूत्र राखी बांधी।

इसी श्रृंखला में सेंट आरसी कान्वेंट स्कूल की उपरोक्त छात्रोंओ ने स्कूल प्रधानाचार्य एवं चेयरमैन अरविन्द संगल ने भी राष्ट्रपति को राखी बांधी। बच्चों के राखी बांधते हुए राष्ट्रपति ने छात्राओं को शुभकामनाएं दी एवं उनके सुखद भविष्य की कामना की। राखी बांधने के पश्चात स्कूल द्वारा राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू को एक चित्र पोर्ट्रेट प्रदान किया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री चौधरी जयंत सिंह एवं देश के सुरक्षा प्रहरी तीनों सेनाओं आर्मी, एयरफोर्स, एवं नेवी के प्रमुख भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

**झिंझाना।** सेंट आरसी कान्वेंट स्कूल पिडौरा में भाई बहन के प्यार वाला भारत का सबसे पवित्र पर्व रक्षाबंधन हर्षोल्लास से मनाया गया। प्रार्थना सभा में विद्यालय प्रधानाचार्या मोनिका चौधरी ने कहा कि राखी का त्यौहार रिश्तों की वह सु.ढ़ डोर है, जिसमें भाई अपनी बहन की आजीवन रक्षा के लिए वचनबद्ध रहता है।

विद्यालय में राखी मेकिंग कंपटीशन में बच्चों ने सनहेपूर्वक अत्यंत मनमोहक राखी बनाई। प्राथमिक स्तर पर अवनी शर्मा प्रथम, अर्शी गिल द्वितीय और लक्ष्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर में अनुप्रिया प्रथम, अनिकेत द्वितीय तथा सृष्टि ने तीर्थ स्थान प्राप्त किया। इसी स्तर पर पूर्वी, वीरा और पाखी ने बड़े आकर की राखी बनाकर सबका मन मोह लिया। सीनियर वर्ग में काव्य प्रथम, अविका द्वितीय तथा परि तीसरी स्थान पर रही। विद्यालय प्रबंधक देवेंद्र कुमार तोमर तथा विजय तोमर ने सभी को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी।

डी-सैन्ट पब्लिक स्कूल झिंझाना में विद्यालय के चारों हाउस ने उत्साहपूर्ण से प्रतियोगिता में शामिल होकर आकर्षक राखियों का निर्माण किया। प्रधानाचार्या सन्तोष तोमर ने अपने संबोधन में रक्षाबंधन पर्व के ऐतिहासिक एंव सामाजिक महत्व के विषय में बताया। प्रतियोगिता में आकांक्षा, पवनदीप कौर, लक्षिका चौधरी, आयशा, सगनदीप, रीतू, सलोनी, छाया, गगनदीप, मनजीत, शिवानी, हरमनप्रीत, प्रिंसी, आरती, महक, चरणजीत कौर, नव्या, अवनी, अंजू तथा हादिया ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में गांधी हाउस ने प्रथम स्थान, नेहरु हाउस ने द्वितीय तथा चरणसिंह हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# जर्जर लिंक रोड को बनवाने के लिए ग्रामीणों का प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** गांव की जर्जर लिंक रोड से त्रस्त व बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी से ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और प्रदर्शन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। प्राप्त जानक. ारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम हाफिजाबाद बिहारीपुर स्थित गांव की लिंक रोड पूरी तरह से तालाब बन चुकी है, जिससे ग्रामीणों का आना-जाना दूभर हो गया है। बारिश में तो हालात और भी बदतर हो जाते हैं। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने कई बार अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। आज ग्रामीणों ने एकजुट होकर जोरदार प्रदर्शन किया और सरकार व प्रशासन से मांग की कि गांव की लिंक रोड को जल्द बनवाया जाए। उनका कहना है कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे। प्रदर्शन करने वालों में राहुल, नितिन, सुरेंद्र, संदीप, जाकिर, सौरभ, लवी, सचिन, सुरेंद्र आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# बाइक सवार युवक की मौत के मामले में अभियोग दर्ज

**कांधला।** क्षेत्र के किवाना मोड पर अज्ञात वाहन की चपेट में आकर हुई युवक की मौत के मामले में पुलिस ने पीड़ित परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है, परिजनों ने मृतक का शव पीएम से आने के बाद गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया है।

जनपद मुजफ्फरनगर के थाना भोपा क्षेत्र के गांव नन्हेडी निवासी सागर पुत्र शंकर अपने साथी शौकेंद्र के साथ बाइक पर सवार होकर क्षेत्र के गांव रामपुर खेड़ी में अपनी रिश्तेदारी में आया हुआ था। दोनों बाइक सवार विगत शुक्रवार को बाइक पर सवार होकर कस्बे में किसी कार्य से आ रहे थे। जैसे ही दोनों बाइक सवार किवाना मोड पर पहुंचे तो अज्ञात वाहन ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी थी। अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से सागर पुत्र शंकर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी, जबकि शौकेंद्र घायल हो गया था। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया था। मामले में मृतक के परिजन मदनपाल ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत कर अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है, वहीं मृतक का शव पीएम से आने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है की पीड़ित परि. जनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शीघ्र गिरफ्तारी होगी।

# सैकड़ों ने धारण किया नवीन यज्ञोपवीत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सावन मास की पूर्णिमा के अवसर पर शहर के मंदिर हनुमान टीला पर श्रावणी पर्व पूर्ण श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सैंकड़ों लोगों ने सामूहिक रूप से श्रावणी उपाकर्म, सप्तऋषि की पूजा अर्चना कर नवीन यज्ञोपवीत धारण किया।

शहर के प्रमुख ज्योतिषाचार्य पंडित प्रेमकिशोर कोठारी के सान्निध्य में यह धार्मिक अनुष्ठान किया गया। कठिन संकल्प के बाद शुद्धि के लिए गाय के गोबर, खेत की मिट्टी, भस्म, दूर्वा, अपामार्ग व कुशा से मार्जन के साथ पंचगव्य जिसमें गोमय द्धगाय का गोबरऋ, गोदधि द्धगाय के दूध से बनी दहीऋ, गोघृत द्धगाय का शुद्ध घीऋ, गोदुग्ध द्धगाय का दूधऋ गोमूत्र द्धगाय का मूत्रऋ आदि शामिल हैं, से स्नान व प्राशन किया गया।



पंच गव्य स्नान के बाद राधा-कृष्ण मंदिर के समक्ष विधिवत पूजा अर्चना के साथ गणपति व ऋषि पूजन के साथ पुराने जनेऊ को बदलकर नया जनेऊ धारण किया गया। इस अवसर पर हवन यज्ञ का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी ने आहूति प्रदान की। इस अवसर पर वैद्य अरविन्द द्विवेदी, उपेन्द्र द्विवेदी, प्रधान सलिल द्विवेदी, करुण द्विवेदी, चंचल द्विवेदी, जितेन्द्र भारद्वाज, आद. ेश शर्मा, पुनीत द्विवेदी, आमोद द्विवेदी, मयंक द्विवेदी, आयुष द्विवेदी, प्रभात भारद्वाज, पंडित दिनेश पाठक, रवि पाठक, निशांत पाठक, सोमपाल शास्त्री, पंडित सर्वेश कोठारी, संजय गर्ग, अरुण गर्ग, भोला शर्मा आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### कुश्ती में चंदक की बेटी ने जीता गोल्ड



**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश कुश्ती महासंघ के अंतर्गत राज्य स्तरीय चैंपियनशिप आगरा में आयोजित की गई थी। जिसमें 65 किलोग्राम भार के बालिका वर्ग में भूमि सिंह ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता है। इससे पूर्व भी 68 किलो भार बालिका वर्ग में गोल्ड मेडल व राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुये ब्राउज मेडल जीत चुकी है। भूमि सिंह चंदक के समीप स्थित ग्राम किशनपुर की निवासी हैं। उसने चंदक की देव एकेड्मी में प्रशिक्षण लिया। वह भूमि अपने पिता राकेश पहलवान को अपना प्रेरणाश्रोत बताती। भूमि की कामयाबी से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। सभी उसकी तारीफ कर रहे है।

### अफजलगढ़ में रक्षाबंधन की धूम



**अफजलगढ़।** भाई बहन के अटूट व पवित्र संबंधों को लेकर रक्षाबंधन के त्यौहार को धूमधाम के साथ मनाया गया। बहन-भाई के प्यार के प्रतीक त्यौहार को लेकर उत्साह का माहौल देखा गया। बाजारों में रंग बिरंगी राखियों और मिठाइयों की दुकानों पर भारी भीड़ देखने को मिली। रिमझिम बारिश भी बहनों के हौसलों को डिगा नहीं सकी। हिन्दू धर्म में रक्षाबंधन का त्यौहार लगभग पांच हजार वर्षों से भी पुराना है। इसका इतिहास महाभारत काल से जुआ हुआ है। इस संबंध में धार्मिक ग्रंथों में अलग-अलग प्रकार का मत है। यह त्यौहार श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। रक्षाबंधन पर बहनें व्रत रखकर देवी-देवताओं की पूजा अर्चना के उपरांत भाई की कलाई पर जब राखी बांधती है, तो वह उससे यही उम्मीद करती है कि वह हमेशा उसकी रक्षा करेगा। हर परिस्थिति में साथ खड़ा रहेगा। इसलिए यह रक्षा-सूत्र उस हाथ पर बांधा जाता है, जो कर्म, संकल्प और शक्ति का प्रतीक होता है । इस अवसर पर बहनों ने जन्म-जन्म तक सुख-दु:ख में साथ निभाने का वचन भाईयों से लिया। भाईयों ने भी बहनों को उपहार देकर हमेशा साथ निभाने का वादा किया। इस दौरान मुंह मीठा करने का दौर भी जारी रहा। घर के बुढ़े-बुजुर्गों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के लिए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में फ्री यात्रा सेवा की सौगात दी गई है। जिसको लेकर परिवहन निगम की बसों में भारी भीड़ रही, जबकि अधिकतर महिलाएं अपने निजी वाहनों से भी अपने भाइयों को राखी बांधने मायके पहुंची। सुरक्षा के दृष्टिगत क्षेत्र में पुलिस व्यवस्था भी चाक चौबंद रही।

### राज खुलने पर महिला ने खाया जहर

**बिजनौर।** स्थानीय मौहल्ला चाहशीरीं बी-24 में किराए के मकान में रह रही एक महिला ने जहर खा लिया। उसे चिंताजनक हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बब्बू के मकान में किराये पर रहने वाली महिला का पति मुम्बई में रहता है। महिला यहां अकेली किराये के मकान में रहती है। चर्चा है कि महिला का सराय इम्मा ग्राम में एक युवक से अफेयर चल रहा था, जिसका उसके पति को पता चल गया। इस संबंध में जब उसके पति ने महिला से बात की, तो उसने सब कुछ कुबूल कर लिया। पति ने उसके कुबूलनामे का वीडियो बना लिया। महिला ने उससे कह दिया कि मैं उसके साथ दोस्ती रखती हूं और अपना जिस्म भी सौंप चुकी हूं। पति ने भी उसकी पूरी बातों का वीडियो बना लिया। महिला को यह नहीं पता था कि उसके कबूलनामे की वीडियो बनाई जा रही है। वीडियो बनाने के बाद पति ने उसे वायरल कर तलाक देने की धमकी देते हुए महिला को बता दिया कि वह अब उसके साथ नहीं रह पाएगा। जिससे महिला के पैरों तले से जमीन निकल गई। उसने जहर खा लिया। यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### युवती पर खूंखार कुत्तों का हमला

**कासमपुर गढ़ी।** ग्राम माननगर निवासी भोपाल सिंह सैनी की 18 वर्षीय पुत्री डॉली अपनी चाची कुसुम देवी सहित पड़ोस की कमलेश, संतोष आदि के साथ ग्राम के ही लाल सिंह के ट्रैक्टर-ट्राली पर बैठ कर अफजलगढ़ शुगर मिल के पीछे स्थित खेत से पशुओं का चारा लेने गई थी। ट्रैक्टर खेत से कुछ दूरी पर खड़ा कर वह चारा काटने लगी। चारा काटने के बाद जब डॉली व अन्य महिलाएं अपनी-अपनी गठरी लिए ट्रैक्टर तक जा रही थीं, तो इसी बीच वहां घूम रहे कई खूंखार कुत्तों ने डॉली पर हमला बोल दिया। डॉली से कुछ आगे पीछे चल रही महिलाओं ने किसी तरह शोर मचा कर उसे कुत्तों से उसे छुड़ाया। डॉली के पिता भोपाल सैनी ने बताया कि कुत्तों ने डोली के जिस्म में कई जगह काट कर जख्मी कर दिया, जिसका स्थानीय चिकित्सक द्वारा उपचार कराया जा रहा है। क्षेत्र में गुलदार के साथ-साथ कुत्तों का आतंक भी कम नहीं है। पूर्व में भी अफजलगढ़ में इस तरह की कई घटनाएं हो चुकी हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में कुत्तों की संख्या काफी ज्यादा है। नागरिकों ने इन्हें पकड़वा कर जंगल में छुड़वाने की मांग की है।

### सहसपुर में रही सुचारू व्यवस्था

**सहसपुर।** रक्षाबंधन पर चौकी इंचार्ज व डॉयल 112 ने यातायात व्यवस्था को सुचारु रूप रखने के लिए विशेष निगरानी की। पुलिस विभाग की इस पहल से शहर के विभिन्न हिस्सों में यातायात सुचारु रूप से चलता रहा और लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। पुलिस चौकी इंचार्ज यश देव शर्मा ने बताया कि त्यौहार के अवसर पर यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे। शहर के प्रमुख चौराहों बस स्टैंड, जुमा बाजार आदि में पुलिस की अतिरिक्त तैनाती की गई थी। पुलिस की इस पहल की लोगों ने सराहना की और कहा कि इससे त्यौहार के अवसर पर उनकी यात्रा आसान हो गई। पुलिस विभाग की इस विशेष पहल से शहर में शांति और सुरक्षा का माहौल बना रहा।

# विद्याकुलम गुरुकुल में छात्रों का उपनयन संस्कार

**झिंझाना।** कस्बे के मोहन जोहड़ स्थल पर विद्याकुलम गुरूकुल में नए छात्रों का उपनयन संस्कार किया गया। यज्ञ हवन के बाद बाल ब्रह्मचारियों ने कार्यक्रम में आए अतिथियों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। सभी आगंतुकों का माल्यार्पण कर और अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के आयोजन एवं गुरुकुल के प्राचार्य भीष्म शर्मा द्वारा शनिवार को यज्ञ का आयोजन किया। इस दौरान प्राचार्य ने नए बाल ब्रह्मचारियों को यज्ञोपवित धारण कराया। कार्यक्रम में मौजूद आर्य समाज के प्रधान अशोक बहादुर गोयल, कस्बे के पूर्व चेयरमैन राकेश गोयल, रिटायर्ड अध्यापक राजवीर सिंह और गांव पुरमाफी से आए उदयबीर सिंह का माल्यार्पण कर वस्त्र प्रदान किए। कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रहे अशोक बहादुर और पूर्व चेयरमैन राकेश गोयल, राजबीर सिंह ने गुरुकुल की आवश्यकता को समझते हुए सहयोग देने का आश्वासन दिया। नए ब्रह्मच. ारी छात्रों ने आगंतुकों को रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया। अतिथियों ने बाल ब्रह्मचारियों को आशीर्वाद प्रदान किया।




# महिला कर्मचारियों ने सफाई मित्रों को राखी बांधकर किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के अंतर्गत नगर पालिका परिषद किरतपुर में शुक्रवार को बंधन स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अधिशासी अधिकारी मेघा गुप्ता के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में महिला पालिका कर्मचारियों ने सफाई मित्रों को राखी बांधकर उन्हें स्वच्छता के क्षेत्र में किए जा रहे योगदान के लिए सम्मानित किया। राखी बांधने के उपरांत सफाई मित्रों ने बहनों को स्वस्थ जीवन और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद दिया। मेघा गुप्ता ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल भाई-बहन के पर्व रक्षाबंधन को भावनात्मक रूप से जोड़ना है।

# आईटीआई में एडमिशन के लिए चतुर्थ चरण की प्रक्रिया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद में संचालित समस्त राजकीय एवं निजी आईटीआई में अगस्त 2025 से प्रारंभ हो रहे प्रशिक्षण सत्र में प्रवेश के लिए तीन चरण की प्रवेश प्रक्रिया के उपरांत भी कुछ संस्थान में कुछ ट्रेड की सीट अभी रिक्त रह गई है। इन रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा प्रवेश प्रक्रिया जारी की गई है। इस प्रवेश प्रक्रिया में ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने पूर्व में आवेदन ऑनलाइन किया था, किंतु अभी तक उनका किसी भी संस्थान हेतु चयन नहीं हो पाया है वे अब रिक्त रह गई सीटों के सापेक्ष अपना विकल्प परिवर्तन कर सकते हैं। ऐसे अभ्यर्थी जिनका चयन हो गया था किंतु वह किन्हीं कारणवश प्रवेश नहीं ले पाए थे, वह भी अब रिक्त रह गई सीटों पर विकल्प परिवर्तन कर सकते हैं। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने पूर्व में ऑनलाइन आवेदन नहीं किया था। अब नया आवेदन पत्र ऑनलाइन कर सकते हैं। सीटों का विवरण www.scvtup.in पर उपलब्ध है। इसी वेबसाइट पर अभ्यर्थी 11 अगस्त से 15 अगस्त तक अपने पूर्व आवेदन में विकल्प परिवर्तन तथा नए आवेदन पत्र ऑनलाइन कर सकते हैं। यह जानकारी राजकीय आईटीआई बिजनौर के प्रधान सहायक राकेश शर्मा द्वारा दी गई।

# भयंकर जाम लग जाने से ट्रैफिक व्यवस्था हुई ठप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** रक्षाबंधन के त्योहार पर नगर में जाम की भीषण स्थिति बनी रही थाना प्रभारी निरीक्षक ने सड़कों पर उतरकर ट्रैफिक व्यवस्था की कमान अपने हाथों में संभाली और जाम खुलवाया तब जाकर राहगीरों ने राहत की सांस ली। शनिवार को देशभर में रक्षाबंधन का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया गया रक्षाबंधन के त्योहार पर बहन अपने भाइयों के घर पर भाई अपने बहनों के घर पहुंचे। और अपनी कलाइयों पर राखी बंधवाई। रक्षाबंधन के त्योहार पर नगर के दिल्ली रोड, रेलवे मार्ग सहित आदि स्थानों पर जाम की भयंकर स्थिति बनी रही। घंटो जाम में वाहन फंसे रहे और पैदल गुजरने वाले राजगीरों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जाम लग जाने से ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई। नगर के लोगों ने जाम लगने की सूचना पुलिस को दी पुलिस की गाड़ी व एंबुलेंस भी घंटों भयंकर जाम में फंसी रही। जाम लगने की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार और उपनिरक्षक सुभाष सिंह दिल्ली सहारनपुर हाईवे पर पहुंचे और घंटों प्रयास के बाद जाम खुलवाया। जाम खुलने के बाद जाम में फंसे वाहन स्वामियों सहित पैदल गुजरने वाले राहगीरों ने राहत की सांस ली। प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि रक्षाबंधन के पर्व पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया था। रक्षाबंधन पर आने जाने वाले वाहनों की संख्या बढ़ जाने के कारण जाम लग गया था मौके पर पहुंचकर जाम खुलवाया गया है।



# पुक्खेवाला में गन्ना कृषक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम

**कासमपुर गढ़ी।** ग्राम पुक्खेवाला मे मुख्यमंत्री गन्ना कृषक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे लाल सड़न रोग से ग्रसित गन्ना प्रजाति को. 0238 को नवीनतम एवं उन्नतशील गन्ना प्रजातियों से विस्थापित करने की विधि के बारे में विस्तार से बताया गया।

गन्ना समिति अफजलगढ़ के द्वारा व द्वारिकेश चीनी मिल एवं गन्ना विकास परिषद अफजलगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम पुक्खेवाला मे गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मृदा ऊर्वरता प्रबंधन एवं खेत की तैयारी करना, खेत की मिट्टी को ट्राईकोडर्मा से शोधित करना, लाल सड़न रोग से ग्रसित गन्ना प्रजाति को. 0238 को नवीनतम एवं उन्नतशील गन्ना प्रजातियों से विस्थापित करने, बुआई से पहले बीज गन्ना शोधन अवश्य करने, शरद काल में अधिक से अधिक क्षेत्रफल में को. 0118, को.लख. 14201, 16202, को.शा. 13235, 17231, 18231 गन्ने की बुआई करने, शरद काल में लाइन से लाइन की दूरी चार फीट पर ट्रेंच विधि से बुआई करने, गन्ने को गिरने से बचाने के लिए गन्ने की बंधाई करने, इस समय गन्ने के खेतों में बेल उग आती है, समय समय से इसकी इसको खेत से निकालते रहने, को. 0238 के खेतों में लाल सुरंग रोग से बचाव के लिए प्रति एकड़ ड्रोन द्वारा 200 मिली एजो डीजो, 200 मिली एमिडा एवं 500 मिली लीफ के साथ (प्रति एकड़) पन्द्रह दिन के अंतराल पर दो बार पर्णीय छिड़काव अवश्य करवाने आदि बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। गोष्ठी मे कृषकों से सरकार द्वारा संचालित पंचामृत योजना कि चर्चा कि गई, पंचामृत योजना के सभी अवयव, ट्रेंच, सहफसली, ड्रिप इर्रिगेशन,रटून मैनेजमेंट, ट्रेश मलचिंग बिधि से गन्ने कि खेती करने से कृषकों की आय दुगुनी करने मे सहायक सिद्ध हों रही है।

# ग्राम पंचायतों में लगेंगे जागरूकता कैम्प

**बिजनौर।** जिला अग्रणी जिला प्रबन्धक अखिल कुमार सिंह ने सर्व साधारण को सूचित करते हुए बताया कि वित्तीय सेवाएं विभाग वित्त मंत्रालय, भारत सरकार भारत द्वारा 30 सितंबर, 2025 तक की अवधि हेतु जन सुरक्षा अभियान चलाया गया है। इस अवधि में बैंकों द्वारा उनके सेवा क्षेत्र में आने वाली प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्राहक जागरूकता / जन जागरूकता कैम्प आयोजित किये जा रहे हैं। इन कैम्पों के माध्यम से आम जन को उनके बैंक खातों को सक्रिय बनाये रखने के लिये केवाईसी अपडेट कराने, जिन लोगों का अभी तक बैंक खाता नही है उन्हें जनधन खाते खुलवाने और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना एवं अटल पेंशन योजना में नामांकन / पंजीकरण कराने की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने सभी लोगों से आह्वान किया कि वे अपने नजदीकी ग्राम पंचायत कैम्प अन्यथा जिस बैंक शाखा में उनका खाता है वहां केवाईसी तथा नॉमिनेशन करायें ताकि उनका खाता सक्रिय बना रह। सभी पात्र बैंक खाताधारक, इन कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ कर लाभ उठायें।

# ट्रक चालक ने मारी टक्कर एक की मौत, दो घायल

## सड़क पर बैठकर टायर बदल रहा रहा था मृतक, खड़े हुए डीसीएम में मारी टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे गांव पंजोखरा के समीप सड़क किनारे खड़े कैंटर में पीछे से ट्रक चालक ने टक्कर मार दी कैंटर नीचे टायर बदल रहे चालक की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई और ट्रक चालक सहित कैंटर सवार एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया दोनों घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है।

शनिवार सवेरे बागपत जनपद के गांव पिलाना निवासी सौरभ पुत्र जयपाल अपने साले सुनील निवासी रोहटा थाना लोनी गाजियाबाद अपना कैंटर लेकर बागपत से सहारनपुर की ओर जा रहा थे। क्षेत्र के नेशनल हाईवे गांव पंजोखरा के समीप अचानक से कैंटर का टायर फट गया। कैंटर चालक सौरभ व सुनील अपना कैंटर सड़क किनारे खड़ा कर टायर बदल रहा थे। तभी पीछे से तेज गति से आए ट्रक



चालक ने कैंटर में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। कैंटर में ट्रक की टक्कर लग जाने से टायर बदल रहे सौरभ व सुनील घायल हो गए अस्पताल ले जाते समय सौरभ की मौत हो गई।

ट्रक चालक सुखदेव सिंह पुत्र नायब सिंह निवासी गांव ताजोवाला जनपद नया शहर पंजाब गंभीर रूप से घायल हो गया। कैंटर में पिछे से टक्कर लगने से ट्रक चालक भी बुरी तरह से जख्मी होकर ट्रक में फंस गया। पुलिस व आसपास के लोगों ने घंटों प्रयास के बाद ट्रक चालक को बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया।

कैंटर चालक की मौत की खबर सुनते ही परिजन मौके पर पहुंच गए



और कोहराम मच गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

ट्रक कब्जे में लेकर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि तहरीर प्राप्त नहीं हुई है पीड़ित परिजनों की तहरीर मिलने पर अभियोग दर्ज किया जाएगा।

# मामूली विवाद में दो पक्षों के बीच चले लाठी-डंडे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के मौहल्ला खेल में मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई मारपीट में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों ने थाने पहुंचकर एक दूसरे के विरुद्ध तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी मतलूब पुत्र याकूब ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि शनिवार की देर शाम को पीड़ित का चाचा युसूफ अपने भतीजे सलमान के साथ अपने घर में बैठा हुआ था। आरोप है कि इसी बीच इकबाल व फरमान अपने परिवार के कई लोगों के साथ मौके पर पहुंचे और गाली गलौज करने लगे। पीड़ित के चाचा ने विरोध किया तो आरोप है कि उक्त लोगों ने पीड़ित के चाचा युसूफ और चचेरे भाई सलमान पर लाठी डंडों और धारदार




हथियारों से हमला कर दिया। हमले में पीड़ित का चाचा और चचेरा भाई घायल हो गए। दोनों घायलों ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं दूसरी ओर खुर्शीद पुत्र मोहम्मद उमर ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि सलमान व मुजम्मिल ने अपने परिवार के कई लोगों के साथ मिलकर पीड़ित के चचेरे भाई इकबाल को मारपीट कर घायल कर दिया। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# रक्षाबंधन पर्व पर बहनों ने की भाइयों की लंबी उम्र की कामना










**शाह टाइम्स टीम**

**थानाभवन।** भाई-बहन के अटूट प्रेम और स्नेह का प्रतीक रक्षा बंधन का पर्व थानाभवन क्षेत्र में शनिवार को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही नगर के मुख्य मार्गों, बाजारों और बस अड्डों पर चहल-पहल नजर आने लगी। मायके और भाइयों के घर जाने वाली महिलाओं की इतनी भीड़ थी कि बस स्टैंड पर खड़े होने की जगह भी मुश्किल से मिल रही थी।सुबह सात बजे से ही महिलाएं व युवतियां हाथों में उपहार, मिठाई और राखियों के पैकेट लिए बसों में सवार होती नजर आईं। कई बसें खचाखच भर जाने के कारण महिलाएं दरवाजों पर खड़ी होकर सफर करती दिखीं। कुछ स्थानों पर अतिरिक्त बसें और निजी वाहन चलाए गए, ताकि यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाया जा सके।कस्बे के प्रमुख बाजार मैन बाजार , घंटाघर चौक , शामली बस स्टैंड चरथावल बस स्टैंड , सुबह से ही ग्राहकों से गुलजार रहे। राखी, मिठाई, सूखे मेवे और गिफ्ट आइटम की दुकानों पर खरीदारी करने वालों की लंबी कतारें लगीं। दुकानों पर रंग-बिरंगी राखियां, कलाईबंद,और डिजाइनर राखियों की भरमार रही, जिन्हें देख बच्चों से लेकर बड़ों तक के चेहरे खिल उठे। मिठाई की दुकानों पर लड्डू, बर्फी, सोहन हलवा और चॉकलेट पैकेट्स की बिक्री जमकर हुई।दोपहर होते-होते घर-आंगन में रक्षा बंधन का माहौल पूरी तरह से बन गया। बहनों ने थाल सजाकर भाइयों की आरती उतारी, माथे पर तिलक लगाया और राखी बांधकर मिठाई खिलाई। बदले में भाइयों ने बहनों को उपहार, कपड़े, गहने और नकदी देकर उनके सुख-समृद्धि की दुआ की। कई परिवारों ने इस अवसर पर सामूहिक भोजन का आयोजन भी किया। रक्षा बंधन पर मायके पहुंची बहनों ने बताया, साल भर इंतजार रहता है इस दिन का, भाई की कलाई पर राखी बांधकर मन को सुकून मिलता है। राखी सिर्फ धागा नहीं, ए हमारे रिश्ते की ताकत है, इसे निभाना हमारी जिम्मेदारी है।

**शामली।** भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व जिलेभर में शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने भाईयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र और खुशहाली की कामना की, जबकि भाईयों ने बहनों को उपहार भेंट कर जीवनभर रक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर घर-घर में चहल-पहल और बाजारों में रौनक देखने को मिली।

सुबह से ही बहनों का अपने भाईयों के घर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। इस बार राखी बांधने का शुभ मुहूर्त के समय भाई अपने बहनों के घर दोपहर तक पहुंचे। घरों में पकवानों की खुशबू माहौल को और खास बना रही थी। बहनों ने सजधज कर थालियों में राखी, रोली, चावल और मिठाई सजाई। भाईयों को तिलक लगाकर, रक्षा सूत्र बांधने के बाद मिठाई खिलाई और उनके अच्छे स्वास्थ्य व लंबी उम्र की दुआ की। जो बहनें दूरी के कारण भाईयों के पास नहीं आ सकीं, उन्होंने आधुनिक तकनीक का सहारा लेते हुए वीडियो कॉल के माध्यम से राखी बांधने की रस्म पूरी की। वहीं, कई बहनों ने अपने भाईयों को डाक के जरिए राखियां भेजीं। त्योहार पर ट्रेनों और रोडवेज बसों में यात्रियों की भारी भीड़ रही, क्योंकि दूर-दराज रहने वाले भाई-बहन एक-दूसरे से मिलने घर पहुंचे। शहर के अलावा कैराना, झिंझाना, जलालाबाद, थानाभवन, कांधला, चौसाना, बाबरी और गढ़ीपुख्ता समेत ग्रामीण क्षेत्रों में भी रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कई भाई अपनी बहनों की ससुराल तक पहुंचे, जहां पर बहनों ने उन्हें राखी बांधी और उन्होंने उपहार देकर रक्षा का वचन निभाने का संकल्प दोहराया। पूजा-अर्चना और पारंपरिक रस्मों के बीच मनाए गए इस पावन पर्व ने भाई-बहन के रिश्ते में और भी मजबूती भर दी। मिठाइयों की मिठास और स्नेह के बंधन ने माहौल को भावनाओं से सराबोर कर दिया।

### बाजारों में रही नौनक

**शामली।** रक्षाबंधन पर्व को लेकर शनिवार को शहर के बाजारों में जबरदस्त रौनक रही। मिठाई और कपड़ों की दुकानों पर ग्राहकों की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार मिठाइयों के दामों में कोई खास बढ़ोतरी नहीं हुई, जिससे खरीदारों में उत्साह दिखा। मिक्स मिठाइयां 250 से 450 रूपए प्रति किलो, छेना टॉस्ट 400 रूपए, काजू बर्फी 800 रूपए, सफेद रसगुल्ला 250 रूपए, घेवर 250 रूपए और साधारण पेठा 100




रूपए प्रति किलो के भाव पर बिक रही थीं। मिठाई विक्रेता अंशुल कुमार ने बताया कि भले ही महंगाई बढ़ी हो, लेकिन ग्राहक पुराने दामों पर ही मिठाई लेना चाहते हैं। ग्राहक बनाए रखने के लिए अधिकतर विक्रेता पिछले वर्ष के दामों पर ही मिठाई बेच रहे हैं। कपड़ों की दुकानों पर भी रक्षाबंधन से पहले खरीदारी चरम पर रही। कपड़ा व्यापारी शिवम बंसल ने बताया कि इस बार सूटों की बिक्री पिछले वर्ष की तुलना में कहीं अधिक हुई है। महिलाओं में नए डिजाइन और त्योहार के विशेष ऑफर्स को लेकर उत्साह रहा। त्योहार के अवसर पर बाजार में सुबह से देर शाम तक भीड़ बनी रही। खरीदारी के चलते मुख्य बाजार और गलियां गुलजार रहीं, जिससे रक्षाबंधन की रौनक पूरे शहर में महसूस की गई।

### किराए में छूट के कारण यात्रियों की रही भारी भीड़


**शामली।** सुबह से ही बस स्टैंड पर महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भारी संख्या में मौजूद थे। यात्रियों की भीड़ इस कदर बढ़ गई कि बस में चढ़ने और उतरने के दौरान अफरा-तफरी का माहौल रहा। कई बार महिलाओं और बच्चों को बस में जगह पाने के लिए धक्का-मुक्की का सामना करना पड़ा। पहले से यात्रियों से खचाखच भरी बसों में बहनों ने बड़ी मशक्कत के बाद ही सवारी की। भीड़ के कारण छोटे बच्चों को खिड़की से अंदर धक्का देकर बैठाना पड़ा। कई महिलाओं और बच्चों को तो घंटों खड़े होकर ही सफर तय करना पड़ा, जिससे बुजुर्गों और छोटे बच्चों को सबसे अधिक कठिनाई हुई। यात्रियों ने आरोप लगाया कि रोडवेज विभाग ने भीड़ के अनुमान के मुताबिक बसों की पर्याप्त व्यवस्था नहीं की, जिसके चलते सफर बेहद कष्टदायक साबित हुआ। हालांकि, परिवहन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पर्व को देखते हुए अतिरिक्त बसें चलाई गई थीं और यात्रियों की सुविधा के लिए स्टाफ भी तैनात किया गया था। रक्षाबंधन पर यात्रियों की संख्या सामान्य दिनों से कई गुना अधिक रही, जिससे भीड़ का दबाव स्वाभाविक था। वहीं, पर्व के कारण रोडवेज की आमदनी में भी इजाफा हुआ है।

### महिलाओं ने की फ्री में यात्रा

**शामली।** सरकार की ओर से रक्षाबंधन पर बसों में महिलाओं की यात्रा को फ्री किया गया है। लेकिन इस योजना को प्राइवेट बस संचालक ठेंगा दिखाते हुए नजर आए। शामली रोडवेज डिपो की ओर से इस दौरान अनुबंधित बसें चलाई गई थी, लेकिन रक्षाबंधन पर्व पर यात्रियों की भारी भीड हो देखते हुए यह बसे कम पड गई। रोडवेज अधिकारियों द्वारा बसों के संचालन में फेरे बढाए जाने की बात कही गई थी, लेकिन अधिका. रियों के यह दावे भीड के सामने फेल हो गए। मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, मेरठ के यात्रियों को घंटों रोडवेज बस स्टेंड पर खडे होकर बसों की प्रतीक्षा करनी पडी, जिसका फायदा प्राईवेट बसों के चालकों ने भी जमकर उठाया। शहर के रोडवेज बस स्टेंड के बाहर खडी प्राईवेटे बसों के चालकों ने महिला यात्रियों को तो बैठा लिया, लेकिन सरकार द्वारा रक्षाबंधन पर्व पर बहनों को किराए में दी गई छूट नही दी गई। प्राइवेट बस संचालकों ने सरकार की इस रणनीति को विफल करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। जो भी प्राइवेट बसें रूटों पर चलाई गई उन बसों में महिलाओं से किराया वसूला गया।

### रक्षाबंधन पर्व पर आवागमन बढ़ा

**शामली।** रक्षाबंधन के पर्व बसों में यात्रा करने के लिए खूब मारामारी



रही। वही सडकों पर भी वाहनों का लंबा जाम लगा रहा, जिससे बहनों को अपने भाईयों के यहां जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पडा। वाहन चालक घंटों जाम के झाम में फंसे रहे और मिनटों का सफर घंटों में तय करना पडा। रक्षाबंधन पर्व को लेकर शहर में भी वाहनों के अधिक प्रवेश को लेकर शहर के विजय चौक से लेकर अजंता चौक, बुढाना रोड, बुढाना फाटक, बाईपास, गुरूद्वारा तिरहा, धीमानपुरा फाटक, भिक्की मोड, शिव चौक आदि स्थानों पर वाहनों का जाम लगा रहा, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पडा। शहर के धीमानपुरा फाटक बंद होने से भी जाम ने भीषण रूप धारण कर लिया और घंटों वाहनों का जाम लगा रहा।

## एक नजर

### दूध की डेयरी में घुसकर मारपीट व सामान क्षतिग्रस्त करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव भनेड़ा में कई लोगों ने दूध की डेरी में घुसकर डेरी संचालक व उसकी मां के साथ मारपीट कर दी पीड़ित ने तोड़फोड़ करने सहित कई आरोप लगाकर थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव भनेड़ा निवासी महिला सर्वेश पत्नी कौशल ने बताया की पीड़िता के मकान में दूध की डेरी है विगत गुरुवार की शाम को पीड़िता का पुत्र सचिन ग्राहकों से दुध की खरीद कर रहा था।आरोप है कि तभी गांव के कई लोग हाथों में लाठी डंडे, धारदार हथियार, तमंचा लेकर डेरी में पीछे से घुस गए। सभी आरोपियों ने डेरी में तोड़फोड़ करते हुए सामान क्षतिग्रस्त कर दिया। और उसके पुत्र सचिन के साथ डंडों से मारपीट की जब पीड़िता बीच बचाव करने के लिए आई तो आरोपियों ने उसके साथ भी दुर्व्यवहार किया। पीड़िता ने शनिवार को थाने पर पहुंचकर कई लोगों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

### डीएम ने दी बाढ़ से नुकसान की जानकारी


**बिजनौर।** जिलाधिकारी ने जिले में खराब मौसम से 24 घंटे में हुई जन हानि, पशु हानि तथा मकानों के क्षतिग्रस्त होने की जानकारी देते हुए बताया कि तहसील बिजनौर में सर्पदंश के कारण एक व्यक्ति घायल, धामपुर में पानी में डूबने से दो पशु की मृत्यु तथा सभी तहसीलों में कुल 68 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि जिले में बाढ़ प्रभावित शिविरों एवं लोगों को बिजनौर नजीबाबाद एवं चांदपुर में 800 खाद्यान्न किटों का वितरण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि गंगा नदी खतरे के निशान से 70 सेमी नीचे तथा खो नदी खतरे के निशान से 90 सेंटीमीटर नीचे प्रवाहित हो रही है। उन्होंने यह भी बताया कि आज प्रात: 9:00 बजे गंगा नदी के जलस्तर एवं डिस्चार्ज की स्थिति गंगा नदी 219.30 (मी.)/188810 क्यूसेक तथा खो नदी 224.35 (मी.)/13786 क्यूसेक रही। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने बाढ़ प्रबंधन तंत्र के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जिला स्तर पर बाढ़ कंट्रोल रूम इमरजेंसी ऑपरेशन संचालित है जिसका दूरभाष नंबर 01342-262295 तथा 01342-263031 है जो 24 घंटे संचालित रहता है, जिस पर क्रमवार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि तहसील स्तर पर कुल पांच बाद नियंत्रण कक्ष स्थापित हैं तहसील बिजनौर का दूरभाष नंबर 01342-264048 तहसील धामपुर 01344-230035 तहसील नगीना 01343-250269 तहसील नजीबाबाद 01341-220419 तथा तहसील चांदपुर में स्थापित बाढ़ नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 01345-220521 है। उन्होंने बताया कि उक्त सभी नंबरों पर बाढ़ से संबंधित कोई भी सूचना अथवा समस्या के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई जा सकती है, जिस पर जिला अथवा तहसील प्रशासन द्वारा तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

### तिरंगा यात्रा की रूपरेखा बनाई



**नगीना।** भारतीय जनता पार्टी नगीना मंडल के आगामी कार्यक्रमों व तिरंगा यात्रा के संदर्भ में पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस नगीना में बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजीत अग्रवाल रहे। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मंडल अध्यक्ष सौरभ मित्तल ने व संचालन महामंत्री पंडित सचिन शर्मा द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि अजीत अग्रवाल ने 13 -14 अगस्त को अपने आसपास स्थित महापुरुषों की मूर्तियों की साफ सफाई, स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा लगाने का आह्वान किया। उन्होंने अपने आसपास रहने वाले सैनिकों व सैनिको के परिजनों को सम्मानित करने की बात कही। इसके अलावा नगर में निकलने वाली तिरंगा यात्रा की रूपरेखा तय कराई। बैठक में पूर्व विधायक सतीश गौतम, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान, मंडल महामंत्री पंडित सचिन शर्मा, ओम प्रकाश सैनी, मंडल उपाध्यक्ष अरुण शर्मा, गर्वित चौधरी, पंकज चौहान, अनुज वर्मा, सोहन सैनी, मंडल मंत्री जितेंद्र राठी, हरमीत मल्होत्रा, अतुल भारती, इंदु ठुकराल पूर्व मंडल अध्यक्ष आदेश चौहान, कोषाध्यक्ष सरिता विश्नोई, जितेंद्र सैनी, मोहित गर्ग, तिलक राज, इमरान, अमन, जनेश्वर सिंह आदि मौजूद रहे।

### स्योहारा में तिरंगा यात्रा 12 को



**स्योहारा।** भाजपा मंडल स्योहारा द्वारा तिरंगा अभियान को लेकर बैठक आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष नीरज राणा ने की जबकि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ दीप सौरभ सदस्य हिंदुस्तानी अकादमी उत्तर प्रदेश सरकार रहे बैठक में मंडल महामंत्री एवं तिरंगा यात्रा संयोजक जयपाल सिंह ने तिरंगा यात्रा को सफल बनाने के लिए महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की मंडल अध्यक्ष नीरज राणा ने सभी पदाधिकारियों व बूथ अध्यक्षों को उनकी जिम्मेदारियां सौंपी और समय पर पालन करने का आह्वान किया मुख्य अतिथि डॉ. दीप सौरभ ने बूथ अध्यक्षों को तिरंगा यात्रा के प्रति उत्साहित किया और कहा कि यह कार्यक्रम देशभक्ति व एकता का प्रतीक है। वही व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा के पुत्र अमित वर्मा ने कहा है कि तिरंगा यात्रा और हमारे राष्ट्रीय तिरंगे से देश की एकता और अखंडता महसूस होती है। हमें अपने देश की एकता को मजबूती देते हुए तिरंगे को प्रमुखता देनी है। अमित कुमार वर्मा ने बताया है कि यह तिरंगा यात्रा 12 अगस्त को रामलीला ग्राउंड से निकल जाएगी है।

# हर घटना काल के भाल पर निशान छोड़ती है: विव्रत सागर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को भगवान श्रेयांश नाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक एवं आचार्य अकम्पनाचार्य के उपसर्ग निवारण दिवस के अवसर पर शहर के जैन धर्मशाला में जैन मुनि विव्रत सागर ने प्रवचन करते हुए कहा कि हर घटना काल के भाल पर निशान छोड़ती है। कुछ चंदन-सी शोभा देती हैं, कुछ कालिख-सी कलंकित करती हैं। कालिख जैसी घटनाओं को स्मरण इसलिए करना चाहिए ताकि वे दोहराई न जाएं।

उन्होने कहा कि ऐसी ही एक घटना तीर्थंकर मल्लिनाथ स्वामी के शासनकाल में माधव देश की उज्जैनी नगरी में हुई। राजा वर्मा धर्मात्मा और मुनियों के सम्मानकर्ता थे, पर उनके चार मंत्री, बृहस्पति, नमूची, बलि और प्र]लादकृजिन धर्म के विरोधी थे। आचार्य अकंपन स्वामी 700 शिष्यों सहित नगर के बाहर पधारे। उनकी तपस्या से बगीचे में सभी ऋतुओं के फल-फूल एक साथ खिल उठे।

राजा दर्शन हेतु निकले, मंत्रियों को साथ आने का आदेश दिया। आचार्य ने सभी मुनियों को सामायिक में लीन रहने का आदेश दिया। राजा ने मौन ध्यानरत मुनियों को प्रणाम किया, पर मंत्रियों ने उनका उपहास किया। राजा ने समझाया कि सच्चे मुनि राजकीय प्रभाव से अप्रभावित रहते हैं।वापसी में राजा ने आहार से लौटते मुनि श्वेतसागर को प्रणाम किया। मंत्रियों ने ताना कसा, मुनि ने प्रत्युत्तर में उनकी अज्ञानता उजागर की। क्रुद्ध मंत्रियों ने शास्त्रार्थ की चुनौती दी, जिसे मुनि पुष्पदंत ने जीत लिया। आचार्य ने प्रायश्चित्त कराया, पर मंत्रियों ने हत्या का षडङंत्र रचा,



जिसे क्षेत्रपाल देव ने विफल किया। राजा ने उन्हें निष्कासित कर दिया। वे हस्तिनापुर जाकर राजा पद्म के मंत्री बने और अवसर पाकर मुनियों पर अष्टमेध यज्ञ के धुएं से उपसर्ग किया। छठे दिन मुनि सागरचंद्र ने यह संकट जानकर शिष्य चिल्लक को विष्णु कुमार मुनि के पास भेजा। उन्होंने वामन रूप में आकर तीन पग भूमि मांगी और मुनियों की रक्षा की। इसके बाद श्रावकों ने धर्म और गुरु रक्षा का संकल्प लेकर कलाई पर धागा बांधा। यही रक्षासूत्र आगे चलकर रक्षाबंधन पर्व बना। धर्म और गुरुओं की रक्षा का प्रतीक। इस अवसर चित्र अनावरण कमल जैन द्वारा, दीप प्रज्वलन मुकेश जैन, राकेश जैन,द्वारा पाद प्रक्षालन मोहित जैन, सुनीता जैन, आशीष जैन, वैशाली जैन, शास्त्र भेंट अनीता जैन, सुमित्रा जैन, निधि जैन, अरुण जैन, अमित जैन, शांति धारा सौरभ जैन, सार्थक जैन, मुख्य लाड़ू संगीता जैन, राकेश जैन द्वारा किया गया।

# ससुरालियों पर लगाया मारपीट करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र की नई बस्ती निवासी एक विवा. हता ने अपने ससुरालियों पर मारपीट कर घर से निकलने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र की नई बस्ती निवासी महिला जुबेदा पत्नी नवाब ने बताया कि उसने



अपनी पुत्री रशीदा की शादी कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी नईम के साथ कई वर्ष पूर्व की थी। आरोप है कि उसका दामाद काम के सिलसिले में घर से बाहर गया हुआ और घर पर उसकी पुत्री अकेली रहती है। पीड़िता का आरोप है की कई दिनों से उसकी पुत्री के साथ ससुराल वाले मारपीट कर रहे थे पीड़िता की पुत्री ने फोन कर जानकारी दी। जब पीड़िता अपनी पुत्री के ससुराल पहुंची तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट करते हुए उसकी पुत्री सहित घर से निकाल दिया। पीड़ित विवाहिता ने अपने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए जान का खतरा बताया है पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# बेंगलुरु में बनेगा देश का दूसरा सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम

- कर्नाटक मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने की घोषणा
- 80,000 दर्शकों की होगी स्टेडियम की क्षमता
- आरसीबी भगदड़ केस के बाद लिया गया फैसला

**बेंगलुरु, वार्ता।** कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने बेंगलुरु के पास नया क्रिकेट स्टेडियम बनवाने की घोषणा की है। इस स्टेडियम में एक साथ 80 हजार दर्शक मैच देख सकेंगे। यह दर्शक क्षमता के हिसाब से अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम के बाद देश का दूसरा सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम होगा। सिद्धारमैया ने कर्नाटक हाउसिंग बोर्ड के सूर्या सिटी, बोम्मासंद्रा में स्टेडियम के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसे 1650 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जाएगा। नया स्टेडियम पहले से मौजूद एम चिन्नास्वामी स्टेडियम से 22 किलोमीटर दूर है। इसे बनाने का फैसला रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विक्ट्री सेलिब्रेशन में मची भगदड़ के बाद लिया गया है। आरसीबी ने पहली बार आईपीएल ट्रॉफी जीती। इसी जीत का जश्न मनाने के लिए 4 जून को चिन्नास्वामी में कार्यक्रम रखा गया था।

इसमें भगदड़ मच गई और 11 लोगों को जान गंवानी पड़ी। स्टेडियम 100 एकड़ में बनाया जाएगा 1,650 करोड़ रुपए की इस परियोजना का पूरा खर्च कर्नाटक हाउसिंग बोर्ड उठाएगा। इसमें सिर्फ क्रिकेट मैदान ही नहीं, बल्कि आठ इनडोर और आठ आउटडोर खेलों की सुविधाएं, आधुनिक जिम, ट्रेनिंग सेंटर, स्विमिंग पूल, गेस्ट हाउस, हास्टल, होटल और अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों के लिए एक कन्वेंशन हाल भी होगा। यह स्टेडियम बेंगलुरु में बीसीसीआई के नए एनसीए जैसा बन सकता है। बड़े आयोजनों के लिए ठीक नहीं है एम. चिन्नास्वामी बेंगलुरु भगदड़ मामले की जांच करने वाले जस्टिस जान माइकल कुन्हा आयोग ने कहा था कि 32,000 दर्शकों की क्षमता वाला एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम, जो सिर्फ 17 एकड़ में फैला है, बड़े आयोजनों के लिए ठीक नहीं है। आयोग ने सलाह दी थी कि ऐसे मैचों को ज्यादा जगह और बेहतर सुविधाओं व पार्किंग वाले स्थानों पर कराया जाए। महाराजा ट्रॉफी 2025 को मैसूर शिफ्ट किया गया 11 अगस्त से शुरू होने वाली घरेलू टी-20 लीग महाराजा ट्रॉफी को मैसूर शिफ्ट कर दिया गया। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ को पुलिस से मंजूरी न मिलने के कारण महाराजा ट्रॉफी का आयोजन मैसूर में कराना पड़ रहा है। इसके बाद से विमेंस वर्ल्ड कप के मैचों और 2026 में यहां आईपीएल मैचों की मेजबानी पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। बेंगलुरु में हुई भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी चिन्नास्वामी स्टेडियम में जून में आरसीबी की आईपीएल जीत के जश्न के दौरान स्टेडियम के आसपास हुई।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### सऊदी अरब स्नूकर मास्टर्स जेद्दा में शुरू



**जेद्दा, वार्ता।** सऊदी अरब स्नूकर मास्टर्स 2025 का सऊदी अरब के जेद्दा में आगाज हुआ, जिसमें दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी जड ट्रम्प और विश्व चैंपियनशिप विजेता झाओ शिनटोंग सहित कई शीर्ष खिलाड़ी शामिल हुए। जड ट्रम्प गत विजेता के रूप में वापसी कर रहे हैं। पिछले साल रियाद में हुए फाइनल में, ट्रम्प ने मार्क विलियम्स के खिलाफ शानदार वापसी की थी और निर्णायक राउंड में 62-0 से पिछड़ने के बाद 72 अंकों की शानदार क्लीयरेंस के साथ 10-9 से जीत हासिल की थी। इस साल के टूर्नामेंट में कुल 144 खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। इस टूर्नामेंट में काइरेन विल्सन, मार्क विलियम्स, जॉन हिगिंस और रोनी ओ' सुलिवन जैसे विश्वस्तरीय सितारे शामिल हैं, साथ ही झाओ शिंटोंग, डिंग जुनहुई, झांग आंदा और सी जियाहुई जैसे अनुभवी और उभरते सितारों से युक्त एक मजबूत चीनी दल भी शामिल है।

### बारिश के चलते ओडीडब्ल्यू व सीडीके का मैच रद्द

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) सीजन 2 का सेंट्रल दिल्ली किंग्स (सीडीके) और आउटर दिल्ली वॉरियर्स (ओडीडब्ल्यू) के बीच शनिवार को खेला जाने वाला मैच लगातार हो रही बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। देर रात से हो रही बारिश के कारण डीपीएल सीजन दो का 14वां मैच बिना एक भी गेंद फेंके रद्द कर दिया गया।

# रमेश बुदिहाल ने रचा इतिहास



- एशियाई सर्फिंग स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने

**चेन्नई, वार्ता।** शीर्ष भारतीय सर्फर रमेश बुदिहाल ने आज यहां से लगभग 50 किलोमीटर दूर महाबलीपुरम में आयोजित एसएफ एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में पहुंचने वाला पहला भारतीय बनकर इतिहास रच दिया। इस स्पर्धा के छठे दिन शानदार प्रदर्शन, असाधारण प्रदर्शन और एक ऐसा क्षण देखने को मिला जो भारत के खेल इतिहास में हमेशा के लिए अंकित हो जाएगा। कल चार भारतीय सर्फरों के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के अभूतपूर्व प्रदर्शन के बाद, आज सभी की निगाहें महाबलीपुरम के प्रसिद्ध राइट-हैंड पॉइंट ब्रेक पर थीं क्योंकि प्रतियोगिता निर्णायक नॉकआउट चरणों में प्रवेश कर गई। ओपन पुरुष क्वार्टरफाइनल और सेमीफाइनल, ओपन महिला सेमीफाइनल, अंडर-18 लड़कों के क्वार्टरफाइनल और अंडर-18 लड़कियों के क्वार्टरफाइनल जैसे प्रमुख हीट के साथ, यह दिन नॉकआउट मुकाबलों, उच्च दबाव वाले प्रदर्शनों और इतिहास रचने वाले क्षणों से भरा रहा। टीम इंडिया ने ओपन पुरुष क्वार्टरफाइनल में तीन सर्फरों के साथ दिन की शुरुआत की और यह एक ऐसा दिन बन गया जो भारतीय सर्फिंग इतिहास में दर्ज हो जाएगा। भारत के शीर्ष सर्फर, रमेश बुदिहाल ने क्वार्टरफाइनल हीट 1 में दबाव में लहरों के चयन और संयम का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और नील सांचेज (पीएचएल) - 12-80 को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया। सेमीफाइनल में आगे बढ़ते हुए, रमेश ने एक सटीक समय पर, उच्च स्कोरिंग प्रदर्शन के साथ अपनी गति बनाए रखी जिससे उन्हें एक तनावपूर्ण हीट में दूसरा स्थान मिला और उन्होंने फाइनल में जगह पक्की कर ली-किसी महाद्वीपीय चैंपियनशिप में यह उपलब्धि हासिल करने वाले वे पहले भारतीय सर्फर बन गए।



# ऑस्ट्रेलिया 'ए' ने इंडिया को हराया

- एलिसा हीली ने 73 व तालिया विल्सन ने 43 रनों की शानदार पारी खेली, किम गार्थ को चार विकेट मिले

**मकाय, वार्ता।** एलिसा हीली (73), तालिया विल्सन (43) की शानदार बल्लेबाजी के बाद किम गार्थ (चार विकेट), एमी एडगर और टेस फ्लिंटॉफ (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर आज ऑस्ट्रेलिया ए महिला टीम ने दूसरे टी-20 मुकाबले में इंडिया ए को 114 रनों से हरा दिया।

188 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंडिया ए टीम की शुरुआत खराब रही और उसने महज तीन रन पर अपने दो विकेट गंवा दिये। उमा छेत्री (शून्य) और शेफाली वर्मा (तीन) पर आउट हुई। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के आक्रमण के आगे इंडिया ए की बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सकीं और पूरी टीम 15-1 ओवर में 73 के स्कोर पर सिमट गई। इंडिया ए की ओर से दिनेश वृंदा ने 21 और मिन्नू मनी 20 रनों की पारी खेली। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सकीं। ऑस्ट्रेलिया ए की ओर से किम गार्थ ने तीन ओवर में सात रन देकर चार विकेट लिए। एमी एडगर और टेस फ्लिंटॉफ को दो-दो विकेट मिले। लूसी हैमिल्टन और सियाना जिंजर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां इंडिया ए महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया के लिए तालिया विल्सन और एलिसा हीली की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 95 रन जोड़े। 11वें ओवर में राधा यादव ने तालिया विल्सन को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। तालिया विल्सन ने 35 गेंदों में छह चौकों की मदद से 43 रन बनाए। इसके बाद राधा यादव ने 15वें ओवर में एलिसा हीली को भी अपना शिकार बनाया। एलिसा हीली ने 44 गेंदों में 12 चौकों की मदद से 70 रनों की पारी खेली। अनिका लीरॉइड ने 21 गेंदों में 35 रन बनाए। कप्तान निकोल फॉल्टम (आठ) रनआउट हुई। ऑस्ट्रेलिया ए टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 187 रनों का स्कोर खड़ा किया। इंडिया ए महिला टीम के लिए राधा यादव ने दो विकेट लिए। प्रेमा रावत ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

# दस भारतीय मुक्केबाजों ने फाइनल में जगह बनाई

- सात महिलाओं सहित दस भारतीय मुक्केबाजों ने अपने-अपने मुकाबले जीते

**बैंकॉक, वार्ता।** सात महिलाओं सहित दस भारतीय मुक्केबाज शुक्रवार को बैंकॉक, थाईलैंड में चल रही अंडर-19 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज करने के बाद स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

महिला मुक्केबाज निशा (54 किग्रा), मुस्कान (57 किग्रा), विनी (60 किग्रा), निशा (65 किग्रा), आरती कुमारी (75 किग्रा), पार्थी टोकस (80+ किग्रा) के साथ-साथ पुरुषों की स्पर्धा में मौसम सुहाग (65 किग्रा), राहुल कुंडू (75 किग्रा) और हेमंत सांगवान (90 किग्रा) फाइनल में पहुंच गए हैं। कृतिका (80 किग्रा) को सीधे फाइनल में प्रवेश मिला है। अंडर-19 और अंडर-22 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप, जो एक साथ आयोजित की जा रही हैं, जो भारत के उभरते सितारों को एशिया के कुछ सबसे कठिन प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अपने कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करने का एक मंच प्रदान करती हैं। भारत ने 40 मुक्केबाजों का एक मजबूत दल उतारा है - प्रत्येक आयु वर्ग में 20 - जिसमें सिद्ध चैंपियन और घरेलू सर्किट में प्रभावित करने वाली संभावित प्रतिभाओं का एक बेहतरीन मिश्रण है।

# न्यूजीलैंड ने जिम्बाब्वे को पारी और 359 रनों से पीटा, तीसरी बड़ी जीत दर्ज की



- जैकरी फॉक्स ने पांच विकेट लेकर बेहतरीन गेंदबाजी की, जिम्बाब्वे दूसरी पारी में 117 पर ढेर

**बुलावायो, वार्ता।** जैकरी फॉक्स (पांच विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन जिम्बाब्वे को दूसरी पारी में 117 रनों पर ढेर कर मुकाबला पारी और 359 रनों से जीत लिया।

इसी के साथ न्यूजीलैंड ने दो मैचों की सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली। यह न्यूजीलैंड की सबसे बड़ी और ओवरऑल टेस्ट इतिहास में तीसरी सबसे बड़ी जीत है। सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड इंग्लैंड के नाम है जिसने ऑस्ट्रेलिया को 1938 में पारी और 579 रन से हराया था।

दूसरी सबसे बड़ी जीत ऑस्ट्रेलिया के नाम है जिसने दक्षिण अफ्रीका को 2002 में पारी और 360 रन से पराजित किया था। न्यूजीलैंड की इससे पहले सबसे बड़ी जीत 2012 में थी जब उसने जिम्बाब्वे को पारी और 301 रन से शिकस्त दी थी। सुबह दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे को मैट हेनरी ने शुरुआत में दो झटके दिये। ब्रायन बेनट (शून्य) और ब्रेंडन टेलर (सात) रन बनाकर आउट हुए। ब्रायन बेनट के आउट होने के बाद बल्लेबाजी करने आये निक वेल्च ने शॉन विलियम्स के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया, लेकिन जेकब डफी ने विलियम्स (नौ) को आउटकर जिम्बाब्वे को तीसरा झटका दिया। इसके बाद कप्तान क्रेग इर्विन ने निक वेल्च के साथ मोर्चा संभाला। मैथ्यू फिशर ने क्रेग इर्विन (17) को आउटकर न्यूजीलैंड को चौथी सफलता दिलाई। इसके बाद जिम्बाब्वे का कोई भी बल्लेबाज न्यूजीलैंड के जैकरी फॉक्स के गेंदबाजी आक्रमण के आगे अधिक देर तक नहीं टिक सका।

# पाक ने वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराया

- हसन नवाज ने नाबाद 63 और कप्तान रिजवान ने 53 रनों की पारी खेली शाहीन को चार विकेट मिले



**टरूबा, वार्ता।** शाहीन शाह अफरीदी (चार विकेट) और नसीम शाह (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद हसन नवाज (नाबाद 63) और कप्तान मोहम्मद रिजवान (53) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर पाकिस्तान ने पहले एकदिवसीय मैच में वेस्टइंडीज को सात गेंदे शेष रहते पांच विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। 281 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 16 के स्कोर पर अपना पहला विकेट सैम अयूब (पांच) के रूप में गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये बाबर आजम ने अब्दुल्लाह शफीक के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 12वें ओवर में शमार जोसेफ ने अब्दुल्लाह शफीक (29) को पगबाधा आउट कर वेस्टइंडीज को दूसरी सफलता दिलाई। बाबर आजम (47) और आगा सलमान (23) रन बनाकर आउट हुए। कप्तान मोहम्मद रिजवान ने 53 रनों की पारी खेली। पाकिस्तान ने 48-5 ओवर में पांच विकेट पर 284 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से जीत लिया। हसन नवाज ने 54 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद 63 रन बनाए। और हुसैन तलत ने 37 गेंदों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 41 रनों की पारी खेली। हसन नवाज को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। वेस्टइंडीज की ओर से शमार जोसेफ ने दो विकेट लिए। जेडेन सील्स, गुडाकेश मोती और रॉस्टन चेज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चार रन के स्कोर पर अपना पहला विकेट ब्रैंडन किंग (चार) के रूप में गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये केसी कार्टी ने एविन लुइस के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट लिए 77 रनों की साझेदारी हुई। सुफियान मकीम ने केसी कार्टी (30) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा।

## आयरलैंड की महिला टीम ने पाकिस्तान को चार विकेट से हराया

**डबलिन, वार्ता।** ऑर्ला प्रेंडरगस्ट (51 रन/एक विकेट), लॉरा डेलनी (42) और रेबेका स्टोकेल (34) की शानदार प्रदर्शन के दम पर आयरलैंड की महिला टीम ने दूसरे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को चार विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ आयरलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। 169 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 35 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गंवा दिये। एमी हंटर (छह), ली पॉल (शून्य) और कप्तान गैबी लुईस (21) रन बनाकर आउट हुईं। ऐसे संकट के समय ऑर्ला प्रेंडरगस्ट और लॉरा डेलनी ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट लिए 76 रनों की साझेदारी हुई। रमीन शमीम ने ऑर्ला प्रेंडरगस्ट को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। ऑर्ला प्रेंडरगस्ट ने 34 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए 52 रनों की पारी खेली। इसके बाद फातिमा सना ने लॉरा डेलनी को आउटकर पाकिस्तान को पांचवीं सफलता दिलाई। लॉरा डेलनी ने 34 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 42 रन बनाए।

# टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में हेड के साथ पारी खेल सकते हैं मार्श

- विश्व कप से पहले टीम के रूप में खिलाड़ियों को लचीला होने की जरूरत : मार्श



**डार्विन, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के टी20 अंतर्राष्ट्रीय कप्तान मिशेल मार्श ने पुष्टि की है कि वह फिलहाल इस प्रारूप में ट्रैविस हेड के साथ पारी की शुरुआत करेंगे। मार्श 2021 से इस प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया के तीसरे नंबर के बल्लेबाज थे और इस कदम का फायदा भी हुआ जब इस ऑलराउंडर ने उस साल टी20 विश्व कप फाइनल में 'मैन ऑफ द मैच' प्रदर्शन किया। हालांकि उन्होंने अगले दो संस्करणों में भी इसी क्रम पर बल्लेबाजी जारी रखी है, 33 वर्षीय यह खिलाड़ी हेड के साथ शीर्ष क्रम में खेलने के लिए पूरी तरह तैयार है।

हालांकि ग्लेन मैक्सवेल ने हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ कैरेबियन दौरे पर हेड की अनुपस्थिति में पारी की शुरुआत की थी, लेकिन यह बाएं हाथ का बल्लेबाज भी अपनी पसंदीदा जगह पर वापसी करेगा। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज से पहले डार्विन में मार्श ने कहा कि निकट भविष्य में मैं और हेडी (ट्रैविस हेड) ही शीर्ष पर रहेंगे। ज़ाहिर है, हम साथ में काफी खेल चुके हैं, हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध हैं, इसलिए (हम) वहीं से शुरुआत करेंगे। विश्व कप से पहले टीम के रूप में, खिलाड़ियों को लचीला होने की जरूरत है, यही संदेश दिया गया है। मार्श द्वारा बल्लेबाजी क्रम को लचीला बनाने की अपील हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ 5-0 की हार के दौरान स्पष्ट रूप से दिखाई दी, जहां मिशेल ओवेन जैसे खिलाड़ी ने हाल के महीनों में टी20 सर्किट में शीर्ष क्रम में अपनी छाप छोड़ने के बावजूद, मध्य क्रम में सहजता से बदलाव किया। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि ऑस्ट्रेलिया के लचीलेपन के कारण टिम डेविड ने उस श्रृंखला में एक मैच में पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 37 गेंदों में शानदार शतक जड़ा। इससे निश्चित रूप से 2021 के चैंपियन को डेविड को लगातार बल्लेबाजी क्रम में ऊपर लाने का एक नया विकल्प दिया है। मार्श ने कहा कि हमने इस बारे में बात की है, हमने कैरेबियन में देखा है कि वह (डेविड) सामान्य से पहले बल्लेबाजी करने आए थे। उनका कौशल इसके लिए बना है। उम्मीद है कि वह जितनी ज्यादा गेंदों का सामना करेंगे, उतने ही ज्यादा मैच हमारे लिए जीतेंगे। गेंदबाजी के मामले में अपनी प्रगति के बारे में मार्श ने स्वीकार किया कि वह फिलहाल सिर्फ बल्लेबाज के रूप में ही खेलेंगे, लेकिन उन्होंने भविष्य में गेंदबाजी की जिम्मेदारी में वापसी की संभावना से इनकार नहीं किया है। उन्होंने स्वीकार किया कि मेरे लिए गेंदबाजी फिलहाल ऑफलाइन है, लेकिन यह हमेशा के लिए ऑफलाइन नहीं है। इस समय यह सीरीज दर सीरीज होगी, हमारे पास कई विकल्प हैं। उन्होंने आगे कहा कि विश्व कप में अभी 15 मैच बाकी हैं, इसलिए हम अपनी मनचाही शैली पर काम करते रहेंगे, यह सुनिश्चित करेंगे कि हमारे खिलाड़ी हर पल का आनंद लें और सीरीज जीतें।

## फलस्तीनी फुटबॉलर सुलेमान अल ओबेद की इजरायली सेना के हमले में मौत



**यरुशलम, वार्ता।** फलस्तीन राष्ट्रीय टीम के पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी सुलेमान अल ओबेद (पेले) की इजरायली सेना के हमले में मौत हो गई है।

पीएफए ने बताया कि पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी 41 वर्षीय सुलेमान अल-ओबेद की दक्षिण गाजा में मानवीय सहायता का इंतजार करते समय इजरायली सेना के हमले में मारे गये। वह फलस्तीनियों के बीच पेले के नाम से मशहूर थे। उनके परिवार में पीछे पत्नी और पांच बच्चे हैं। सुलेमान अल-ओबेद ने अपने फुटबॉल करियर की शुरुआत खादमत अल-शाती के साथ की थी, बाद में उन्होंने पश्चिमी तट पर मरकज शबाब अल-अमरी और गाजा स्पोर्ट के लिए खेला।

इस दौरान उन्होंने 100 से अधिक गोल किए। यही से उन्हें पेले उपनाम मिला। पीएफए ने बताया कि उन्होंने 2007 में फिलिस्तीन के लिए राष्ट्रीय टीम में पदार्पण किया और 24 मैच जीते और दो गोल किए। इनमें से एक गोल 2010 पश्चिम एशियाई फुटबॉल महासंघ चैंपियनशिप के दौरान यमन के खिलाफ कैंची किक के रूप में किया गया था। पीएफए ने कहा कि अक्टूबर 2023 से अब तक खेल क्षेत्र से जुड़े 662 लोग मारे जा चुके हैं, जिनमें फुटबॉल समुदाय के 321 लोग शामिल हैं।

## बोडोलैंड एफसी ने पंजाब एफसी को हराकर ग्रुप डी में शीर्ष स्थान हासिल किया

**कोकराझार, वार्ता।** स्थानीय टीम बोडोलैंड एफसी ने कोलंबियाई स्ट्राइकर रॉबिन्सन ब्लैंडन रेंडन के दूसरे हाफ में किए गए गोल की बदौलत आईएसएल टीम पंजाब एफसी को उसके घरेलू दर्शकों के सामने हराकर 134वें इंडियन ऑयल डूरंड कप के ग्रुप डी में शीर्ष स्थान हासिल किया। यह मैच यहां साई स्टेडियम में खेला गया। इस हार के साथ, पिछले साल की क्वार्टर फाइनलिस्ट पंजाब एफसी दो मैचों में चार अंकों के साथ ग्रुप चरण का अभियान समाप्त करने के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गई, जबकि बोडोलैंड एफसी के दो मैचों में छह अंक हैं। बोडोलैंड एफसी के मुख्य कोच विकास पंथी ने अपनी शुरुआती लाइन-अप में एक बदलाव करते हुए घाना के अब्दुल समद अंगो को दानस्वरांग बसुमतारी की जगह 4-2-3-1 फॉर्मेशन में शामिल किया।

# ट्रम्प ने आर्मेनिया-अजरबैजान की जंग खत्म कराई

## विवादित जमीन पर कारिडोर बनाने पर दोनों देशों में बनी सहमति, ट्रम्प रूट होगा नाम



■ डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष रुकवाने का दावा किया
■ आर्मेनिया और अजरबैजान के अलावा ट्रम्प अब तक दुनियाभर में छह और जंग खत्म करवाने का दावा कर चुके हैं

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने आर्मेनिया और अजरबैजान के बीच 37 साल पुरानी जंग को खत्म कराने के लिए समझौता करा दिया है। अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव और आर्मेनियाई प्रधानमंत्री निकोल ने ट्रम्प की मौजूदगी में शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए। दोनों देशों में विवादित इलाके के लिए एक ट्रांजिट कारिडोर बनाने पर सहमति बनी है।

इस कारिडोर को ट्रम्प रूट फार इंटरनेशनल पीस एंड प्रास्पेरिटी नाम दिया जाएगा। यह कारिडोर अजरबैजान को उसके नखचिवान एंक्लेव इलाके से जोड़ेगा, जो आर्मेनिया से होकर गुजरेगा। दोनों नेताओं ने ट्रम्प और उनकी टीम को इसका श्रेय दिया और कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति को नोबेल शांति पुरस्कार मिलना चाहिए। इस दौरान ट्रम्प ने एक बार भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष रुकवाने का दावा किया। उन्होंने कहा कि दोनों एक दूसरे के खिलाफ बड़े संघर्ष में उलझे हुए थे। आर्मेनिया और अजरबैजान के अलावा ट्रम्प अब तक दुनियाभर में 6 और जंग खत्म करवाने का दावा कर चुके हैं। ट्रम्प प्रशासन ने इस साल की शुरुआत में दोनों देशों के साथ वार्ता शुरू की थी।

समझौते के बाद अगले हफ्ते से ट्रम्प रूट पर रेल, तेल-गैस पाइपलाइन और फाइबर आप्टिक लाइन विकसित करने पर बातचीत शुरू होगी। इसके अलावा, अमेरिका के साथ ऊर्जा, तकनीक और अर्थव्यवस्था में सहयोग बढ़ाने के अलग-अलग समझौते भी हुए हैं। साथ ही आर्मेनिया और अजरबैजान ने एक पत्र पर हस्ताक्षर कर ओएससीई मिन्स्क ग्रुप को भंग करने की मांग की है। यह ग्रुप 1990 के दशक में रूस, फ्रांस और अमेरिका की अगुआई में इस विवाद का मध्यस्थ था।

### व्यापार, यात्रा और राजनयिक संबंधों के 'द्वार खुलेंगे': ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने घोषणा की कि आर्मेनिया और अज़रबैजान के बीच अमेरिका 'आखिरकार शांति स्थापित करने में सफल' हो गया है। उन्होंने कहा कि इस शांति समझौते से दोनों देशों के बीच व्यापार, यात्रा और राजनयिक संबंधों के 'द्वार खुलेंगे'। ट्रम्प ने कहा कि इस समझौते के होने से हम अंततः शांति स्थापित करने में सफल हुए हैं, और हम अभी ओवल ऑफिस (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक कार्यालय) से निकले हैं, जहां हमने समझौते के कई महत्वपूर्ण दस्तावेज़ों पर हस्ताक्षर किए हैं। व्हाइट हाउस में अज़रबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव और आर्मेनियाई प्रधानमंत्री निकोल पाशिनयान के समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद ट्रम्प ने इसे 'एक महत्वपूर्ण संयुक्त शांति घोषणा' बताते हुए कहा कि 35 साल से लड़ाई चल रही थी, और अब वे दोस्त हैं। दोनों देश-आर्मेनिया और अज़रबैजान हमेशा के लिए सभी युद्ध रोकने, व्यापार, यात्रा और राजनयिक संबंधों को खोलने और एक-दूसरे की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मध्यस्थता प्रक्रिया में दृढ़ विश्वास व्यक्त करते हुए, ट्रम्प ने कहा कि मुझे लगता है कि आप दोनों के बीच अच्छे संबंध होंगे और अगर ऐसा नहीं होता है, तो मुझे फ़ोन करें। ट्रम्प ने ज़ोर देकर कहा कि इस पहल को अमेरिका के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के निवेश का समर्थन प्राप्त होगा, जिससे पश्चिम एशियाई देशों और वाशिंगटन दोनों को ही पर्याप्त आर्थिक लाभ होगा।

समझौते से पहले ट्रम्प ने आर्मेनिया, अज़रबैजान, अमेरिका और पूरी दुनिया के लिए ऐतिहासिक दिन बताया। ट्रम्प ने कहा था कि यह शिखर सम्मेलन दक्षिण काकेशस क्षेत्र की संभावनाओं को पूरी तरह खोलने में मदद करेगा। ट्रम्प ने अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफार्म पर कहा-1920 के दशक में, सोवियत संघ ने आर्मेनिया और अजरबैजान पर कब्ज़ा कर लिया था। 1980 के दशक के दौरान सोवियत संघ का शासन कमजोर हुआ। इसके बाद 1988 में नागोर्नो-काराबाख की संसद ने आर्मेनिया के साथ जाने का फैसला किया। इससे इलाके में रहने वाले अजरबैजानी लोगों का गुस्सा बढ़ गया। दोनों समुदायों के बीच 1991 में हिंसक झड़पें तेज़ हो गई। आर्मेनियाई लोग ईसाई हैं, जबकि अज़रबैजानी तुर्किश मूल के मुस्लिम हैं। इन धार्मिक और सांस्कृतिक अंतरों ने दोनों समुदायों के बीच अविश्वास और टकराव को बढ़ाया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर सांस्कृतिक विरासत और मस्जिदों-चर्चों को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया।



नई दिल्ली। आईटीओ पर बारिश के बीच जलभराव वाली सड़क से गुजरते वाहन।

# प्रवासियों के जबरन निर्वासन की समस्या से जूझ रहा अफगान

**काबुल।** अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) ने कहा है कि अफगानिस्तान पड़ोसी देशों से प्रवासियों के जबरन निर्वासन की सबसे बड़ी मुश्किलों से जूझ रहा है, जहां इसी वर्ष अब तक निर्वासित 15 लाख अफगानियों को वापस लाया गया है। अफगान प्रवासियों को निर्वासित करने के पाकिस्तान के फैसले का ज़िक्र करते हुए संगठन ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समर्थन के बिना अफगानिस्तान को एक गंभीर संकट का सामना करना पड़ेगा। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के उप प्रवक्ता फ़रहान हक़ ने कहा कि अफनिस्तान हाल के इतिहास में सबसे बड़े मुश्किलों में से एक का सामना कर रहा है, इसलिए अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन तत्काल अंतर्राष्ट्रीय समर्थन का आह्वान कर रहा है। सितम्बर 2023 से ईरान और पाकिस्तान से 40 लाख से ज्यादा अफगान लौट चुके हैं, जिनमें से 15 लाख से जयादा अकेले 2025 में लौटे हैं। इस बीच संयुक्त राष्ट्र महिला ने एक रिपोर्ट में कहा है कि पड़ोसी देशों से निर्वासित प्रवासियों में लगभग आधी संख्या महिलाओं और लड़कियों की है।

# हमास इजरायली बंधकों को रिहा करने को तैयार

■ नेतन्याहू के गाजा पर कब्जा करने के प्लान पर कहा: यह पिकनिक नहीं भारी कीमत चुकानी होगी

**गाजा/ तेल अवीव।** फलस्तीन का उग्रवादी संगठन हमास सभी बंधकों की रिहाई के लिए इजरायल के साथ एक व्यापक समझौता करने को तैयार हो गया है। इसके साथ ही उसने कहा कि इजरायल ने गाजा पर कब्जा करने कोशिश की तो भारी कीमत चुकानी, यह कोई पिकनिक नहीं होगी। हमारे लोगों का विरोध रुकेगा नहीं, नेतन्याहू की प्लानिंग फेल हो जाएगी।

इससे पहले इजरायल की सुरक्षा कैबिनेट ने गाजा पट्टी के उत्तरी इलाके में मौजूद गाजा सिटी पर कब्जे के लिए इजरायली सेना को मंजूरी दी थी। पीएम नेतन्याहू के आफिस ने बयान जारी कर इसकी पुष्टि की है। करीब 10 घंटे चली बैठक के बाद बयान जारी किया गया था, जिसमें कहा गया कि कैबिनेट के ज्यादातर सदस्य इस योजना के पक्ष में हैं। नेतन्याहू सरकार के कट्टरपंथी मंत्री गाजा पर सैन्य शासन लागू कर फिर से यहूदियों की बस्तियों की स्थापना करने की मांग कर रहे हैं। इजरायल की योजना का मकसद गाजा शहर में उन इलाकों में घुसना है, जहां हमास के कब्जे में अभी भी कई बंधक होने की आशंका है। ये वो इलाके हैं जहां अब तक इजरायली सेना ने बड़े पैमाने पर कार्रवाई नहीं की है। इजरायली सेना (आईडीएफ) का कहना है कि गाजा के लगभग 75 प्रतिशत हिस्से पर उसका नियंत्रण है। गाजा पट्टी उस 25 प्रतिशत इलाके में है, जो आईडीएफ के कब्जे में नहीं है।

# ट्रम्प के टैरिफ का हुआ उल्टा असर: जॉन बोल्टन

## पूर्व अमेरिकी एनएसए बोले: अमेरिका की बरसों पुरानी मेहनत बर्बाद हुई

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जान बोल्टन ने कहा कि ट्रम्प की नीतियों से भारत, अमेरिका से दूर होता जा रहा है। सीएनएन को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने ट्रम्प सरकार की टैरिफ नीतियों को 'भारी भूल' बताया और कहा कि अमेरिका ने रूस और चीन को भारत से दूर रखने के लिए कई साल से कोशिश की थी लेकिन अब वह कोशिश कमजोर पड़ चुकी है। बोल्टन ने आशंका जाहिर की है कि रूस को कमजोर करने के लिए भारत पर लगाया गया एक्स्ट्रा टैरिफ कहीं उल्टा न पड़ जाए।

इससे भारत, रूस और चीन के करीब आ सकता है। बोल्टन ने कहा कि भारत पर टैरिफ लगाने का मकसद रूस को नुकसान पहुंचाना है, लेकिन नतीजा यह हो सकता है कि भारत, रूस और चीन एकजुट होकर इन टैरिफ का विरोध करें। बोल्टन बोले: दोस्त-दुश्मन पर एक जैसा टैरिफ लगाना 'गलती' जान बोल्टन ने पहले भी अमेरिकी अखबार द हिल में लिखा था कि व्हाइट हाउस टैरिफ और अन्य शर्तों में चीन के प्रति



■ भारत हमसे दूर होकर चीन-रूस के पास जा रहा

भारत से ज्यादा नरमी दिखा रहा है, जो कि एक गंभीर गलती होगी। उनके मुताबिक 'दोस्त और दुश्मन दोनों पर एक समान टैरिफ लगाने' से अमेरिका का वो भरोसा और आत्मविश्वास कमजोर हुआ है, जिसे बनाने में दशकों लगे थे, और बदले में बहुत कम आर्थिक फायदा मिला है, जबकि बड़े नुकसान का खतरा बढ़ गया है। बोल्टन ट्रम्प के पिछले कार्यकाल में अमेरिकी सरकार में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार थे। वे पिछले कुछ महीनों से ट्रम्प की नीतियों की लगातार आलोचना कर रहे हैं। उन्होंने पिछले महीने कहा था कि अमेरिकी सरकार बिजनेस और सुरक्षा के मुद्दों को अलग-अलग तरीके से देख रही है, जबकि भारत जैसे देशों के लिए दोनों चीजें जुड़ी हुई हैं।

अमेरिकी विदेश नीति विशेषज्ञ क्रिस्टोफर पैडिला ने भी चेतावनी दी कि यह टैरिफ भारत-अमेरिका संबंधों को लंबे समय तक नुकसान पहुंचा सकते हैं। भारत हमेशा अमेरिका को शक की निगाह से देखेगा और कभी भी इन टैरिफ को नहीं भूलेगा। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने शुक्रवार को दावा किया था कि टैरिफ से शेयर बाजार में जबरदस्त बढ़ोतरी हो रही है और हर दिन नए रिकार्ड बन रहे हैं। साथ ही, सैकड़ों अरब डालर देश की तिजोरी में आ रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर कहा कि अगर किसी अतिवादी वामपंथी कोर्ट ने इस वक्त टैरिफ के खिलाफ फैसला सुनाया तो इतनी बड़ी रकम और सम्मान को वापस पाना मुश्किल होगा।

# डोनाल्ड ट्रम्प अगले सप्ताह अलास्का में पुतिन से मिलेंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के लिए संभावित शांति समझौते की शर्तों का पूर्वावलोकन करने के बाद अगले शुक्रवार को अलास्का में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करेंगे।

ट्रम्प ने शुक्रवार को ट्रुथ पर एक पोस्ट किया कि अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में मेरे और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच बहुप्रतीक्षित मुलाकात अगले शुक्रवार, 15 अगस्त, 2025 को अलास्का में होगी। उन्होंने बताया कि बैठक से जुड़ी जानकारियां जल्द बताई जाएंगी। ट्रम्प पहले ही कह चुके हैं कि वह पुतिन से जल्द मिलकर यूक्रेन युद्ध खत्म करने पर बात-चीत करना चाहते हैं। अमेरिका और रूस के राष्ट्रपति आखिरी बार जून 2021 में मिले थे। उस वक्त तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और पुतिन ने जिनेवा में मुलाकात की थी।

ट्रम्प के अपने रूसी समकक्ष के साथ संबंध एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है, जो 2015 से अमेरिका बार नहीं हुए हैं और 2018 से ट्रंप से नहीं मिले हैं। ट्रंप समेत अमेरिकी अधिकारियों ने यूरोपीय नेताओं और यूक्रेनी अधिकारियों को रूसी राष्ट्रपति द्वारा यूक्रेन में युद्ध रोकने के लिए प्रस्तावित योजना के बारे में जानकारी दी है, जिसके बदले में यूक्रेन द्वारा महत्वपूर्ण क्षेत्रीय रियायतें दी जाएंगी। बुधवार को मॉस्को में एक बैठक में पुतिन ने ट्रंप के विदेश दूत स्टीव विटकॉफ के समक्ष प्रस्तुत योजना के अनुसार यूक्रेन को पूर्वी डोनबास क्षेत्र-जिसका अधिकांश भाग वर्तमान में रूस के कब्जे में है।

# यूक्रेन के बिना कोई भी शांति समझौता मृत समाधान होगा

## ट्रम्प-पुतिन मुलाकात पर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने दी चेतावनी

**कीव।** अलास्का में होने वाली अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन की मुलाकात को लेकर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने चेतावनी दी है। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन के बिना कोई भी शांति समझौता मृत समाधान माना जाएगा।

15 अगस्त को होने वाली ट्रम्प और पुतिन की मुलाकात में रूस-यूक्रेन युद्धविराम को लेकर चर्चा होने की उम्मीद है। ट्रम्प-पुतिन की मुलाकात को लेकर जेलेंस्की ने कहा कि संविधान में निहित यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता है। स्थाई शांति के लिए वार्ता में यूक्रेन की आवाज को भी शामिल



■ यूक्रेन रूस को उसके किए के लिए कोई पुरस्कार नहीं देगा
■ यूक्रेनी लोग अपनी जमीन पर रूस को कब्जा नहीं करने देने वाले

किया जाना चाहिए। यूक्रेन रूस को उसके किए के लिए कोई पुरस्कार नहीं देगा। यूक्रेनी लोग अपनी जमीन पर रूस को कब्जा नहीं करने देने वाले हैं। जेलेंस्की ने कहा कि कोई भी समाधान जो यूक्रेन के बिना हो, वह शांति के खिलाफ भी है। इससे कुछ हासिल नहीं होगा। ये बेजान समाधान हैं, ये कभी काम नहीं आएंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एलान किया है कि वे रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन से 15 अगस्त को अलास्का में मुलाकात करेंगे। दोनों नेता यूक्रेन युद्ध पर चर्चा करेंगे। ट्रम्प की इस घोषणा के बीच, मोर्चे पर लड़ रहे यूक्रेनी सैनिकों को कूटनीतिक हल की ज्यादा उम्मीद नहीं है। ट्रम्प ने लगभग दो हफ्ते पहले पुतिन को बमबारी रोकने का अल्टीमेटम दिया था और धमकी दी थी कि अगर रूस पीछे नहीं हटता तो अतिरिक्त प्रतिबंध और रूसी तेल खरीदने वाले देशों पर टैरिफ लगाए जाएंगे। रूस की सेना धीरे-धीरे यूक्रेन में आगे बढ़ रही है और शहरों पर लगातार हमले कर रही है। जबकि यूक्रेन एक शांति समझौते के लिए तैयार है। यूक्रेन की शर्त से है कि उसे सैन्य रूप से खोए हुए क्षेत्रों को पुनः वापस दिया जाए। यूक्रेन को डर है कि अगर अमेरिका और रूस अकेले में बातचीत करते हैं तो उसकी बात सुनी नहीं जाएगी। जेलेंस्की ने बताया कि उन्होंने कई यूरोपीय नेताओं से फोन पर बातचीत की, ताकि यूक्रेन को समर्थन मिलता रहे। यूरोपीय देशों ने रूस के हमले का विरोध करते हुए यूक्रेन को समर्थन देने का वादा किया है।

# हथियारों की होड़ से हासिल नहीं की जा सकती शांति और सुरक्षा: गुटेरेस

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने शनिवार को जापान के नागासाकी में परमाणु हमले की चपेट में आकर मरने वाले लोगों को याद किया और मौजूदा भू-राजनैतिक परिस्थितियों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि हथियारों की होड़ से शांति और सुरक्षा हासिल नहीं की जा सकती। गुटेरेस ने कहा कि वह 80 साल पहले 09 अगस्त को नागासाकी पर हुये परमाणु हमले में मारे गए हजारों लोगों को याद करते हैं और उन लोगों के शोक में शामिल हैं जिन्होंने उस दिन अपने प्रियजनों को खो दिया था। उन्होंने उस हमले में जिंदा बच्चे लोगों के प्रति सम्मान व्यक्त किया।

# चीन बोला: पीएम मोदी का स्वागत है

## भारतीय प्रधानमंत्री गलवान झड़प के बाद पहली बार चीन जाएंगे

■ एससीओ समिट में शामिल होंगे

**बीजिंग।** चीन ने कहा है कि वह भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तियानजिन में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के लिए स्वागत करता है। यह पहला मौका होगा जब पीएम मोदी गलवान घाटी में 2020 की झड़प के बाद चीन की यात्रा करेंगे।

चीन से पहले पीएम मोदी 30 अगस्त को जापान पहुंचेंगे। यहां वो भारत-जापान शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। मोदी इससे पहले 2018 में वहां गए थे। बतौर प्रधानमंत्री पीएम मोदी का यह छठा चीन दौरा होगा, जो 70 सालों में किसी भी भारतीय पीएम की सबसे ज्यादा चीन यात्रा है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि, 31 अगस्त से 1 सितम्बर तक होने वाले इस शिखर सम्मेलन में 20 से अधिक देशों के नेता और 10 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रमुख शामिल होंगे। पिछले महीने विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने चीन का दौरा किया था, जहां उन्होंने राष्ट्रपति शी जिनपिंग और विदेश मंत्री वांग ई से मुलाकात की। जयशंकर ने जल संसाधन डेटा शेयर करने, व्यापार प्रतिबंधों, एलएसी पर तनाव कम करने और आतंकवाद और उग्रवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने जैसे मुद्दों पर बात की थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस मुलाकात ने मोदी की चीन यात्रा का रोडमैप तैयार किया था। एस जयशंकर ने पिछले महीने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात कर उन्हें भारत-चीन के रिश्तों में हुई प्रगति के बारे में बताया था। मोदी और जिनपिंग ने आखिरी बार अक्टूबर 2024 में रूस के कजान में ब्रिक्स समिट के दौरान मुलाकात की थी। इस दौरान दोनों के बीच द्विपक्षीय बातचीत भी हुई थी। 50 मिनट की बातचीत में पीएम मोदी ने कहा था कि सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। आपसी विश्वास, आपसी सम्मान और आपसी संवेदनशीलता हमारे संबंधों की नींव बनी रहनी चाहिए। 2024 में कजान समिट के दौरान मोदी और जिनपिंग की बाइलैटरल मीटिंग की फोटो।

# महान नासा अंतरिक्ष यात्री जिम लवेल का निधन

■ जिम लवेल की मृत्यु का कारण अभी स्पष्ट नहीं

**वाशिंगटन।** अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा के कई अंतरिक्ष मिशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले जिम लवेल का 97 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

लवेल 1970 में चंद्रमा पर उतरने के अपने प्रयास को तकनीकी कारण छोड़ने के लिए मजबूर हुए थे। उन्होंने अपोलो 13 मिशन का नेतृत्व किया था। नासा की एक समाचार विज्ञप्ति के अनुसार लवेल का 07 अगस्त को इलिनोइस के लेक फॉरेस्ट में निधन हो गया। उनकी मृत्यु का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुए हैं। अंतरिक्ष यात्री लवेल के परिवार ने गोपनीयता का अनुरोध किया लेकिन एक बयान में कहा कि हमें अपने प्रिय पिता यूएसएन कैप्टन जेम्स ए-'जिम' लवेल, के निधन की घोषणा करते हुए दुख हो रहा है। वह एक नौसेना पायलट और अधिकारी, अंतरिक्ष यात्री, नेता और अंतरिक्ष अन्वेषक रहे थे। परिवार ने अपने बयान में कहा कि हमें उनके अद्भुत जीवन और करियर की उपलब्धियों पर बहुत गर्व है, जिसमें मानव अंतरिक्ष उड़ान में अग्रणी उनके शानदार नेतृत्व ने भी योगदान दिया। गौरतलब है कि अपोलो 13 की कमान संभालने के लिए चुने जाने से पहले लवेल जेमिनी 7, जेमिनी 12 और अपोलो 8 मिशनों पर तीन बार अंतरिक्ष में जा चुके थे।

# नागासाकी पर परमाणु हमले के 80 साल पूरे

## दुनिया में आखिरी बार न्यूक्लियर बम नागासाकी पर गिरा था, जल गए थे 70 हजार लोग जिंदा

**टोक्यो।** जापान के नागासाकी में शनिवार को अमेरिकी परमाणु हमले की 80वीं बरसी मनाई गई। इस मौके पर हमले से बचे हुए लोगों ने कहा कि उनका शहर दुनिया का आखिरी स्थान बने, जहां परमाणु बम गिरा हो। 9 अगस्त 1945 को अमेरिका ने नागासाकी पर परमाणु बम गिराया था। इसमें करीब 70000 लोग मारे गए। इस बम का नाम 'फैटमैन' था। इससे तीन दिन पहले यानी 6 अगस्त को अमेरिका ने हिरोशिमा पर परमाणु बम गिराया था। इस बम का नाम लिटिल बाय था। इसमें 1.4 लाख लोगों की मौत हुई थी। इन हमलों के बाद 15 अगस्त 1945 को जापान ने सरेंडर कर दिया और द्वितीय विश्व युद्ध खत्म हो गया। नागासाकी पर हमले की 80वीं वर्षगांठ के मौके पर पीस पार्क में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चे फूल लिए नजर



आए। नागासाकी पर हमले की 80वीं वर्षगांठ के मौके पर पीस पार्क में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चे फूल लिए नजर आए। नागासाकी शांति प्रतिमा के सामने खड़े होकर लोगों ने हमले के पीड़ितों के लिए प्रार्थना की। नागासाकी प्रशासन ने सभी देशों को समारोह में शामिल होने का निमंत्रण भेजा था। हालांकि चीन ने बिना कारण बताए आने से इन्कार कर दिया। नागासाकी पीस पार्क में आयोजित समारोह में 95 देशों के प्रतिनिधि, जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा और नागासाकी के मेयर शिरो सुजुकी मौजूद रहे। कुल 3 हजार से ज्यादा लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए। पिछले साल यह कार्यक्रम विवाद में आ गया था क्योंकि जापान ने इजराइल को आमंत्रित नहीं किया था, जिसके चलते अमेरिकी राजदूत और कई पश्चिमी देशों के प्रतिनिधि शामिल नहीं हुए थे। इन परमाणु हमलों से बचे 99,130 लोग अभी भी जिंदा है। इन्हें हिबाकुशा कहा जाता है। 1945 के मुकाबले इनकी संख्या सिर्फ एक चौथाई रह गई है और औसत उम्र 86 साल से अधिक है। जिंदा बचे लोगों में से कई लोग हमले के वक्त इतने छोटे थे कि उनकी यादें भी धुंधली हैं। बावजूद इसके वे परमाणु हथियारों के खत्म होने का सपना देख रहे हैं।

# अटलांटा में गोलीबारी में पुलिस अधिकारी और संदिग्ध की मौत

**अटलांटा।** अमेरिका में अटलांटा के एमोरी विश्वविद्यालय में गोलीबारी की एक घटना में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई और पुलिस की गोलीबारी में हमलावर भी मारा गया। गोलीबारी की ये घटना एमोरी विश्वविद्यालय और अमेरिकी सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रीवेन्शन (सीडीसी) के परिसरों के करीब हुई। पुलिस को स्थानीय समयानुसार शाम लगभग 4:50 बजे जानकारी मिली और उसने तुरंत कार्रवाई की। संदिग्ध व्यक्ति गोलीबारी की वजह से सीडीएस फार्मेसी के करीब दूसरी मंजिल पर फंस गया था। सीएनएन की खबर के मुताबिक ये स्पष्ट नहीं हो पाया है कि संदिग्ध व्यक्ति पुलिस की गोली से मरा या उसने खुद अपनी जान ली। अटलांटा के मेयर आंद्रे डिकेंस ने संदिग्ध की मौत की पुष्टि की और आश्वासन दिया कि हमले के दौरान किसी भी नागरिक को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। मेयर ने कहा कि इस समय परिसर में कोई खतरा नहीं है लेकिन जांच अभी भी जारी है। सूत्रों के मुताबिक संदिग्ध सीडीएस भवन को निशाना बनाने के लिए आया था और बताया जाता है कि वह कोविड-19 टीके की वजह से बीमार था। सीएनएन की खबर के मुताबिक सीडीसी के एक कर्मचारी ने देखा कि संदिग्ध व्यक्ति एजेंसी के मुख्यालय में गोली चला रहा है।



# अदिति राव को आईएफएफएम में मिलेगा डाइवर्सिटी इन सिनेमा अवार्ड

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री अदिति राव हैदरी को इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (आईएफएफएम) 2025 में डाइवर्सिटी इन सिनेमा अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। अदिती राव आईएफएफएम 2025 में शिरकत करने जा रही हैं। अदिति एक ऐसी कलाकार हैं जिन्होंने हर मंच और मीडियम पर अपनी अदाकारी से पहचान बनाई है, चाहे वह मेनस्ट्रीम हो या इंडिपेंडेंट सिनेमा, ओटीटी हो या थिएटर, और हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगु जैसी भाषाओं में भी उन्होंने कई दमदार भूमिकाएं निभाई हैं।

उनके इसी बहुआयामी योगदान को सराहते हुए, उन्हें डाइवर्सिटी इन सिनेमा अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। अदिति राव हैदरी ने इस अवसर पर कहा कि मेलबर्न के इस खास फिल्म फेस्टिवल में गेस्ट ऑफ ऑनर बनना और डाइवर्सिटी इन सिनेमा अवॉर्ड पाना मेरे लिए बहुत गर्व और सम्मान की बात है।

मेलबर्न हमेशा से ही बहुत प्यार और अपनापन देने वाला शहर रहा है। यहां आकर सिनेमा के इतने जुनूनी दर्शकों के बीच खुद को सम्मानित होते देखना बेहद खास अनुभव है। मैं बेसब्री से इंतज़ार कर रही हूं उन सभी कलाकारों और सिनेप्रेमियों से मिलने का और इस फेस्टिवल की उर्जा को महसूस करने का। फेस्टिवल की डायरेक्टर मीतू भौमिक लैंगे ने कहा कि अदिति राव हैदरी, शालीनता और कला की सच्ची मिसाल हैं। उनका हर किरदार उनकी बहुमुखी प्रतिभा और गहराई को दर्शाता है। हम बेहद खुश हैं कि वह आईएफएफएम 025 का हिस्सा बन रही हैं और हम उन्हें डाइवर्सिटी इन सिनेमा अवॉर्ड से सम्मानित करेंगे। उनकी मौजूदगी इस साल के आयोजन को और भी यादगार बना देगी।

### मेघा चक्रवर्ती ने स्टार प्लस के रक्षाबंधन स्पेशल में शामिल होने पर जताई खुशी

**मुंबई।** अभिनेत्री मेघा चक्रवर्ती ने स्टार प्लस के रक्षाबंधन स्पेशल शो में शामिल होने पर खुशी जताई है। इस बार स्टार प्लस ने रक्षाबंधन को अपने खास अंदाज़ में मनाया स्टार परिवार बहन का ड्रामा, भाई का स्वैग के साथ।

इस मजेदार और रंग-बिरंगे सेलिब्रेशन में ड्रामा, डांस और दोस्ती का पूरा तड़का देखने को मिला। इस खास मौके पर स्टार परिवार के सदस्य एक साथ जुटे और शुरू हुई झनक के लिए परफेक्ट भाई की तलाश। नए शो इशानी में लीड रोल निभा रही मेघा चक्रवर्ती ने इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने का अपना अनुभव साझा किया।

## वॉर-2 के कई सीन्स पर चली सेंसर बोर्ड की कैंची

**मुंबई।** ऋतिक रोशन, जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी स्टारर फिल्म वॉर-2 14 अगस्त को रिलीज होने जा रही है। रिलीज से पहले सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने फिल्म में कट समेत ऑडियो और वीडियो में कई बदलाव किए हैं। सीबीएफसी ने इस फिल्म को 6 अगस्त को पास किया और फिल्म को UA 16+ सर्टिफिकेट दिया है। हालांकि, सर्टिफिकेट देने से पहले बोर्ड ने फिल्म पर कैंची चलाते हुए कुछ बदलाव करवाए हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, सीबीएफसी ने मेकर्स से 6 जगह पर ऑडियो और विजुअल दोनों में अनुचित संदर्भों को म्यूट करने के लिए कहा है। साथ ही 6 जगहों पर डायलाग को बदला गया है। फिल्म में दो सेकंड का एक सीन भी हटाया गया है, जिसमें किरदार का इशारा सेंसर बोर्ड को गलत लगा। इशारे वाले सीन के ठीक एक मिनट फिल्म में अश्लील डायलाग को भी बदला गया है। इतना ही नहीं सीबीएफसी ने मेकर्स से सेंसुअल सीन पचास फीसदी तक कम करने को कहा है। लगभग 9 सेकंड की सेंसुअल फुटेज को फिल्म से हटाया गया है। माना जा रहा है कि यह कट्स कियारा आडवाणी के बिकिनी सीक्वेंस से जुड़े हैं। वॉर सीरीज की पहली फिल्म अक्टूबर 2019 में आई थी जिसमें ऋतिक रोशन, टाइगर श्राफ, वाणी कपूर, आशुतोष राणा और अनुप्रिया गोयनका थे। वॉर सीरीज की पहली फिल्म अक्टूबर 2019 में आई थी।



## बैदा अब प्राइम वीडियो पर उपलब्ध

**मुंबई।** साइ-फाई सुपरनैचुरल थ्रिलर बैदा अब प्राइम वीडियो पर रेंट पर देखने के लिए उपलब्ध है।

बैदा दर्शकों को एक रहस्यमय और डरावनी यात्रा पर ले जाती है, जिसमें आधुनिक थ्रिल और अलौकिक तत्वों का अनोखा मेल देखने को मिलता है। 21 मार्च 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज़ हुई इस फिल्म को इसकी अनोखी कहानी, दमदार निर्देशन और रोमांचक प्रस्तुतिकरण के लिए खूब सराहा गया है। फिल्म की कहानी उत्तर प्रदेश के एक दूरद. राज़ गांव की है, जहां लगातार रहस्यमई गायब होने की घटनाएं हो रही हैं। यहां एक पूर्व जासूस जो अब एक सेल्समैन बन चुका है, गांव पहुंचता है और खुद को एक रहस्यमई साए पिशाच के चंगुल में फंसा हुआ पाता है। जैसे-जैसे वह एक दूसरी दुनिया में खिचता चला जाता है, सच और झूठ का फर्क उसके लिए धुंधला होने लगता है। गांव वालों के साथ मिलकर वह पुरजोर को. शिश करता है खुद को मौत से बचाने के लिए और पिशाच के रहस्य से पर्दा उठाने के लिए। बैदा उन चुनिदा भारतीय फिल्मों में से है जिस पर यूट्यूब पर कई एक्सप्लेनर वीडियो बनाए गए हैं, जिन्हें लाखों व्यूज़ मिल चुके हैं। खासकर साइंस फिक्शन और सुपरनैचुरल प्रेमियों के बीच इस फिल्म की डिजिटल रिलीज़ का बेसब्री से इंतजार था।

## पति फहाद अहमद को छपरी कहने पर भड़कीं स्वरा भास्कर



**मुंबई।** एक्ट्रेस स्वरा भास्कर और उनके राजनेता-पति फहाद अहमद इस वक्त पति पत्नी और पंगा रियलिटी शो को लेकर सुर्खियों में हैं। शो में फहाद को देखकर एक ट्रोल ने मजाक उड़ाते हुए उन्हें छपरी और डोंगरी का स्ट्रीट वेंडर कह दिया। इस बात पर स्वरा ने भी उस ट्रोल को आड़े हाथों लिया है। स्वरा ने एक्स पर उस यूजर की प्रोफाइल का स्क्रीनशाट शेयर किया है। रो. हित नाम के उस शख्स ने अपने पोस्ट में लिखा था-परिणीति चोपड़ा को अपने पति को पीआर के लिए टाक शो में ले जाते हुए देखने के बाद, स्वरा भास्कर ने भी ऐसा ही करने के बारे में सोचा। वो अपने डोंगरी के छपरी वाले पति को एक रियलिटी शो में ले गई। पीआर तो छोड़िए, उसका पति डोंगरी का कोई रेहड़ी वाला लग रहा था। जवाब में स्वरा स्क्रीनशाट शेयर करते हुए लिखती हैं-यह मूर्ख जो खुद को एक गौरवशाली हिंदू और अंबेडकरवादी दोनों बताता है, उसे यह नहीं पता कि छपरी एक जातिवादी शब्द है। एक अपमान. जनक शब्द जिसका इस्तेमाल उस समुदाय का वर्णन करने के लिए किया जाता है जो छप्पर या फूस की झोपड़ियां बनाते हैं। डोंगरी या कहीं भी स्ट्रीट वेंडर होने में कुछ भी गलत नहीं है, तुम जातिवादी/वर्गवादी और कचरा दिमाग वाले हो। बता दें कि स्वरा और फहाद फिलहाल कलर्स चैनल के रियलिटी शो का पति-पत्नी और पंगा में नजर आ रहे हैं। इस शो को एक्ट्रेस सोनाली बेंद्रे और मुनव्वर फारुकी होस्ट कर रहे हैं। इस शो में फेमस सेलिब्रिटी कपल को दिखाया जाता है। उनके रिश्तों को परख और उनकी केमिस्ट्री को चुनौती दी जाती है।



## ऑडिशन के नाम पर रेस्टोरेंट में रोने को कहा

**मुंबई।** सैयारा फिल्म में अनीत पड्डा की कास्टिंग फेमस कास्टिंग डायरेक्टर शानू शर्मा ने की थी। हाल ही में शानू ने द हालीवुड रिपोर्टर इंडिया के लिए अनुपमा चोपड़ा को एक्सक्लूसिव इंटरव्यू दिया, जिसमें वो अनीत की कास्टिंग प्रोसेस पर बात करते नजर आईं। शानू ने इस इंटरव्यू का अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट भी किया है। अब उस पोस्ट पर 'मिर्जापुर' फेम एक्ट्रेस ईशा तलवार ने कुछ ऐसा कमेंट किया है, जिसने लोगों का ध्यान खींचा। शानू के पोस्ट पर ईशा ने अपने आडिशन का किस्सा शेयर करते हुए नाराजगी जाहिर की है। एक्ट्रेस ने बताया कि कैसे शानू और उनकी टीम ने उनका आडिशन लिया था, जिसकी वजह से उनका कान्फिडेंस पूरी तरह टूट गया था।

वो लिखती हैं- जब मैंने रोल के लिए शानू को आडिशन देना शुरू किया, मुझे मुंबई के वर्सोवा में मिया कुचीना रेस्टोरेंट में एक सीन करने के लिए कहा गया। एक बिजी रेस्टोरेंट के बीच में एक रोने वाला सीन, जिसमें कस्टमर मेरी टेबल के बगल में खाना खा रहे थे। मुझे कहा गया कि एक एक्टर के रूप में मुझमें कोई संकोच नहीं होना चाहिए और इसलिए मुझे शानू और उसके कुछ असिस्टेंट के सामने बैठकर रोने वाला सीन करना चाहिए। यह एक बहुत ही कंफ्यूजिंग और अजीब डिमांड थी।

इसने फिल्मों में एक यंग लड़की के तौर पर मेरे कान्फिडेंस को बुरी तरीके से तोड़ दिया। मैं समझ नहीं पा रही थी कि एक सीनियर कास्टिंग डायरेक्टर को एक यंग लड़की को इस स्थिति से क्यों गुजारना है। वो आगे लिखती हैं- उचित तो यह होता कि एक्टर को आडिशन देने के लिए एक अच्छा कास्टिंग आफिस प्लेस दिया जाए।


अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com







## नवम्बर में आएगा राजामौली का बड़ा सरप्राइज

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने फिल्मकार एस एस राजामौली ने बताया है कि उनकी फिल्म का खुलासा नवम्बर 2025 में होगा।

एस एस राजामौली वाकई भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के सबसे बड़े निर्देशकों में से एक हैं। अपने शानदार विज़न के साथ उन्होंने बाहुबली फ्रैंचाइज़ और आरआरआर जैसी अब तक की सबसे बड़ी और लाजवाब ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रचने से लेकर पैन-इंडिया फिल्मों का ट्रेंड तय करने तक, वे भारतीय सिनेमा की दिशा बदलने वाले शख्स हैं। जहां दर्शक हमेशा यह जानने को उत्सुक रहते हैं कि उनकी की अगली फिल्म क्या होगी, वही अब उन्होंने सुपरस्टार महेश बाबू के साथ अपने अगले प्रोजेक्ट को लेकर एक हिट दे दिया है। उन्होंने मेगा अनाउंसमेंट करते हुए बताया कि इस फिल्म से जुड़ा बड़ा खुलासा नवम्बर 2025 में होगा। हाल ही में एस एस राजामौली ने सुपरस्टार महेश बाबू के साथ अपनी चर्चित आने वाली फिल्म को लेकर एक मेगा अनाउंसमेंट कर सबको चौंका दिया।

इस फिल्म के भव्य पैमाने ग्लोबट्रॉटर का जिक्र करते हुए उन्होंने नवम्बर 2025 में एक ऐसा खुलासा करने की बात कही। उन्होंने सस अपने सोशल मीडिया पर एक असरदार तस्वीर शेयर की, जिसमें एक व्यक्ति के सीने पर एक लटकता हुआ लॉकेट नजर आ रहा था। इसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा द फर्स्ट रिवील इन नवम्बर 2025 ग्लोब ट्रॉटर इसके अलावा, उन्होंने एक नोट भी शेयर किया, जिसमें लिखा था, प्रिय भारत और दुनिया भर के सिनेमा प्रेमियों, साथ ही महेश के फैंस, काफी समय हो गया है जब से हमने शूटिंग शुरू की है और हम आपके इस फिल्म को लेकर उत्साह की सराहना करते हैं, लेकिन इस फिल्म की कहानी और दायरा इतना बड़ा है कि मुझे लगता है, सिर्फ तस्वीरें या प्रेस कॉन्फ्रेंस इसके साथ न्याय नहीं कर सकते। हम इस समय कुछ ऐसा तैयार कर रहे हैं, जो हम जिस दुनिया को बना रहे हैं, उसकी असलियत, गहराई और अनुभव को दर्शा सके। इसे हम नवम्बर 2025 में पेश करेंगे और हम इसे एक ऐसा खुलासा बनाने की कोशिश में हैं, जो पहले कभी नही देखा गया हो। आप सभी के धैर्य के लिए धन्यवाद। कैप्शन में आगे लिखा है,मेरे सभी ग्लोब ट्रॉटर के चाहने वालों के लिए। इस ऐलान ने एक बार फिर एसएस राजामौली के नवम्बर 2025 में होने वाले बड़े खुलासे को लेकर लोगों की उत्सुकता बढ़ा दी है। जहां उनके सुपरस्टार महेश बाबू के साथ अगले प्रोजेक्ट को लेकर पहले से ही काफी बातें हो रही हैं, वहीं यह ऐलान न सिर्फ इन चर्चाओं को और बढ़ाएगा बल्कि उत्साह को भी अपने ऊंचे स्तर पर पहुंचा देगा। अब देखना है कि पर्दा किस रूप में उठता है।

